भोपाल
शुक्रवार, 11 जुलाई 2025
श्रावण मास कृष्ण पक्ष-01
वर्ष : 12, अंक : 101
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 28
न्यून. 24


# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


विश्व जनसंख्या दिवस आज

बढ़ती आबादी पर विचार का समय



**आज से श्रावण मास शुरू**

◆ *इस बार बाबा महाकाल के छह स्वरूप होंगे, 18 अगस्त को अंतिम राजसी सवारी श्री सप्तधान मुखारविंद स्वरूप में निकाली जाएगी, जिसमें बाबा का राजसी श्रृंगार किया जाएगा*

# महाकाल की सवारी इस बार 14 जुलाई से लेकर 18 अगस्त तक हर सोमवार को निकाली जाएगी

हरिभूमि न्यूज ⏭उज्जैन

उज्जैन की महाकाल सवारी 2025 में महाकाल हर बार की तरह इस बार भी नगर भ्रमण पर निकलकर अलग-अलग रूपों में भक्तों को दर्शन देंगे। सावन-भादों माह में बाबा महाकाल की सवारी निकलेगी। इसके लिए प्रशासन और महाकालेश्वर मंदिर समिति नें सारी तैयारी पूरी कर ली है। महाकाल की ये सवारी इस बार 14 जुलाई से लेकर 18 अगस्त तक हर सोमवार को निकाली जाएगी।

» *सभी सवारियां श्रद्धा और उत्साह के साथ निकाली जाएंगी*

» *प्रशासन और महाकालेश्वर मंदिर समिति ने सारी तैयारी पूरी की*



**प्रथम सवारी**

भगवान श्री महाकालेश्वर 14 जुलाई को पालकी में श्री मनमहेश रूप में विराजित होंगे। जो भक्तों के मन को मोह ले वह स्वरूप श्री मनमहेश का होता है। इनके दर्शन द्वितीय सवारी: 21 जुलाई पालकी में श्री चंद्रमोलेश्वर। शिव के मस्तक पर जो चंद्रमा विराजमान है। वह स्वरूप चंद्रमोलेश्वर कहलाता है। इस स्वरूप के दर्शन करने से चंद्र संबंधित दोष का निवारण होता है।

**द्वितीय सवारी**

28 जुलाई को गरुड़ रथ पर श्री शिव तांडव। यह बाबा महाकाल का मस्ताना स्वरूप है, जिसके दर्शन करने मात्र से जीवन में खुशियां ही खुशियां आती हैं।

**तृतीय सवारी**

चार अगस्त नंदी रथ पर श्री उमा महेश। यह बाबा महाकाल और मां पार्वती का एक ऐसा स्वरूप है, जिनके दर्शन करने से पति-पत्नी के जीवन में श्रद्धा और विश्वास बढ़ता है।

**चतुर्थ सवारी**

11 अगस्त रथ पर श्री होलकर स्टेट। यह बाबा महाकाल का ऐसा स्वरूप है, जिसमें बाबा महाकाल अपने भक्तों को भक्त के रूप में ही दर्शन देते हैं।

**अंतिम राजसी सवारी**

*18 अगस्त रथ पर श्री सप्तधान मुखारविंद के रूप में भगवान विराजित होंगे। मनुष्य के जीवन का चक्र पूरे सात दिनों का होता है। इस स्वरूप में धान के माध्यम से बाबा महाकाल का श्रृंगार किया जाता है और भक्त बाबा महाकाल के राजसी स्वरूप के दर्शन कर अपने आपको धन्य महसूस करते हैं।*






## खबर संक्षेप

### इंदौर से बंद फ्लाइट शुरू दिल्ली के लिए भी उड़ान

**इंदौर।** इंदौर से बेंगलुरू और हैदराबाद के लिए जून में बंद हुई एक-एक फ्लाइट का संचालन



अब दोबारा शुरू हो रहा है। एयर इंडिया एक्सप्रेस ने इंदौर से बेंगलुरू और इंदौर से हैदराबाद के लिए संचालित होने वाली फ्लाइट का संचालन जून माह में बंद कर दिया था। वहीं, इंदौर से दिल्ली के लिए एयर इंडिया एक्सप्रेस एक नई फ्लाइट भी शुरू कर रही है। उड़ानों के ज्यादा विकल्प मिल रहे हैं।

### रैबीज के तीन इंजेक्शन लगे, फिर भी मौत

**रीवा।** यहां एक बच्चे को एंटी रैबीज के 3 इंजेक्शन लग गए थे, इसके बावजूद उसकी जान नहीं



बची। डॉक्टर्स का कहना है कि बच्चे के गले के पास कुत्ते ने काटा था जिससे उसके ब्रेन में जहर पहुंचा था और इसी कारण उसकी जान नहीं बचाई जा सकी। मनिकवार में रहने वाला नितिन नट 14 मौसी के घर आया था। तभी 16 जून को कुत्ते ने उसके गले में काट लिया।

### शुभांशु 14 जुलाई को धरती पर लौटेंगे: नासा

**नई दिल्ली।** अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला और एक्सिओम-4 मिशन के चालक दल के तीन अन्य



सदस्य 14 जुलाई को आईएसएस से पृथ्वी पर लौटने के लिए तैयार हैं। नासा के कमर्शियल क्रू प्रोग्राम के मैनेजर स्टीव स्टिच ने गुरुवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि हमें उस मिशन को अनडॉक करना होगा और इसका लक्ष्य 14 जुलाई है।

### टेनिस खिलाड़ी राधिका को पिता ने गोली मारी, मौत

**गुरुग्राम।** सेक्टर-57 के घर में गुरुवार की सुबह पूर्व राज्य स्तरीय महिला टेनिस खिलाड़ी राधिका



यादव को उसके पिता दीपक यादव ने गोली मारकर हत्या कर दी। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि टेनिस खिलाड़ी के अकेडमी चलाने पर नाराजगी के चलते आरोपी पिता ने गोली मारी। राधिका को गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान मौत हो गई।

प्रदेश के छात्र-छात्राओं के लिए स्कूल आना-जाना हो जाएगा बेहद आसान

सीएम डॉ. यादव ने प्रतीक स्वरूप 50 विद्यार्थियों को किया साइकिल का वितरण, प्रदेशभर में 4 लाख 30 हजार साइकिलें बांटी गईं

# शत-प्रतिशत परिणाम वाले स्कूलों को मिलेगा 5-5 लाख रुपए का 'इनाम'

कहा-सरकारी स्कूलों ने पढ़ाई में निजी स्कूलों को पीछे छोड़ा

सीएम डॉ. यादव ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण और रोजगारपरक शिक्षा ही किसी देश की मजबूती का आधार है। बेहतर शिक्षा के बूते ही भारत आज दुनिया का सबसे बड़ा गणतंत्र बनकर प्रगति के पथ पर अग्रसर है

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम के लिए महू, देवास, नरसिंहपुर के स्कूलों को बेहतर शैक्षणिक प्रबंधन विकास के लिए 5-5 लाख रुपए दिए जाएंगे। प्रदेश में 369 सांदीपनि विद्यालय संचालित हो रहे हैं।

जहां शिक्षा केवल किताबों तक सीमित नहीं है, स्कूल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के केंद्र बनकर उभरे हैं। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को शासकीय कमला नेहरू सांदीपनि विद्यालय में आयोजित गुरु पूर्णिमा महोत्सव को संबोधित करते हुए कही। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश के सभी शिक्षकों एवं छात्रों को गुरु पूर्णिमा महोत्सव की शुभकामानाएं देते हुए कहा कि गुणवत्तापूर्ण और रोजगारपरक शिक्षा ही किसी देश की मजबूती का आधार है। बेहतर शिक्षा के बूते ही भारत आज दुनिया का सबसे बड़ा गणतंत्र बनकर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। हमारी वसुधैव कुटुबंकम की भावना से ऋषि-मुनियों के काल में भारतीय ज्ञान ▸▸शेष पेज 6 पर ▸▸पढ़ें पेज 5 भी

**सीएम के ऐलान**

सरकार अगले सत्र में बच्चों को यूनिफॉर्म तैयार करवाकर बांटेगी

अगले साल लगभग 1 लाख लैपटॉप बांटे जाएंगे

मुख्यमंत्री ने गुरु पूर्णिमा महोत्सव में गुरुजनों का किया सम्मान

*सीएम ने कमला नेहरू सांदीपनि कन्या विद्यालय के 36 करोड़ रुपए की लागत से तैयार नवनिर्मित भवन का लोकार्पण भी किया*



विद्यार्थियों ने एक धुन में साइकिल की घंटी बजाकर प्रसन्नता व्यक्त की

डॉ. यादव ने समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत स्कूली बच्चों को निःशुल्क साइकिल वितरण के 2 दिवसीय अभियान का शुभारंभ करते हुए 50 विद्यार्थियों को निःशुल्क साइकिलें वितरित कीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का विद्यार्थियों ने एक धुन में साइकिल की घंटी बजाकर अपनी ▸▸शेष पेज 6 पर

**सांदीपनि विद्यालय पर केंद्रित लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरु पूर्णिमा के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में गुरुजनों को सम्मानित भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरु पूर्णिमा के अवसर ▸▸शेष पेज 6 पर

**झाबुआ और रतलाम सांदीपनि विद्यालय को अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पात्र स्कूली बच्चों को विद्यालय आने-जाने के लिए राज्य सरकार साइकिलें बांट रही है। ये साइकिलें हमारी आत्मनिर्भरता का प्रतीक हैं। इनसे हमारा स्वास्थ्य भी अच्छा रहता है। सरकार अगले सत्र में बच्चों को यूनिफॉर्म तैयार करवा कर बांटेगी। साथ ही अगले वर्ष 75 प्रतिशत तक अंक लाने वाले प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को लगभग 1 लाख लैपटॉप बांटे जाएंगे। प्रदेश सरकार मेधावी विद्यार्थियों को इलेक्ट्रिक स्कूटी भी वितरित करेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इस वर्ष झाबुआ और रतलाम सांदीपनि विद्यालय को अंतरराष्ट्रीय स्तर का पुरस्कार मिला। दसवीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों ने प्राइवेट स्कूलों को पीछे छोड़ दिया।

» सुप्रीम कोर्ट ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण पर रोक से किया इंकार

# प्रूफ के रूप में आधार, राशन और वोटर कार्ड शामिल करने पर विचार करे आयोग

कोर्ट ने चुनाव आयोग को अपना हलफनामा दायर करने के लिए एक सप्ताह का समय दिया, अगली सुनवाई 28 जुलाई को होगी



एजेंसी ⏭नई दिल्ली

बिहार में मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण अभियान के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। लंबी बहस के बाद सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को निर्देश दिए कि वह पुनरीक्षण के लिए जरूरी दस्तावेजों में आधार कार्ड, राशन कार्ड और वोटर कार्ड को शामिल करने पर विचार करे। साथ ही तीन मुद्दों पर जवाब दाखिल करे। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को नोटिस जारी करते हुए सुनवाई की अगली तारीख 28 जुलाई तय की है। सुप्रीम कोर्ट ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण पर रोक नहीं लगाई है, क्योंकि याचिकाकर्ताओं ▸▸शेष पेज 6 पर

**पुनरीक्षण को बिहार चुनाव से क्यों जोड़ रहे?**

इससे पहले सुनवाई के दौरान जस्टिस जॉयमाल्या बागची ने चुनाव आयोग के वकील से कहा कि आप इस प्रक्रिया को नवंबर में होने वाले चुनाव से क्यों जोड़ रहे हैं? आयोग के वकील ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि चुनाव आयोग एक सांविधानिक संस्था है जिसका मतदाताओं से सीधा संबंध है और अगर मतदाता ही नहीं होंगे तो हमारा ▸▸शेष पेज 6 पर

9 नगरीय निकाय में हुए उपचुनाव के परिणाम

## भाजपा ने 6, कांग्रेस ने 3 सीटें जीती, सिलावट के क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी की जमानत जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल



प्रदेश के 9 नगरीय निकायों में हुए उपचुनाव में तीन पर कांग्रेस और 6 पर भाजपा प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की है। पन्ना जिले के ककहरी में भाजपा प्रत्याशी हीरा लाल आदिवासी निर्विरोध जीते। इधर खरगोन के भीकनगांव के वार्ड नंबर 5 में भाजपा की कमलेश कौशल, सिवनी के वार्ड क्रमांक 11 में भाजपा की निधि, छिंदवाड़ा के न्यूटन चिखली के वार्ड 4 में भाजपा की निकिता बरखे, भोपाल में बैरसिया के वार्ड 7 में भाजपा की शाइस्ता सुल्तान और इंदौर के गौतमपुरा के वार्ड 15 में भाजपा के शंकलाल ने जीत दर्ज की। वहीं राज्य के ▸▸शेष पेज 6 पर

मप्र ग्रोथ कॉन्क्लेव इंदौर में आज

## सीएम करेंगे होटल व टूरिज्म इंडस्ट्री के निवेशकों से संवाद




आयोजन ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर में 1500 से ज्यादा प्रतिनिधि आएंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

सीएम डॉ. मोहन यादव इंदौर के ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर में शुक्रवार को मध्यप्रदेश ग्रोथ कॉन्क्लेव में संवाद करेंगे। इस आयोजन में होटल इंडस्ट्री, पर्यटन, रियल एस्टेट और इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे क्षेत्रों के निवेशक शामिल होंगे। देशभर के संबंधित सेक्टर्स के निवेशकों, उद्योगपतियों और कॉर्पोरेट प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है। कॉन्क्लेव में देशभर से 1500 से अधिक उद्योगपति, ▸▸शेष पेज 6 पर

सार्वजनिक शेयरधारिता के लिए कदम

## केंद्र सरकार एलआईसी में अल्पमत हिस्सेदारी बेचेगी



एलआईसी का वर्तमान बाजार पूंजीकरण 5.85 लाख करोड़ रुपए

एजेंसी ⏭नई दिल्ली

सरकार जीवन बीमा निगम (एलआईसी) में और हिस्सेदारी बेचने पर काम कर रही है। विनिवेश विभाग इस सौदे की विस्तृत जानकारी तैयार करेगा। सरकार के पास वर्तमान में एलआईसी में 96.5 प्रतिशत हिस्सेदारी है। उसने मई 2022 में आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के माध्यम से 902-949 रुपए प्रति शेयर के मूल्य बैंड पर 3.5 प्रतिशत हिस्सेदारी बेची थी। इस शेयर ▸▸शेष पेज 6 पर

गुरु पूर्णिमा : भक्तों ने किए धूनीवाले के दर्शन

## कुबेरेश्वर धाम में करीब तीन लाख श्रद्धालु पहुंचे



सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने भंडारों में पूड़ियां तलीं रोटियां सेंकी और प्रसादी वितरित की

हरिभूमि न्यूज ⏭खंडवा/छतरपुर/सीहोर

गुरु पूर्णिमा पर गुरुवार को मध्यप्रदेश के संत समाधियों, गुरुकुलों और आश्रमों में भारी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे। उज्जैन के सांदीपनि आश्रम, सीहोर के कुबेरेश्वर धाम, छतरपुर के बागेश्वर धाम और खंडवा के दादाजी धाम मंदिर में पर्व को लेकर विशेष अनुष्ठान हुए। सीहोर के कुबेरेश्वर धाम शाम 6 बजे तक 3 लाख श्रद्धालु पहुंचे। पं. प्रदीप मिश्रा ने कहा- ▸▸शेष पेज 6 पर






आज 19 जिलों में भारी से अति भारी बारिश का अलर्ट, भोपाल में हल्की से मध्यम बारिश होगी

दमोह में उफनते नाले से बस को पार कराने की कोशिश की गई, बस अनियंत्रित होकर पुलिया से नीचे लटक गई

# सीहोर और सागर में दो कारें बही, मंडला में कई रास्ते बंद, नर्मदा खतरे के निशान से ऊपर

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

प्रदेश में हो रही तेज बारिश और बाढ़ के चलते लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बिगड़ते हालातों के बीच सीहोर जिले की रेहटी तहसील में एक कार धामंडा नाले में बह गई। बाढ़ का पानी पुल के ऊपर से बह रहा था। कार में गोपालपुर निवासी आकाश और राला निवासी नरेंद्र सवार थे। दोनों बमुश्किल बाहर निकल सके। कार नसरुल्लागंज तहसील क्षेत्र की बताई जा रही है। वहीं, सागर के बंडा में कार उफनते नाले में बह गई। इसमें सवार तीन लोगों ने कूदकर जान बचाई। दमोह जिले के तेजगढ़ थाना क्षेत्र के लकलका झापन रोड पर उफनते नाले से बस को पार कराने ▸▸शेष पेज 6 पर ▸▸पढ़ें पेज 4 भी



सीहोर में बह गई कार



दमोह में बस नाले में गिरी

**भोपाल में मध्यम बारिश**

*शुक्रवार को भोपाल, ग्वालियर, मुरैना, सीधी, रीवा, मऊगंज, सतना, अनुपपुर, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, पन्ना, दमोह, सागर, छतरपुर, मैहर, राजगढ़, हरदा, बुरहानपुर, खंडवा, खरगोन, बड़वानी, अलीराजपुर, झाबुआ, धार, इंदौर जिलों में मध्यम से हल्की बारिश होगी।*

**प्रदेश में औसत से 71 प्रतिशत अधिक बारिश**

मौसम केंद्र ने शुक्रवार को सिंगरौली, शहडोल, उमरिया, डिंडोरी, छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला, बालाघाट, पांढुर्णा में कहीं-कहीं अति भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। विदिशा, रायसेन, सीहोर, नर्मदापुरम, बैतूल, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, दतिया, श्योपुरकलां में कुछ स्थानों पर भारी से तेज बारिश का अलर्ट जारी किया गया ▸▸शेष पेज 6 पर


शहरी विकास के
नए अध्याय की
शुरुआत
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
मध्यप्रदेश
ग्रोथ
कॉन्क्लेव
भविष्य के शहरों का निर्माण
11 जुलाई, 2025 I पूर्वाह्न 10:00 बजे
ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर, इंदौर
शुभारंभ
मुख्यमंत्री
डॉ. मोहन यादव
द्वारा
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन के अनुरूप मध्यप्रदेश के शहरों में इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित हो रहा है।
इससे बढ़ती नगरीय जनसंख्या की आवश्यकताओं की पूर्ति होगी। समृद्ध और विकसित शहर,
प्रदेश के समावेशी विकास की आधारशिला बनेंगे।
- डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
प्रमुख आकर्षण
1500 से अधिक प्रतिभागी
एक्सपो (आमजन के लिए सायं 5:30 बजे से रात्रि 11:00 बजे तक)
वन-टू-वन मीटिंग
फोकस सेक्टर
रियल स्टेट
इन्फ्रास्ट्रक्चर
पर्यटन
होटल इंडस्ट्री
पैनल चर्चा
अर्बन टेक
अर्बन ग्रीन्स
अर्बन मोबिलिटी
अर्बन इन्फ्रा ड्राइव
D-11062/25
सीधा प्रसारण webcast.gov.in/mp/cmevents
@Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh @jansamparkMP
JansamparkMP

हरिभूमि

# भोपाल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 11 जुलाई 2025





# साइकिल से मिलेगी रफ्तार, स्कूल समय पर पहुंचने में होगी आसानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सरकार की निःशुल्क साइकिल वितरण योजना के अंतर्गत कमला नेहरू सांदीपनि कन्या विद्यालय, में आयोजित साइकिल वितरण कार्यक्रम में जब विद्यार्थियों को साइकिलें मिलीं, तो उनके चेहरे खिल उठे। नई साइकिल मिलने पर सीएम को सुनने-देखने का अनुभव भी विद्यार्थियों ने साझा किया। विद्यार्थियों ने सरकार की योजना की तारीफ करते हुए कहा कि साइकिल से रफ्तार मिलेगी, स्कूल समय पर पहुंचने में आसानी होगी।

इससे पहले विद्यालय परिसर में आगमन पर विद्यार्थियों ने बैंड की धुन पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत स्कूली बच्चों को निःशुल्क साइकिल वितरण के 2 दिवसीय अभियान का शुभारंभ करते हुए 50 विद्यार्थियों को निःशुल्क साइकिलें वितरित कीं। मुख्यमंत्री का विद्यार्थियों ने एक धुन में साइकिल की घंटी बजाकर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की और मुख्यमंत्री का अभिवादन किया।

कार्यक्रम में विद्यालय की छात्रा संतोषी साहू ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को हस्तनिर्मित पोर्ट्रेट भेंट की और कुमारी दीप्ति उईके ने गुरुवंदना की प्रस्तुत दी। कार्यक्रम में विधायक भगवान दास सबनानी और महापौर मालती राय, रवीन्द्र यति सहित बड़ी संख्या में शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## कमला नेहरु स्कूल में साइकिल पाने के बाद विद्यार्थियों के चेहरे खिले




### बच्चों के जीवन पर पड़ता है अपने शिक्षक का प्रभावः मंत्री सिंह

स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह ने कहा कि गुरुपूर्णिमा हमारे लिए अपने गुरु के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का दिन है। बच्चों के जीवन पर अपने शिक्षक का सर्वाधिक प्रभाव पड़ता है। एक शिक्षक ही उन्हें काबिल बनाने का कार्य करता है। स्कूल शिक्षा मंत्री सिंह ने कहा कि सांदीपनि विद्यालयों में बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने के लिए सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं।

### धन्यवाद मुख्यमंत्री जी....

मैं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की कक्षा 9वीं की छात्रा हूं। अब हमें स्कूल समय पर पहुंचने में आसानी होगी। धन्यवाद मुख्यमंत्री जी। यह सरकार की बेहतर योजना है।

रिया कुमारी भारती, छात्रा

### जीवन में रफ्तार प्राप्त हुई

निःशुल्क साइकिल प्राप्त होने से जीवन में रफ्तार प्राप्त हुई हैं। अब हम आत्मविश्वास के साथ विद्यालय जाएंगे। स्कूल शिक्षा विभाग की यह अच्छी योजना है।

सिमरन गौर, छात्रा

### बहुत अच्छी योजना

निःशुल्क साइकिल योजना सरकार की बहुत अच्छी योजना है। आज हम यहां कार्यक्रम में शामिल हुए। हमारे मुख्यमंत्री को सुनने और देखने का मौका मिला। बहुत अच्छा लगा।

धीरज नायर, छात्रा

### निःशुल्क साइकिल दी

आज भोपाल सहित पूरे प्रदेश में स्कूली बच्चों को निःशुल्क साइकिल दी गई हैं। यहां कार्यक्रम में शामिल होकर बहुत अच्छा लगा। मुख्यमंत्री को सुनने का मौका मिला।

रोशनी उइके, छात्रा

### ऐसी योजनाओं से विद्यार्थी प्रोत्साहित होते हैं

आज बड़ी संख्या में विद्यार्थियों को साइकिल वितरित की गई हैं। सरकार की ऐसी योजनाओं से विद्यार्थी प्रोत्साहित होते हैं और बेहतर पढ़ाई भी होती है।

पीयूष अहिरवार, छात्र

### विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ता है

साइकिल सहित सरकार की कई योजनाएं हैं, जिनसे विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ता है। आज इस कार्यक्रम में शामिल होकर बहुत अच्छा लगा। साइकिल वितरित की गई हैं।

अंकित मेहरा, छात्र

---

## नोटिस के बाद भी नहीं हटाया कब्जा, तीन हजार वर्गफीट पर किया निर्माण

# पांच करोड़ की सरकारी जमीन पर बन रहा था शॉपिंग कॉम्पलेक्स, जमींदोज

### तीन जेसीबी की मदद से अवैध निर्माण को ढहाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लव जिहाद मामले के बाद चर्चा में आए क्लब-90 रेस्टॉरेंट के पास ही तीन हजार वर्गफीट जगह पर बनाए जा रहे अवैध शॉपिंग कॉम्पलेक्स को गुरुवार को जमींदोज कर दिया गया। बेसमेंट के साथ दो मंजिला बनाया गया यह कॉम्पलेक्स सरकारी जमीन पर बनाया गया था। जिसको लेकर हुजूर तहसीलदार अनुराग त्रिपाठी ने नोटिस जारी कर अवैध निर्माण हटाने के आदेश दिए थे। निर्माण नहीं हटाने पर गुरुवार को जिला प्रशासन और पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंचकर पांच करोड़ की सरकारी जमीन पर बने अवैध निर्माण को ढहा दिया।

हथाईखेड़ा डेम के कैचमेंट एरिया में सोहेल अहमद पिता शरीफ अहमद को सोहेल मछली के नाम से जाना जाता है। सोहेल ने सरकारी जमीन पर बेसमेंट के साथ दो मंजिला शॉपिंग कांपलेक्स का निर्माण किया था। जिसकी शिकायत के बाद तहसीलदार ने जांच कराकर सुनवाई शुरू की। हुजूर एसडीएम विनोद सोनकिया ने बताया कि सरकारी जमीन पर खड़े पक्के निर्माण को जमींदोज किया गया है। कार्रवाई के दौरान भारी पुलिस बल भी तैनात किया गया, जिससे हंगामा होने पर निपटा जा सके। पुलिस ने सड़क के दोनों ओर से बेरिकेडिंग भी की थी।

*चार महीने पहले किया गया था यह अवैध निर्माण*

*पिछले एक माह से चल रही थी निर्माण ढहाने की जद्दोजहद*



### नोटिस देने के बावजूद निर्माण नहीं तोड़ा

इस मामले में तहसीलदार ने नोटिस भी जारी किया था। बावजूद निर्माण नहीं तोड़ा गया। सोहेल अहमद निवासी अनंतपुर का जमीन पर कब्जा था। तीन हजार वर्गफीट जमीन पर ग्राउंड और फर्स्ट फ्लोर का व्यवसायिक निर्माण कर कब्जा किया था।

#### मंगलवार को आदेश, गुरुवार को तोड़ा निर्माण

*सरकारी जमीन पर हुए इस अवैध निर्माण को लेकर जिला प्रशासन ने खासी जल्दी दिखाई। मंगलवार को हुजूर तहसीलदार ने बेदखली का आदेश जारी किया था। इसके बाद गुरुवार को अमला जेसीबी लेकर तोड़ने पहुंच गया। दरअसल, सोहेल मछली के अवैध निर्माण को तोड़ने के लिए जिला प्रशासन स्तर पर पिछले एक महीने से जद्दोजहद चल रही थी। बुधवार को अचानक से जिला प्रशासन और पुलिस के अफसरों ने बैठक रखकर गुरुवार को इसे जमींदोज करने की पटकथा लिखी। यह अवैध निर्माण चार महीने पहले ही किया गया था।*

### एनजीटी ने कहा- तीन महीने में हटाएं भदभदा के सभी अतिक्रमण, अगली सुनवाई में पेश करें रिपोर्ट

राजधानी के भदभदा इलाके से बड़े तालाब तक वेटलैंड पर किए गए अतिक्रमण के मामले पर गुरुवार को नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल में सुनवाई हुई। याचिकाकर्ता आर्या श्रीवास्तव ने पिटीशन दायर की है। बेंच ने नगर निगम भोपाल को वेटलैंड इलाके से सभी कब्जे हटाने अब अधिकतम 3 महीने का समय दिया है। इसकी रिपोर्ट अगली सुनवाई में प्रस्तुत करने को कहा है। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता धरमवीर शर्मा ने बताया कि बेंच ने अब नगर निगम भोपाल बड़े तालाब के वेटलैंड क्षेत्र में जो कब्जे शेष रह गए हैं, उन्हें चिहिन्त कर हटाएगा। भदभदा से बड़े तालाब के बीच अब तक 227 कब्जे हटाए जा चुके हैं, जो बचे हैं। इन्हें 2 से 3 महीने में हटाए जाने की कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। बताया जा रहा है कि करीब 30 से 40 कब्जे और हटाए जा सकते हैं।



**कैचमेंट एरिया पर फैसला**

#### अन्य अतिक्रमण पर भी होगी कार्रवाई

एनजीटी में पिटीशन के बाद इस इलाके में कब्जा कर बनाए गए कुल 227 मकानों को हटा दिया गया है। वहीं कुछ अन्य कब्जों पर भी संशय की स्थिति बनी थी, जिसको लेकर पिछली सुनवाई में बेंच ने नगर निगम को निरीक्षण कर जांच रिपोर्ट के बाद कार्रवाई करने को कहा था। इसके बाद नगर निगम सहित अन्य संबंधित विभागों के अफसरों ने मौके का निरीक्षण किया है। इसकी रिपोर्ट एनजीटी में पेश की गई। इस मामले में लंबी सुनवाई के बाद एनजीटी ने सभी मकानों को हटाने के निर्देश दिए थे, जिसके बाद यह कार्रवाई की थी। इसी इलाके में एक मस्जिद और कुछ मकानों को लेकर संशय था, कि यह मकान और मस्जिद अतिक्रमण क्षेत्र में हैं अथवा नहीं। इसी के लिए निरीक्षण किया गया था, जिसकी रिपोर्ट कोर्ट में पेश होने के बाद कार्रवाई तय की जाएगी।

---

**200 साल पुरानी बस्ती हटाने की तैयारी**

## जगदीशपुर में किले के अंदर बने 165 मकान किए जाएंगे शिफ्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दो सौ साल पुरानी ऐतिहासिक धरोहर जगदीशपुर (इस्लाम नगर) बस्ती को हटाने की तैयारी जिला प्रशासन ने शुरू कर दी है। जिसके तहत तहसीलदार हुजूर ने पटवारी से ऐतिहासिक किले के अंदर बसे परिवारों का सर्वे भी करा लिया है। यहां रहने वाले 165 परिवारों को चिन्हित किया गया है। सर्वे के बाद जनपद सीईओ से इन परिवारों को किले से बाहर कर पीएम आवास योजना के तहत मकानों पर आने वाले खर्च का ब्यौरा मांगा है। इधर, रहवासियों का कहना है कि नवाबी शासनकाल की इस बस्ती को सरकार सहेजने की जगह उजाड़ने का काम कर रही है।

दरअसल, संचालनालय पुरातत्व ने जिला कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह को किले के अंदर बसे परिवारों को बाहर करने का पत्र दिया था, जिसके बाद तहसीलदार हुजूर ने सर्वे कराकर पीएम आवास के हिसाब से मूल्यांकन की जानकारी फंदा सीईओ से मांगी है। तीन जुलाई को दिए गए पत्र में इसका उल्लेख भी किया गया है। एसडीएम हुजूर विनोद सोनकिया का कहना है कि यह सामान्य प्रक्रिया है, रहवासियों को हटाने का अभी ऐसा कोई प्लान नहीं है।



### पूर्व सीएम ने की थी मास्टर प्लान की घोषणा

ऐतिहासिक महत्व का गांव जगदीशपुर वर्ष 2022 तक इस्लाम नगर के नाम से जाना जाता था, लेकिन 14 फरवरी 2023 को इसे पुराना नाम जगदीशपुर मिला। जिसकी घोषणा यहां स्थित चमन महल से तत्कालीन मुख्यमंत्री और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने की थी। उन्होंने इस गांव को आदर्श गांव बनाने के लिए मास्टर प्लान तैयार करने की घोषणा की थी, लेकिन अफसरों ने इस गांव को उजाड़ने का प्लान बना लिया है।

### मुझे नहीं है मकानों को हटाने की जानकारी

जगदीशपुर गांव में विकास कार्य किए जा रहे हैं। जिनको लेकर कार्ययोजना भी तैयार की गई है, लेकिन मकानों को हटाने संबंधी जानकारी मुझे नहीं है।

कौशलेंद्र विक्रम सिंह, कलेक्टर

---

**मुंबई की कंपनी की शिकायत पर छापा**

## ब्रांडेड कंपनियों के नाम से बनाया जा रहा था गाड़ियों में डालने वाला यूरिया, 13 लाख का माल जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सूखी सेवनियां के एक गोदाम में ब्रांडेड कंपनियों के नाम से डुप्लीकेट यूरिया बनाया और पैक किया जा रहा था। पुलिस ने गल्फ एएल कंपनी के रीजनल मैनजर के साथ मिलकर गोदाम पर छापेमारी कर करीब 13 लाख रुपए का एडब्लू (यूरिया) व अन्य सामान बरामद किया गया है। पुलिस ने गोदाम मालिक के खिलाफ कॉपी राइट एक्ट में केस दर्ज किया है।

थाना प्रभारी रामबाबू चौधरी ने बताया, ईंटखेड़ी थाने से सूचना मिली कि सैनी चौराहे के पास मिथुन सैनी के मकान में किराए के गोदाम में गल्फ एएल, टाटा मोटर्स, आयशर, महिन्द्रा, भारत बैंज के एडब्लू (यूरिया) हैं। वहां गल्फ कंपनी मुंबई के आरएम आशीष भागवतकर भी मौजूद हैं। पुलिस ने गोदाम की तलाशी ली। वहां मिले कर्मचारी हिम्मत सिंह ने बताया कि गोदाम जगदीश वसंतानी निवासी सिंधी कॉलोनी का है। जब जगदीश से फोन पर दस्तावेज का कहा तो उसने बताया कि उसके पास कोई दस्तावेज नहीं हैं। कर्मचारी ने बताया कि वह करीब दो साल से गोदाम में काम कर रहा है।

### गोदाम से बरामद होने वाला माल

*195 नग गल्फ एएल के डुप्लीकेट खाली ढक्कन, 158 नग गल्फ एएल की खाली बाल्टियां, 175 नग गल्फ एएल की भरी बाल्टियां, 130 नग टाटा मोटर्स के खाली ढक्कन, 479 नग टाटा मोटर्स की भरी बाल्टियां, एक नग टाटा मोटर्स की खाली बाल्टी, 16 नग होलोग्राम स्टीकर, 172 नग भारत बैंज की भरी बाल्टियां, 28 नग महिंद्रा की भरी बाल्टियां, 15 नग महिंद्रा की खाली बाल्टियां, 15 नग महिंद्रा के खाली ढक्कन, एक नग आयशर की खाली बाल्टी, एक नग फिलिंग पाइप, एक नग पीआईयूएसआई मोटर, एक नग एचपी मोटर, 101 नग खाली बाल्टियों के हैंडल, 10 नग खाली आईबीसी टैंक प्रत्येक 1000 लीटर क्षमता वाले समेत बरामद माल की कुल अनुमानित कीमत 13 लाख रुपए बताई गई है।*

---

**घायल को अस्पताल में कराया भर्ती**

## जान बचाने टाइगर से भिड़ा युवक, डंडा मारकर भगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एक युवक अपनी जान बचाने के लिए बाघ से भिड़ गया। दरअसल, टाइगर ने जंगल में उस पर पीछे से हमला कर दिया था। उसने भी साहस दिखाया और डंडे से उस पर वार किया, जिससे टाइगर उसे छोड़कर भाग गया। हमले में उसके सिर और हाथ में गहरी चोट आई है।

यह घटना बालाघाट जिले के कंटगी वन परिक्षेत्र के कन्हड़गांव बीट में हुई। टाइगर के हमले में घायल युवक ने फोन पर बेटे को सूचना दी। बेटे की सूचना के आधार पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और घायल को कंटगी अस्पताल भेजा। यहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

दरअसल, बस्तीराम जंगल में गायों को चराने गया था। इसी दौरान टाइगर ने झपट लिया। परिक्षेत्र सहायक बाबूलाल चढ़ार ने बताया कि युवक की हालत स्थिर है। वन विभाग ने उपचार कराने के साथ आर्थिक मदद भी स्वीकृत की है।

---

## नाप की जांच, पेट्रोल में मिलावट जांचने नहीं लिए सैंपल

### आठ पेट्रोल पंपों पर जांच करने पहुंची खाद्य विभाग की टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पिछले दिनों रतलाम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के काफिले के वाहनों में पानी मिला डीजल मिलने के बाद प्रदेश भर के पेट्रोल पंपों की जांच शुरू की गई है। जिसके तहत दूसरे दिन भी जिला आपूर्ति नियंत्रक चंद्रभान सिंह जादौन की टीम बैरागढ़ स्थित पेट्रोल पंपों पर पहुंची, जहां आठ पेट्रोल पंपों पर जांच की गई। टीम ने यहां पेट्रोल-डीजल के नाप की जांच की है। हालांकि पानी सहित अन्य मिलावट को लेकर सैंपलिंग नहीं की गई है। अफसरों का तर्क है कि रुटीन जांच के बाद सैंपलिंग भी की जाएगी।

### उपभोक्ताओं को हवा-पानी समेत अन्य सुविधाएं मुहैया कराने की हिदायत



*राजधानी में पेट्रोल और डीजल में मिलावट की आशंका के चलते खाद्य विभाग के दलों ने गुरुवार को पंपों का औचक निरीक्षण शुरू कर दिया है। जिसके तहत संत हिरदाराम नगर स्थित मेसर्स जनता सेल्स सर्विस, मेसर्स पंजाब सेल्स एंड सर्विस, बाहुबली सेल्स एंड सर्विस, लालघाटी स्थित मेसर्स स्मार्ट सिटी फ्यूल, हमीदिया रोड स्थित मेसर्स सलुजा सेल्स सर्विस, नीलबड़ क्षेत्र स्थित मेसर्स नायरा एनर्जी शुक्ला पेट्रोलियम, मेसर्स एसपी पेट्रोलियम और मेसर्स एएमडी पेट्रोलियम की जांच की गई। जांच में यहां कोई गड़बड़ी नहीं मिली। जिला आपूर्ति नियंत्रक ने संचालकों को टॉयलेट, हवा, पानी और अन्य सुविधाएं मुहैया कराने की हिदायत दी है।*

---

**डॉक्टरों की मेहनत के कारण अब चलने लगी है बच्ची**

# बच्ची की रीढ़ की हड्डी में टीबी, दिल्ली से मशीन मंगाकर किया ऑपरेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हमीदिया अस्पताल के डॉक्टरों ने की बच्ची की जटिल सर्जरी | निजी अस्पताल में चला था 15 दिन इलाज, हालत बिगड़ी तो आई यहां

हमीदिया अस्पताल के चिकित्सकों ने एक 15 साल की बच्ची की जटिल सर्जरी कर उसको नया जीवन दिया है। दरअसल, भोपाल में एक 15 वर्ष की बच्ची इशरा खान की रीढ़ की हड्डी में टीबी के चलते हड्डी में अत्याधिक मवाद भर गया था।

रोग के कारण गली हुई हड्डी, सड़ चुके मांस और मवाद से भरा कूबड़ बाहर निकल आया था, जिससे बच्ची आगे की ओर झुक गई थी। आयुष्मान भारत योजना के तहत बच्ची का निजी अस्पताल में 15 दिन तक इलाज चला, जहां केवल जांचें और दर्द की गोलियां दी गईं। जब हालत बिगड़ने लगी, तो उसे हमीदिया अस्पताल रेफर कर दिया गया। यहां डॉक्टरों की टीम ने रेयर और जटिल सर्जरी कर न केवल उसकी जान बचाई, बल्कि उसे दोबारा अपने पैरों पर सीधा खड़ा कर दिया।

### कूबड़ और टेढ़ी हड्डी को किया पेडिकल स्क्रू से सीधा



हमीदिया के चिकित्सकों ने बताया कि मरीज की संपूर्ण जांच के बाद रीढ़ की हड्डी का ऑपरेशन किया गया। ऑपरेशन के दौरान लगभग 1 लीटर से अधिक मवाद निकाला गया एवं कूबड़ हुई टेढ़ी हड्डी को पेडिकल स्क्रू तकनीक एवं रॉड के सहारे सीधा किया गया। अत्यधिक चुनौती यह थी कि ऑपरेशन के दौरान एवं हड्डी सीधी करने पर रीढ़ की हड्डी की नस यदि दब जाती तो इशरा के दोनों पैर की ताकत जाने का खतरा होता है।

### नसों की ताकत पर रखी नजर

हमीदिया चिकित्सालय के अधीक्षक द्वारा दिल्ली से विशेष रूप से मल्टी मोडल सिस्टम फॉर इन्ट्रा ऑपरेटिव मॉनिटर की मशीन बुलाई गई, जो कि ऑपरेशन के दौरान मस्तिष्क, रीढ़ की हड्डी एवं पैरों की नसों को मॉनिटर करती रहती है, जिससे कि किसी भी नस की ताकत ऑपरेशन के दौरान मॉनिटर की जा सकती है। लगभग 2 घंटे में ऑपरेशन पूर्ण किया गया और इशरा पूर्णतः स्वस्थ होकर चलने भी लगी है। वह गुरुवार को हमीदिया चिकित्सालय से डिस्चार्ज की गई है। इस चुनौतीपूर्ण कार्य को अस्थिरोग विभाग की टीम डॉ.



वैभव जैन, डॉ. राहुल वर्मा, डॉ. आशीष गोहिया एवं डॉ. सुनीत टण्डन द्वारा सम्पूर्ण किया गया, जिसमें विशेष सहयोग निश्चेतना विभाग के डॉ. ट्यूकिल केवल, डॉ. उर्मिला केसरी, डॉ. आरपी कौशल द्वारा प्रदान किया गया।

खबर संक्षेप

## रेस्टोरेंट संचालक ने फांसी लगाकर दी जान

**भोपाल।** कटारा हिल्स थाना क्षेत्र स्थित सागर गोल्डन पाम सिटी में गुरुवार दोपहर रेस्टोरेंट संचालक की लाश फांसी के फंदे पर लटकी मिलने से सनसनी फैल गई। कॉलोनी के गार्ड की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया है। कमरे की तलाश लेने पर सुसाइड नोट नहीं मिला है। एएसआई निर्मल विश्वकर्मा ने बताया कि विजय मिश्रा पिता हरिशंकर मिश्रा (33) सागर गोल्डन पाम, कटारा हिल्स में किराए के फ्लैट में रहता था और अटलांटिस कॉलोनी के पास रेस्टोरेंट का संचालन करता था। विजय फ्लैट पर अकेला रहता था। करीब तीन दिन से उसने रेस्टोरेंट नहीं खोला है। गुरुवार दोपहर रेस्टोरेंट के कर्मचारी ने विजय को कॉल किया, लेकिन विजय से संपर्क नहीं हो सका। कर्मचारी विजय के फ्लैट पर पहुंचा तो दरवाजा अंदर से बंद था और बदबू आ रही थी।

## चौकसे राजनीति में बड़ा पद पाने कर रहे मेहनत

**औबेदुल्लागंज।** नगर पंचायत अध्यक्ष



प्रतिनिधि सोनू चौकसे अपने गुरु को पीछे छोड़कर अधिक प्रभावशाली हो गए हैं। राजनीति में बड़े पद पर जाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। अपना राजनीतिक कॅरियर सुधारने के लिए पटवा विरोधियों को भी बड़े प्यार से अपने पक्ष में कर लेते हैं। चौकसे पिछले दिनों मंडीदीप के एक वरिष्ठ नेता ने पटवा विरोधियों का और चौकसे का मिलान कराया। इसकी नगर में चर्चा तेजी से चल रही है। चौकसे की नीति से पार्षदों को भी पटकनी मिली है। अब चौकसे को गुरु मानने के लिए भाजपा में चर्चा चल पड़ी है।

## तामोट के भाजपा नेताओं में गुटबाजी जोरों पर

**तामोट।** तामोट में स्थानीय भाजपा नेताओं में गुटबाजी जोरों पर देखने को मिल रही है। दो-तीन नेता अलग, प्रभावशाली नेता एक तरफ है। वहीं कांग्रेस के नेताओं का अता पता ही नहीं है। ज्ञातव्य हो की 1951 से तामोट राजनीति का गढ़ माना जाता था। पूर्व विधायक परबचंद जैन तामोट के ही निवासी रहे हैं। वहीं तामोट के नेता दादा बाबूलाल, सरपंच कुंतीलाल चौहान, प्रभुराम चौहान, सहकारी नेता रमेश चौहान, वर्तमान में श्याम सिंह चौहान दबंग नेता हैं। जनपद सदस्य सुलेखा चौहान, संजीव चौहान, मानसिंह, बाबूलाल, रामकिशोर चौहान, सुरेश तिवारी, लक्ष्मी प्रजापति, रामपाल, मोहन नागर, राजकुमार सेन तामोट की परंपरा अनुसार तामोट का नाम बढ़ाने में लगे हैं।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 2738 | | |
| दिन: | 699 | 41 | 335 |
| रात: | 190 | 08 | 459 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 160 | 72 | 679 |
| रात: | 445 | 32 | 246 |

# अमित वर्मा हत्याकांड में वसीम शुजालपुरी गिरफ्तार, आमना-सामना कराने से पहले राजा खटीक ने खुद के गले पर मारी कांच की टूटी बोतल

**थाना प्रभारी पर झूठा आरोप, कहा, थाना प्रभारी ने मारी ब्लैड, रिपोर्ट में कांच की बोतल से खुद हमला करने की बात आई सामने**

निजी अस्पताल में राजा खटीक भर्ती, रिश्तेदारों और गुर्गों ने अस्पताल में किया हंगामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

छोला मंदिर थाने में बुधवार रात उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब पूछताछ के लिए राजा खटीक को छोला मंदिर थाने लाया गया। दरअसल, अमित वर्मा मर्डर केस में राजा खटीक मुख्य गवाह है। अमित वर्मा मर्डर केस में पुलिस ने आरोपी वसीम शुजालपुरी की गिरफ्तारी होने के बाद पुलिस वसीम और राजा खटीक का आमना-सामना कराना चाहती थी। इससे पूर्व राजा खटीक ने थाने के पीछे खुले मैदान में पड़ी कांच की टूटी बोतल से खुद के गले पर हमला कर लिया। उसे परिचित अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां उसका इलाज चल रहा है।

डीसीपी जितेंद्र पवार ने बताया कि 28-29 जून की दरमियानी रात छोला मंदिर स्थित लीलाधर कॉलोनी में राजा खटीक के जन्म दिन में शामिल होने पहुंचे खटीकपुरा, ऐशबाग निवासी 22 साल के अमित वर्मा की कुख्यात बदमाश नसीम उर्फ बन्ने खां ने गोली मारकर हत्या कर दी थी।

हत्याकांड में चश्मदीद गवाह है राजा खटीक, वसीम से होता आमना-सामना तो खुल जाती पुराने प्रकरण में पोल



### राजा खटीक की करने आए थे हत्या

उल्लेखनीय है कि 28-29 जून की रात करीब डेढ़ बजे नसीम उर्फ बन्ने खां, वसीम सहित छह आरोपी दो बाइक से लीलाधर कॉलोनी पहुंचे थे। वहां राजा खटीक और उसके साथियों से गली में विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर राजा खटीक और उसके साथ तलवार सहित डंडा लेकर पहुंचे तो नसीम ने पिस्टल निकाल ली। राजा खटीक पास ही खड़े कबाड़ा वाहन के पीछे छिप गया, जबकि उसके साथी आसपास भाग निकले। इसी बीच पिस्टल से नसीम ने फायर किया था। फायर होने से अमित वर्मा को दो गोलियां क्रमशः सिर और सीने में लगी थी। आरोपियों का अमित वर्मा से कोई विवाद नहीं था। वे राजा खटीक की हत्या करने आए थे।

### हवाला कारोबारी से लूट के पैसों को लेकर था विवाद

राजा खटीक पर दस अपराध दर्ज है। गत दिनों श्यामला हिल्स में हवाला कारोबारी से लूट हुई थी। इसी लूट में हाथ लगी रकम को लेकर वसीम शुजालपुरी और राजा खटीक का विवाद था। इसी लेनदेन के विवाद में वसीम शुजालपुरी नसीम उर्फ बन्ने खां सहित छह साथियों को लेकर लीलाधर कॉलोनी राजा खटीक से बात करने पहुंचा था। वहां विवाद बढ़ने पर नसीम ने फायर कर दिया और अमित वर्मा की हत्या हो गई।

### छह लोगों को को मुख्य आरोपी बनाया

पुलिस ने नसीम, वसीम सहित छह लोगों को मुख्य आरोपी बनाया था। इसके अलावा आरोपियों की मदद करने वाले आठ लोगों को सहआरोपी बनाया। प्रकरण में कुल 14 आरोपी थे, जिनमें 12 आरोपियों की गिरफ्तारी कर चुकी है। बुधवार को वसीम शुजालपुरी की गिरफ्तारी की गई। उससे थाने में पूछताछ की गई तो उसने राजा खटीक के बारे में जानकारी दी। पुलिस राजा खटीक को पूछताछ के लिए लेकर पहुंची। चूंकि वह चश्मदीद गवाह था उसे खुला छोड़ दिया गया। थाने में राजा खटीक पहुंचा और पीछे दशहरा मैदान की तरफ जाकर उसने कांच की टूटी बोतल से खुद के गले पर हमला कर दिया। इससे उसे गंभीर चोट आई थी। उसके गुर्गे और रिश्तेदार उसे लेकर अस्पताल पहुंचे और पुलिस पर दबाव बनाने जमकर हंगामा किया। सोशल मीडिया पर कुछ वीडियो भी वायरल किए। वायरल वीडियो में राजा खटीक के रिश्तेदार अस्पताल में हंगामा करते हुए नजर आए और छोला मंदिर थाना प्रभारी सुरेश चंद्र नागर पर ब्लैड से हमला करने के आरोप तक लगा दिए।

औबेदुल्लागंज के धाकड़ गार्डन चौराहे पर हुआ दर्दनाक हादसा

# कंटेनर ने बाइक सवार युवक को मारी टक्कर सिर के ऊपर से गुजरा पहिया, मौके पर मौत

कंटेनर को छोड़ कर ड्राइवर हुआ फरार, तलाश में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

धाकड़ गार्डन चौराहे पर गरुवार शाम करीब साढ़े 7 बजे एक बाइक सवार को कंटेनर ने टक्कर मारते हुए कुचल दिया, जिससे उसकी घटना स्थल पर ही युवक की मौत हो गई। घटना के बाद ड्राइवर कंटेनर को वहीं छोड़कर भाग निकला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक को अस्पताल भिजवाया। वहीं प्रकरण दर्ज कर आरोपी कंटेनर चालक की तलाश कर रही है।

पुलिस के अनुसार औबेदुल्लागंज के धाकड़ गार्डन चौराहे पर गुरुवार शाम करीब 7.30 बजे तेज रफ्तार कंटेनर एमपी 09 एच 5507 ने बाइक सवार को टक्कर मार दिया। टक्कर से युवक सड़क पर गिर गया और कंटेनर का पहिया युवक के सिर के ऊपर से निकल गया, जिससे बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसको औबेदुल्लागंज अस्पताल पहुंचाया गया। मृतक की पहचान दीवाटिया निवासी अमित पाल के रूप में हुई है। औबेदुल्लागंज थाना के टीआई बीपी सिंह ने बताया कि मृतक को अस्पताल भेजा गया है। कंटेनर को जब्त कर फरार ड्राइवर की तलाश की जारी है। ज्ञाताव्य हो की पिछले हफ्ते भीइसी चौराहे पर एक बाइक सवार की दुर्घटना में मौत हो चुकी है। इस चौराहे पर लगातार कई दुर्घटनाएं हो चुकी है। इसके बाद भी यहां न तो ब्रेकर बनाए गए हैं और न ही कोई अन्य इंतजाम किए गए हैं, जिससे दुर्घटनाओं को रोका जा सके।







### हाईवे-औबेदुल्लागंज क्रॉसिंग खुला होने से होता है हादसा

हाईवे-औबेदुल्लागंज क्रॉसिंग खुला होने के कारण यहां आए दिन बड़े हादसे होते हैं। गुरुवार को भी ग्राम दीवटिया का रहने वाला युवक अमित पाल भोपाल तरफ से आ रहा था, जब क्रॉसिंग से ओबैदुल्लागंज की तरफ मुड़ा तभी एक कंटेनर उसे टक्कर मार दिया। लोगों का कहना है कि अगर क्रॉसिंग बंद होती तो यहां हादसे नहीं होते। वहीं कांग्रेस नेता पंकज नागरानी, परेश नागर, दुर्गेश यादव, संजय सिंह चौहान आदि ने बताया कि इस क्रॉसिंग को 3 दिन के अंदर बंद नहीं किया गया तो आंदोलन करेंगे।

### 14 साल की किशोरी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

नजीराबाद थाना क्षेत्र स्थित ग्राम बरखेड़ी खुर्द में 14 साल की किशोरी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। गंभीर हालत में उसे निजी अस्पताल ले जाया गया था, जहां मृत घोषित कर दिया गया। उसके मुंह से झाग निकल रहा था। अनुमान लगाया जा रहा है कि किशोरी ने कोई जहर खाया है। पुलिस और परिजन को घर से ऐसा कोई सबूत नहीं मिला, जिससे जहर खाने की पुष्टि हो सके। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद मौत के सही कारण सामने आ सकेंगे। पुलिस ने बताया कि ग्राम बरखेड़ी खुर्द निवासी पूजा कुशवाह पिता सरजन सिंह (14) ने पांचवीं कक्षा के बाद पढ़ाई छोड़ दी थी।



## तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकराई, महिला की मौत

**गंभीर रूप से घायल ड्राइवर को भोपाल भेजा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

औद्योगिक नगर में नेशनल हाइवे पर गुरुवार शाम को एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर बेतवा पुल पर बने डिवाइडर से टकरा कर क्षतिग्रस्त हो गई। इस हादसे में एक महिला की मौत हो गई वहीं ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा, गंभीर हालत होने के कारण वहां से उसे भोपाल रेफर कर दिया।

जानकारी अनुसार नेशनल हाइवे के वार्ड 20 स्थित पर औबेदुल्लागंज की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार एमपी 04 जेएन 6352 नयापुरा में बने बेतवा पुल पर अनियत्रिंत होकर डिवाइडर से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार का बोनट सहित बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। कार में सवार महिला खुशबू तिवारी पति क्षमाकांत तिवारी (36) भोपाल निवासी के सिर पर गंभीर चोट आने से घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई। वहीं कार के ड्राइवर को गंभीर चोट आई है। बताया जा रहा है कि खुशबू तिवारी इटारसी से अपनी कार से भोपाल आ रहीं थीं। राहगीरों ने दोनों को कार से निकलकर पुलिस को सूचना दी।

मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को सामुदयिक स्वस्थ केन्द्र भेजा, वहां प्राइमारी उपचार के बाद हालत गंभीर होने के कारण भोपाल रेफर कर दिया गया, जबकि महिला को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्डम के लिए भेज दिया है।



## औबेदुल्लागंज में कीचड़ और अव्यवस्था के बीच लगा साप्ताहिक हाट बाजार

**नपा अध्यक्ष के आदेश के बाद भी नहीं हुआ कार्य**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

नगर में गुरुवार को साप्ताहिक बाजार फिर भरा कीचड़ और अव्यवस्था के बीच लगा। भारी कीचड़ के बीच ही गांव और शहरी क्षेत्र के लोग सब्जी खरीदने पहुंचे और काफी परेशान हुए। जगह-जगह कीचड़ और पानी भरे होने से कई दुकान दारों ने अपनी दुकान भी नहीं लगाई। पिछले दिनों नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि, नगर पालिका सीएमओ ने साप्ताहिक बाजार का निरीक्षण कर व्यवस्था सुधारने के लिए निर्देश दिया था, लेकिन बाजार स्थल पर कोई कार्य नहीं किया गया, व्यापारी और ग्राहकों को काफी परेशानी हुई। औबेदुल्लागंज के रहवासी पिछले कई सालों से साप्ताहिक बाजार में बैठकी बनाने की मांग करते आ रहे हैं। इसके बाद भी नगर परिषद के जिम्मेदार अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

संगठन सृजन अभियान के दौरान कांग्रेस को लगा झटका

## बैरसिया नपा के वार्ड 7 में भाजपा की शाइस्ता सुल्तान चुनाव जीतीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैरसिया

अपने संगठन को मज़बूत बनाने के लिए कांग्रेस संगठन सृजन अभियान चल रहा है। वहीं राजधानी भोपाल में कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। बैरसिया नगर पालिका के वार्ड एक के उपचुनाव में हार का सामना करना पड़ा है। दरअसल बैरसिया नगर पालिका के वार्ड 7 की पार्षद शबाना कुरैशी का निर्वाचन शून्य होने के बाद 7 जुलाई को उपचुनाव हुआ था, जिसमें कांग्रेस की आफरीन, भाजपा की शाइस्ता सुल्तान और निर्दलीय फरीदा मैदान में थीं। चुनाव के दौरान कुल 1481 वोटरों में से 975 लोगों ने अपने मत का उपयोग किया था।

गुरुवार को चुनाव का परिणाम आया, जिसमें भाजपा की शाइस्ता सुल्तान ने निर्दलीय फरीदा को 137 वोट से हरा दिया, जबकि कांग्रेस की आफरीन तीसरे स्थान पर रहीं। भाजपा की शाइस्ता सुल्तान को 451, निर्दलीय फरीदा अहमद को 314, कांग्रेस की आफरीन को 196 और नोटा को 14 वोट मिले। चुनाव संपन्न कराने में पुलिस और प्रशासन की चाक चोबंध व्यवस्था रही। बैरसिया एसडीएम आशुतोष शर्मा और उनकी टीम ने निष्पक्ष और निर्विवाद चुनाव कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। भाजपा की जीत के बाद तहसील कार्यालय से विजयी जुलूस निकाला गया, जिसमें बैरसिया विधायक विष्णु खत्री, ज़िला ग्रामीण अध्यक्ष तीरथ मीणा, चुनाव प्रभारी राजमल कुशवाह सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।



## पचौरी ने राजनाथ को दी जन्मदिन की शुभकामनाएं

**औबेदुल्लागंज।** भोजपा के वरिष्ठ नेता सुरेश पचौरी ने गुरुवार को दिल्ली में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से भेंट किया और उन्हें जन्मदिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। साथ ही उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और यशस्वी जीवन की मां पीताम्बरा से कामना की।



**आठ दिनी अष्टान्हिका पर्व का समापन**

## बैंड-बाजों के साथ निकली भव्य शोभायात्रा, श्रद्धालुओं ने जगह जगह श्रीजी की उतारी आरती



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

औद्योगिक नगर में जैन धर्म के अष्टान्हिका पर्व का गुरुवार को समापन हुआ। पर्व के तहत आठ दिनी श्री सिद्ध चक्र मंडल विधान के तहत आयोजन स्थल पाल धर्मशाला में इंद्र-इंद्राणियों व समाजजनों ने विश्व शांति के लिए हवन में आहुतियां देकर धर्म लाभ लिया। मंडल की समाप्ति पर नगर, प्रदेश व देश में विश्वशांति व सुख-समृद्धि के लिए हवन किया। सुबह नगर के मुख्य मार्गों से बैंड बाजा, ढोल ढमाके के साथ श्रीजी की रथयात्रा निकाली गई। समाजजनों ने जगह-जगह श्रीजी की आरती उतार कर धर्मलाभ लिया।

कमलकुमार जैन परिवार द्वारा सकल दिगंबर जैन समाज के तत्वावधान 3 जुलाई से शुरू हुआ सिद्धचक्र महामंडल विधान गुरुवार को श्रीजी के पूजन, अभिषेक, संगीतमय आरती, विश्व शांति एवं मानव कल्याण के लिए सामूहिक हवन के साथ सम्पन्न हो गया। विधान के समापन पर श्रीजी की भव्य शोभायात्रा निकाली जो नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। समाज के कमलकुमार जैन ने बताया कि विधान के समापन पर श्रीजी को सुंदर रथ में विराजमान कर शोभायात्रा निकाली गई। जो प्रमुख मार्ग से होकर श्री पारसनाथ दिगम्बर मंदिर पहुंची जहां से नेमीनाथ दिगम्बर जैन मंदिर पहुंच कर यात्रा संपन्न हुई। इसके बाद श्रीजी को विधि विधान से मंदिर में विराजमान किया गया।

**औबेदुल्लागंज के वीर सावरकर शासकीय महाविद्यालय में धूमधाम से मनाया गुरु पूर्णिमा का पर्व**

# गुरु पूर्णिमा पर गुरुजनों का अक्षत-कुमकुम लगाकर किया स्वागत विद्यार्थियों को दिखाई गुरु एवं शिष्य पर आधारित एनीमेटेड मूवी

सरस्वती वंदना एवं पूजन के साथ किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

वीर सावरकर शासकीय महाविद्यालय औबेदुल्लागंज में गुरुवार को गुरु पूर्णिमा धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. भूपेंद्र नागर एवं प्रेम नारायण सोनी उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना एवं पूजन के साथ हुआ। इसके बाद अतिथियों का पुष्प हार से स्वागत किया गया। प्रभारी प्राचार्य डॉ. रविंद्र योद्धा ने स्वागत भाषण दिया। इसके बाद सभी गुरुजनों का अक्षत कुमकुम लगाकर स्वागत किया।

जन भागीदारी अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया एवं गुरु महिमा से अवगत कराया। वहीं प्रेम नारायण सोनी ने अपने उद्बोधन में गुरु के द्वारा दिए जाने वाले ज्ञान एवं प्रेरणा के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार मुख्यमंत्री के आतिथ्य में आयोजित गुरु पूर्णिमा महोत्सव कार्यक्रम का सीधा प्रसारण विद्यार्थियों को दिखाया गया। विद्यार्थियों को गुरु एवं शिष्य के संबंध पर आधारित एनीमेटेड मूवी, जिसमें आरुणि एवं उपमन्यु की कथा दिखाई गई।

इस अवसर पर भाषण, गीत, कविता आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बढ़ चढ़कर विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन एवं संयोजन डॉ. श्वेता श्रीवास्तव, डॉ. प्रियंका मेहरा, डॉ. सपन राज, डॉ. आकांक्षा, दिव्या टिकारिया के द्वारा किया गया। सरस्वती वंदना का गायन नेहा मालवीय ने किया। तकनीकी सहायता विवेक मालवीय, निधि सेन, श्रीराम लखन प्रजापति, रितिका मालवी आदि उपस्थित थे।



### राजा भोज महाविद्यालय में मनाया गया गुरु पूर्णिमा महोत्सव



**मंडीदीप।** औद्योगिक नगर के राजा भोज शासकीय महाविद्यालय में गुरुवार को गुरु पूर्णिमा उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन से हुआ, जिसमें जनभागीदारी अध्यक्ष रामनिवास पाल ने गुरु एवं माता-पिता के सम्मान एवं कृतज्ञता पर बात की। विशेषज्ञ अतिथि डॉ. आरएस राय ने छात्रों का कर्तव्यनिष्ठ, अनुशासित एवं उत्साह के साथ कार्य करते रहने की प्रेरणा दी। डॉ. एसके भदौरिया ने छात्रों को आध्यात्मिक मार्ग के गुण बताए।

### श्रीराम शरणम ने किया अमृतवाणी संकीर्तन और भजन का आयोजन



औद्योगिक नगर में श्री राम शरणम परिवार ने गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य में प्रार्थना की गई। गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य में विशेष प्रार्थना में दूर-दूर से साधक भाई- बहन गुरु चरणों में नतमस्तक होने के लिए आए। सदैव की भांति पहले परमेश्वर के राम नाम का ध्यान किया गया। इसके बाद श्रद्धालुओं ने सुंदर कांड का पाठ किया। अनिल गौर ने बताया कि गुरु पूर्णीमा के अवसर पर इंदिरा नगर में अमृतवाणी संकीर्तन व भजनों का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रदालु मौजूद रहे।

### गुरु ही ज्ञान है और ज्ञान ही गुरु है: भगवान दीदी



**संतनगर।** उपनगर में गुरु पूर्णिमा पर्व गुरु महिमा के साथ कई आयोजनों के बीच मनाया गया। इस अवसर पर पंचवटी कॉलोनी में राजकुमार चांदवानी के निवास परिसर में आयोजित कार्यक्रम में भगवान दीदी ने कहा कि गुरु ही ज्ञान है और ज्ञान ही गुरु है, जो व्यक्ति गुरु की शरण में जाता है, वो कभी नहीं भटकता है। गुरु की ऐसी महिमा होती है कि रास्ता अपने आप मिलने लगता है। वहीं विद्यासागर पब्लिक स्कूल, राधीबाई हासोमल ख्यांतानी फाउंडेशन स्कूल, तथा अर्जन हाथीरामानी मेमोरियल प्ले स्कूल में प्रधानाध्यापिका मिष्ठी वासवानी ने विद्यार्थियों से कहा कि कहा कि आपके पहले गुरु आपके माता-पिता हैं जो आपको चलना, बोलना और कई बातें सिखाते हैं।

## निवेशकों को प्रशस्ति पत्र भेंट करेंगे मुख्यमंत्री डॉ. यादव

# शहरी विकास के ब्लूप्रिंट और भविष्य की योजनाओं पर केंद्रित होगा ग्रोथ कॉन्क्लेव, डेढ़ हजार से अधिक निवेशकों, उद्योगपतियों की होगी सहभागिता

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव 11 जुलाई को इंदौर स्थित ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में आयोजित 'मध्यप्रदेश ग्रोथ कॉन्क्लेव 2025- सिटीज ऑफ टुमॉरो' का शुभारंभ करेंगे।

डॉ. यादव इस अवसर पर होटल, पर्यटन, रियल एस्टेट और इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्रों के प्रमुख निवेशकों से संवाद करेंगे। आयोजन प्रदेश में शहरी विकास के ब्लूप्रिंट और भविष्य की योजनाओं पर केंद्रित रहेगा। इस उच्च स्तरीय आयोजन में देश के 1500 से अधिक निवेशकों, उद्योगपतियों, कॉर्पोरेट प्रतिनिधियों की सहभागिता होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव दोपहर 1.30 बजे कॉन्क्लेव स्थल पर पहुंच कर प्रदर्शनी का अवलोकन करेंगे, उसके बाद विशिष्ट अतिथियों के साथ बैठक करेंगे। डॉ. यादव दोपहर 3 बजे दीप प्रज्ज्वलन के साथ कॉन्क्लेव का शुभारंभ करेंगे।

### इंदौर में ग्रोथ कॉन्क्लेव 2025 'सिटीज ऑफ टुमॉरो' का आयोजन



### संस्थाओं की लगाई जाएगी प्रदर्शनी

*कॉन्क्लेव में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और नगरीय प्रशासन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। आयोजन में क्रेडाई, नगर निगम, आईडीए, स्मार्ट सिटी, हाउसिंग बोर्ड, मैट्रो, हुडको, एलआईसी सहित कई संस्थाओं की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी।*

### चार तकनीकी-सत्र होंगे आयोजित

*कॉन्क्लेव में चार तकनीकी-सत्र आयोजित होंगे, जिनमें शहरी उत्कृष्टता के लिए आधिनिक तकनीक, विकास के केंद्र के रूप में शहर, भविष्य के लिए सतत हरित शहरीकरण और भविष्य के शहरों की यातायात व्यवस्था जैसे विषयों पर विशेषज्ञ सहभागिता करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कॉन्क्लेव में एमपी लॉकर, ईटी अर्बन ट्रांसफॉर्मेशन समिट 2025 ब्रोशर का विमोचन, एमओयू साइनिंग और सौगात का उद्घाटन एवं अनावरण करेंगे। वह निवेशकों को प्रशस्ति-पत्र भी भेंट करेंगे। इसके साथ ही मध्यप्रदेश के शहरीकरण में निवेश अवसरों पर आधारित लघु फिल्मों का प्रदर्शन किया जाएगा।*

### शहरीकरण में निवेश के अवसर

प्रदेश में मेट्रो, ई-बस, मल्टीमॉडल हब, अफोर्डेबल हाउसिंग, वॉटरफ्रंट डेवेलपमेंट, सीवेज नेटवर्क, ई-गवर्नेंस, स्वच्छ ऊर्जा, इलेक्ट्रिक वाहन, स्मार्ट रोड्स जैसे क्षेत्रों में निवेश की असीम संभावनाएं हैं। प्रदेश में अफोर्डेबल हाउसिंग में 8 लाख 32 हजार से अधिक किफायती आवास तैयार किए जा चुके हैं और 10 लाख से अधिक नए आवासों पर कार्य चल रहा है, जिनमें लगभग 50,000 रुपए करोड़ का निवेश संभावित है। रियल इस्टेट की योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए मानव संसाधन उपलब्ध हैं। पाइपलाइन वाटर सप्लाई कवरेज की सुविधा और शतप्रतिशत शहरी क्षेत्र सीवरेज सिस्टम उपलब्ध है। स्थानीय निकायों में 23 सेवाएं ऑनलाइन डिजिटल प्लेटफार्म पर उपलब्ध कराई गई हैं। नगरीय निकायों में सेन्ट्रलाइज पोर्टल के माध्यम से मंजूरी दी जा रही है। प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी 17 हजार 230 योजनाएं क्रियान्वित की जा रही है।

### रफ्तार देगा ग्रोथ कॉन्क्लेव

प्रदेश में शहरी क्षेत्रों में स्वच्छ पर्यावरण के लिए 2 हजार 800 करोड़ और वाटर फ्रंट से संबंधित डेवलपमेंट में 2 हजार करोड़ रुपए की परियोजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। प्रदेश में शहरी क्षेत्रों में सुगम परिवहन व्यवस्था के विस्तार के लिए 21 हजार करोड़ रूपए की परियोजनाएं संचालित हैं। वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने और पेट्रोलियम ईंधन के कार्बन फुट-फ्रंट रोकने के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा दिया जा रहा है। प्रदेश के बड़े शहरों में 552 इलेक्ट्रिक बसों का संचालन शुरू किया जा रहा है। प्रदेश में इलेक्ट्रिक व्हीकल पॉलिसी-2025 लागू की गई है।

## गुरु पूर्णिमा पर डॉ. यादव ने महर्षि सांदीपनि आश्रम पहुंचकर की पूजा-अर्चना

# महर्षि सांदीपनि की शिक्षा से श्रीकृष्ण को जगद्‌गुरु की मिली उपाधिः सीएम



विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि गुरू महर्षि सांदीपनि द्वारा प्रदान की गई विद्या से ही भगवान श्रीकृष्ण को विश्व-गुरू की उपाधि मिली। उन्होंने गुरुवार को गुरु पूर्णिमा पर उज्जैन के महर्षि सांदीपनि आश्रम पहुंचकर भगवान श्रीकृष्ण के गुरु महर्षि सांदीपनि के दर्शन किए और पूजन-अर्चन कर आरती की। पंडित राजेश जोशी ने पूजा अर्चना संपन्न करवाई। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर अति प्राचीन श्री कुंडेश्वर महादेव मंदिर पहुंचकर भगवान के दर्शन भी किए। इस अवसर पर विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, संजय अग्रवाल, राजपाल सिंह सिसोदिया सहित अधिकारी और नागरिक मौजूद रहे।

### सांदीपनि आश्रम का अतीत गौरवशाली और अद्वितीय

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वे पिछले कई वर्षों से लगातार गुरु पूर्णिमा के अवसर पर सांदीपनि आश्रम आकर दर्शन और पूजा अर्चना करते हैं। महर्षि सांदीपनि आश्रम का अतीत अत्यंत गौरवशाली और अद्वितीय रहा है। आज से लगभग 5000 वर्ष पहले भगवान श्रीकृष्ण, सुदामा और बलराम ने यहां आकर महर्षि सांदीपनि से विद्या ग्रहण की थी। भगवान श्रीकृष्ण ने गुरु महर्षि सांदीपनि व्यास से बहुत कम दिनों में 14 विद्या और 64 कलाओं का अध्ययन किया था। एक विद्यार्थी का सर्वांगीण विकास कैसे हो सकता है, इसका इतिहास इसी सांदीपनि आश्रम में रचा गया था। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने अपनी ओर से सभी को गुरु पूर्णिमा पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दी।

### भगवान श्री काल भैरव का किया पूजन



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरु पूर्णिमा पर उज्जैन में भगवान श्री काल भैरव मंदिर पहुंचकर दर्शन और पूजन-अर्चन किया और देश-प्रदेश की सुख-समृद्धि की प्रार्थना की। उन्होंने भगवान श्री महाकाल की नगरी से देश और प्रदेशवासियों को गुरु पूर्णिमा पर्व की मंगलकामनाएं भी दी।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल ने शिक्षकों को किया सम्मानित



*भोपाल। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने गुरू पूर्णिमा पर बैतूल में गुरूजन सेवानिवृत प्रोफेसर डॉ. केके चौबे, डॉ. जयराम कोरी, सेवानिवृत शिक्षक रामरतन जयसिंहपुरे एवं एनके पटेल के निवास पहुंचकर उनका सम्मान किया। इस अवसर विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे, जिला अध्यक्ष सुधाकर पंवार एवं पूर्व जिला अध्यक्ष आदित्य शुक्ला उपस्थित रहे।*

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने गुरु पूर्णिमा पर लिया गुरू से आशीर्वाद

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने गुरूवार को गुरू पूर्णिमा पर बैतूल में प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य पंडित डॉ. कांत दीक्षित के निवास पहुंचकर उनका सम्मान किया एवं आशीर्वाद लिया। तत्पश्चात खंजनपुर स्थित श्री धूनी वाले दादाजी की पावन कुटी में पूजन-अर्चन कर प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि की कामना की।



## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने लिया क्षिप्रा नदी पर निर्माणाधीन घाटों का जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को उज्जैन में सिंहस्थ के लिए बनाए जा रहे घाटों के निर्माण कार्य का अवलोकन किया। डॉ. यादव ने माता क्षिप्रा को प्रणाम करने के बाद नौका विहार कर सिंहस्थ 2028 में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए किए जा रहे 29 किमी से अधिक लंबे घाट निर्माण कार्यों का जायजा लिया।



### सुविधापूर्वक स्नान कर सकेंगे भक्त

इन घाटों के निर्माण के बाद सिंहस्थ के दौरान श्रद्धालु सुविधापूर्वक स्नान कर सकेंगे। जल मार्ग शुरू होने से भी श्रद्धालु जल, वायु और सड़क तीनों मार्ग से आसानी से मंदिरों तक पहुंच कर दर्शन कर सकेंगे।

**ट्रैफिक में रेड लाइट पर वाहन में रुक कर सामान्य लोगों की तरह किया इंतजार, ग्रीन लाइट होने पर आगे बढ़े**

# मुख्यमंत्री ने खरीदे फल विक्रेताओं से किया संवाद

### सीएम डॉ. मोहन ने फलों के लिए किया ई-पेमेंट, लोगों से चर्चा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार की रात टीटी नगर पहुंचकर फल खरीदे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ई- पेमेंट किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ठेले वालों से उनके व्यवसाय के संबंध में जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने शहर के नागरिकों से भी चर्चा की।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव सादे ढंग से सिर्फ दो वाहनों में बाजार पहुंचे और 15 मिनट रुक कर फल खरीद कर अपने निवास लौट गए। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ट्रैफिक रेड लाइट पर रुक कर सामान्य नागरिकों की तरह वाहन चालक को निर्धारित समय रोककर फिर ग्रीन लाइट होने पर आगे बढ़ाने के निर्देश दिए।



# ओबीसी महासभा ने प्रदेशभर में प्रदर्शन कर आरक्षण होल्ड हटाने दिया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल




ओबीसी महासभा जिला कार्यकारिणी द्वारा भोपाल में 13% ओबीसी आरक्षण होल्ड हटाओ जनगणना के साथ जातिगत जनगणना और कलम लागू करने की मांग करते हुए गुरुवार को प्रदेशभर में प्रदर्शन कर प्रशानिक अधिकारियों को ज्ञापन सौपा।

भोपाल में समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मनोज यादव प्रदर्शन में शामिल हुए। जिन्होंने कहा कि सरकार ओबीसी वर्ग के लोगों को गुमराह कर रही है और वोट बैंक की राजनीति कर रही है। इस अवसर पर महेंद्र सिंह लोधी राष्ट्रीय खेल समिति सदस्य, राजकुमार यादव राष्ट्रीय अध्यक्ष ओबीसी जन कल्याण, पुरुषोत्तम लोधी जिला अध्यक्ष, बाबूलाल पहलवान, गितेश साहू, राष्ट्रीय कार्य समितिसदस्य कमलेश सिंह व सुमित यादव व ओबीसी संगठन के कार्यकर्ता मौजूद थे।

## नायक बोले - खाद के लिए खाली हाथ लौट रहे किसान

**भोपाल।** प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक ने खाद और बीज की कमी के मामले में सरकार को घेरा। उन्होंने गुरुवार को पीसीसी में आयोजित प्रेस कांफ्रेस के माध्यम से आरोप लगाते हुए कहा कि किसान समय पर बुवाई के लिए डीएपी और खाद के लिए तरस रहे हैं, वहीं दूसरी ओर उन्हें अमानक खाद, बीज और कीटनाशक देकर उनके भविष्य को अंधकार में झोंका जा रहा है। यह केवल कुप्रबंधन नहीं, बल्कि किसानों के साथ खुला धोखा है।

# क्राइम इन्वेस्टीगेशन में वैज्ञानिक जांच को आधुनिक बनाने के प्रयास पर डीजीपी ने अफसरों से की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नए आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए पुलिस मुख्यालय लगातार प्रयास कर रहा है। इसी क्रम में पीएचक्यू में गुरुवार को बैठक हुई। इसमें फोरेंसिक विज्ञान मोबाइल वैन, अपराध स्थल के दौरे, सबूत जुटाने को आधुनिक बनाने के प्रयासों पर चर्चा हुई।

बैठक में डीजीपी कैलाश मकवाना सहित सभी विशेष पुलिस महानिदेशक और अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक उपस्थित रहे।



अधिकारियों ने वैज्ञानिक जांच की क्षमता को आधुनिक बनाने के प्रयासों पर जोर दिया।

नए आपराधिक कानूनों के तहत 7 वर्ष से अधिक सजा वाले अपराधों में फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी की टीम का अपराध स्थल पर पहुंचना अनिवार्य कर दिया गया है। इसके लिए मध्य प्रदेश में 57 फोरेंसिक लैब के लिए 36 करोड़ 94 लाख रुपए का प्रावधान किया गया है,

## ईओडब्ल्यू में रिक्त पदों को भरने के लिए डीजी ने लिखा पत्र

**भोपाल।** ईओडब्ल्यू के स्पेशल डीजी उपेंद्र जैन ने पुलिस कमिश्नर भोपाल इंदौर सहित प्रदेश के सभी पुलिस अधीक्षकों के लिए एक परिपत्र जारी किया है। परिपत्र में उल्लेख है कि ईओडब्ल्यू में काफी समय से निरीक्षक, कार्यवाहक निरीक्षक, प्रधान आरक्षक और कार्यवाहक प्रधान आरक्षक के पद रिक्त हैं। जांच एजेंसी में काम करने के लिए इच्छुक अफसर कर्मचारियों के नाम सहमति के साथ सप्ताह भर के अंदर ईओडब्ल्यू मुख्यालय भेजें।

## सेहतनामा




### लड़ाई कराने में शुभचिंतकों का हाथ

राजधानी के मॉडल अस्पताल जेपी में दो डॉक्टरों के बीच हुआ मामूली विवाद इतना बढ़ गया कि नौबत मारपीट तक जा पहुंची। ओपीडी में डॉक्टरों को आपस में झगड़ते देख कर्मचारियों ने किसी तरह उन्हें शांत तो करा दिया, लेकिन उनमें किस बात तो लेकर लड़ाई हुई, इसका खुलासा नहीं हो सका है। डॉक्टरों के बीच हुए विवाद को लेकर अस्पताल के कर्मचारी अब तरह-तरह के कसास लगा रहे है। कोई कह रहा कि रुपए को लेकर दोनों में विवाद हुआ होगा। तो किसी का कहना है कि इनकी लड़ाई कराने में उनके ही शुभचिंतकों का हाथ है। जब इस पता विवाद करने वाले डॉक्टरों को लगा तो उन्होंने अपने शिभचिंतकों से दूरी बनाना ही बेहतर समझा।

### डॉक्टर साहब की निकाल दी सारी दादागिरी

हमीदिया अस्पताल के एक डॉक्टर का मिजाज इतना गर्म है कि आए-दिन उनका किसी ना मरीज से विवाद होना तय है। कुछ दिन पहले तो गजब ही हो गया। एक मरीज डॉक्टर साहब को दिखाने गया, लेकिन वह काफी देर तक अपने मोबाइल पर बात करते रहे, जब काफी देर हो गई तो मरीज ने चिल्लाते हुए डॉक्टर से मोबाइल बंद कर इलाज करने को कहा, फिर क्या था डॉक्टर साहब गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया, वह मरीज भला-बुरा कहने लगे। मरीज ने भी डॉक्टर साहब को ऐसी फटाकर लगाई कि डॉक्टर साहब की सारी दादागिरी निकल गई।

### साहब से मत लेना पंगा

स्वास्थ्य विभाग एक अधिकारी के मिजाज में एकाएक बदलाव आने से कर्मचारियों में हड़कंप मचा हुआ है। अमूमन शांत रहकर भगवान का गुणगान करने वाले अधिकारी का मिजाज इन दिनों गरम है। अगर कोई कर्मचारी किसी काम से उनके पास जाता है तो वह गलती हो या ना हो कर्मचारी को बिना फटकार लगाए वापस नहीं जाने देते। साहब के गरम मिजाज को देखते हुए कर्मचारियों ने उनसे कन्नी काटना शुरू कर दी है। साहब का यह अंदाज देखकर कर्मचारी कुछ कहने की बजाए शांत ही रहते हैं। बता दें कि ये साहब इस साल रिटायट होने वाले हैं, इसलिए कोई उनके पंगा नहीं लेना चाहता।

### अब पहले जैसा नहीं साहब का जलवा

स्वास्थ्य विभाग के एक साहब का जलवा लगता है उतार पर है। अधिकारी और कर्मचारी अब उन्हें हल्के में लेने लगे हैं। पहले साहब जब जिला के सीएमएचओ थे तो उनके एक इशारे पर काम करने वाली लाइन लग जाती थी। हर कोई साहब को खुश करने की जुगत में रहता था। आवभगत से साहब भी गदगद रहते थे। पर कुछ दिनों से माहौल बदल गया है, अब साहब की आवभगत करना तो दूर अधिकारी उनकी बातों को तवज्जों तक नहीं देते। बता दें कि साहब का जलवा विभाग में अब पहले जैसा नहीं रहा है। साहब का जलवा कम होते ही उनके शुभचिंतकों ने अब उनसे किनारा कर लिया है।

सचिन सिंह बैस

## सड़कों पर गड्ढे को लेकर दिए मंत्री के बयान को पटवारी ने बताया गैरजिम्मेदाराना

**भोपाल।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने मध्यप्रदेश की सड़कों की बदहाली को लेकर पीडब्ल्यूडी मंत्री राकेश सिंह के बयान को गैरजिम्मेदाराना करार दिया है। उन्होंने कहा कि जब तक सड़कें रहेंगी, तब तक गड्ढे रहेंगे का मंत्री ने जो बयान दिया है, यह प्रदेश की जनता के जख्मों पर नमक छिड़कने का काम है। उनका यह बयान एक मंत्री की कुर्सी पर बैठे व्यक्ति की संवेदनहीनता और गैरजवाबदेही को दर्शाता है। सरकार ने सड़क निर्माण और मरम्मत के नाम पर हजारों करोड़ रुपये खर्च किए, लेकिन हालात पहले से भी बदतर हैं। एक ही सड़क को बार-बार मरम्मत के नाम पर बिल पास कर ठेकेदारों को भुगतान किया गया।



## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जानकारी प्राप्त कर दिए निर्देश

### भर्तियों के कार्य की सतत समीक्षा करें वरिष्ठ अधिकारी

# तेजी से पूरा किया जाए शासकीय विभागों के रिक्त पदों की भर्ती का कार्यः मुख्यमंत्री

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि विभिन्न शासकीय विभागों में रिक्त पदों को भरने का कार्य तेजी से पूर्ण किया जाए। रिक्त पदों पर सतत रूप से नियुक्तियों का कार्य होने से विभागों के नियमित कार्यों में भी गति आ रही है। साथ ही वर्षों पश्चात पदोन्नतियों की प्रक्रिया प्रारंभ किए जाने से भी बड़ी संख्या में पदों पर नियुक्ति का कार्य आसान हो रहा है।

वरिष्ठ अधिकारी नवीन शासकीय भर्तियों के कार्य की सतत समीक्षा करें। डॉ. यादव ने गुरुवार को समत्व भवन, मुख्यमंत्री निवास में हुई एक बैठक में विभिन्न शासकीय विभागों में रिक्त पदों पर भर्ती के संबंध में जानकारी प्राप्त कर निर्देश दिए।



### शासकीय भर्तियों की प्रगति की जानकारी दी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विभागों में नियुक्तियों के कार्य की निरंतर समीक्षा भी की जाए। मुख्य सचिव स्तर और अपर मुख्य सचिव सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा विभागों को समय सीमा में कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया है। इस क्रम में विभागों से पालन प्रतिवेदन प्राप्त किया जाए। इस कार्य को आवश्यक समन्वय और सर्वोच्च प्राथमिकता से पूर्ण किया जाए। बैठक में अपर मुख्य सचिव सामान्य प्रशासन विभाग संजय कुमार शुक्ल ने लोक सेवा आयोग, कर्मचारी चयन मंडल और अन्य स्तर से नवीन शासकीय भर्तियों की प्रगति से अवगत करवाया। बैठक में मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय नीरज मंडलोई, सचिव मुख्यमंत्री सिबि चक्रवर्ती, आयुक्त जनसम्पर्क डॉ. सुदाम खाड़े एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### जांच होने पर नए नाम से दुकान खोलकर बेचा माल, अवधपुरी पुलिस ने दर्ज की धोखाधड़ी की एफआईआर

# सेल्समैन ने व्यापारी के साथ मिलकर कंपनी को लगाया 36 लाख का चूना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आटा, बेसन, पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर व पिसे मसालों का उत्पादन करने वाली विहान कंपनी को कंपनी के सेल्समैन ने व्यापारी के साथ मिलकर 36 लाख रुपए का चूना लगा दिया। कंपनी के नियमों को ताक पर रखकर सेल्समैन माल सप्लाई का पूरा पैसा न लेकर सिर्फ 50 फीसदी रकम ले रहा था। इतना ही नहीं, यह जानते हुए कि व्यापारी के बैंक अकाउंट में रकम नहीं है, उसने 10 चेक ले लिए। अवधपुरी पुलिस ने कंपनी के सीईओ की शिकायत पर सेल्समैन व व्यापारी के खिलाफ धोखाधड़ी व अमानत में खयानत की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

पुलिस के मुताबिक पल्लवी नगर बावड़िया कला शाहपुरा निवासी विकास शवानी (45) विहान इंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में सीईओ के पद पर हैं, जबकि कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर रामकिशन दुबे हैं। कंपनी का हेड ऑफिस पल्लवी नगर में है और यह कंपनी आटा, बेसन, पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर, पिसे मसाले का उत्पादन करती है। सेल्स एजेंट्स के माध्यम से बाजार में माल सप्लाई किया जाता है। मनीष चौरसिया को सेल्समैन के पद पर फरवरी 2024 को नियुक्त किया गया, जिसका काम मार्केट में आर्डर लेकर माल सप्लाई कराना और बेचे हुए माल की रकम मार्केट से लेकर कंपनी में जमा कराना था। मनीष चौरसिया ने राहुल ट्रेडर्स के मालिक राहुल ठाकुर को आटा, बेसन व मसाले बेचे थे। इसका गोदाम ऋषिपुरम अवधपुरी में है। इसमें एक करोड़ 14 लाख रुपए का आटा, 11 लाख एक हजार रुपए का बेसन व 45 लाख रुपए के मसाले सप्लाई किए गए थे। कंपनी के नियम के अनुसार मनीष चौरसिया को हर बेचे माल की पूरी अदायगी के बाद दूसरा माल देना था, लेकिन उसने हर बिल के एवज में सिर्फ 50 फीसदी रकम जमा कराई और दूसरा माल देता गया। माल सप्लाई का करीब 34 लाख रुपए कंपनी में जमा नहीं कराया।

## बैंक खाते में रकम नहीं होने के बाद भी 10 चेक दिए थे

विकास शवानी ने लिखित शिकायती आवेदन देते हुए बताया कि मनीष चौरसिया ने राहुल ठाकुर के साथ मिलकर धोखाधड़ी की है। नवंबर 2024 में कंपनी की ओर से मनीष चौरसिया को लिखित सूचना दी गई कि कंपनी की फाइनेंस टीम इस मामले की जांच कर रही है। इसके बावजूद मनीष चौरसिया ने फिर से राहुल ठाकुर के साथ मिलकर स्वास्तिक इंटरप्राइजेज प्रगति नगर अवधपुरी, दीपक ट्रेडर्स अयोध्या नगर, नेशनल इंटरप्राइजेज, राजधानी पारस सिटी ट्रांसपोर्ट नगर कोकता में नए नाम से दुकान खोलकर राहुल ठाकुर को विहान इंटरप्राइजेज कंपनी का माल देना शुरू कर दिया। आरोपी मनीष ने करीब 36 लाख एक हजार रुपए का लाभ राहुल ठाकुर को पहुंचाकर अमानत में खयानत की है। आरोपी राहुल ठाकुर ने यह जानते हुए कि उसके बैंक खाते में रकम नहीं है, 10 चेक आरोपी मनीष को दिए थे और मनीष को भी मालूम था कि राहुल के खाते में पैसे नहीं है, इसके बावजूद उसने 10 चेक ले लिए। पुलिस ने आवेदन जांच के बाद आरोपी मनीष चौरसिया व राहुल ठाकुर के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

### क्यूनेट प्लेटफार्म में बिजनेस स्टार्टअप व अच्छा मुनाफा बताकर की ठगी

# सहकर्मियों ने महिला को ट्रेडिंग के नाम पर लगाया 3 लाख 30 हजार रुपए का चूना

*ऑनलाइन ट्रैडिंग बिजनेस के नाम पर महिला से सहकर्मियों द्वारा 3 लाख 30 हजार रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। महिला को जब पता चला कि यह बिजनेस फ्रॉड है और लोगों को फंसाने के बदले कमीशन मिलता है तो उन्होंने अपने रुपए वापस मांगे। इस पर आरोपी महिला ने रुपए नहीं लौटाए। अपने रुपए वापस मांगने पर आरोपी महिला ने बच्चों को जान से खत्म करने की धमकी तक दी थी। फरियादी महिला ने घटना की शिकायत क्राइम ब्रांच पहुंचकर की। क्राइम ब्रांच ने आरोपी महिला सहित तीन पर धोखाधड़ी की एफआईआर दर्ज की है। क्राइम ब्रांच के अनुसार मीनाक्षी पटेल पति अशोक पटेल (40) आधारशिला, अवधपुरी में रहती हैं। उन्होंने क्राइम ब्रांच को शिकायती आवेदन देते हुए बताया कि उनके साथ काम करने वाली पूर्णिमा पटेल व रवि कुमार पटेल सहित फहरीन खान ने मिलकर क्यूनेट प्लेटफर्म में बिजनेस स्टार्टअप करने व अच्छा मुनाफा का प्रलोभन देकर उनके साथ 3 लाख 30 हजार रुपए की ठगी की है। सहकर्मी पूर्णिमा पटेल ने ऑनलाईन ट्रेडिंग के नाम पर डेढ़ लाख रुपए 22 मार्च 2023 को अपने अकाउंट में फोन पे के माध्यम से लिए। उसने कहा कि यह विजनेस का स्टाटअप है। इससे आपका 103 वर्ष तक का वैध लायसेंस बनेगा। माइक्रो सॉफ्ट कंपनी आपको वर्चुअल ऑफिस डिजाइन कर देगी। इससे आप घर बैठकर खाली समय में ट्रेडिंग कर सकती है। बाद 14 अप्रेल को ट्रेडिंग के नाम पर 80 हजार रुपए पूर्णिमा ने अपनी सीनियर फरहीन खान के खाते में फोन-पे पर ट्रांसफर करावाए। अब तक मीनाक्षी को पता नहीं था कि काम क्या करना है। आरोपियों द्वारा बताया गया कि अभी आप ट्रेनिंग पीरियड में हो। इसके बाद 4 अगस्त 2023 को 98 हजार रुपए फिर फोन-पे पर लिए गए। कुछ समय बाद मीनाक्षी को पता चला कि यह बिजनेस फ्रॉउ है क्योंकि यहां पर फंसाने का कमिशन मिलता है। इस पर मीनाक्षी ने पूर्णिमा पटेल से अपने पैसे वापस करने को कहा तो उसने धमकी देते हुए कहा कि तेरे पैसे वापस नहीं होंगे। तूने मुझे ज्यादा परेशान किया तो तेरे बच्चों के साथ कुछ भी करवा सकती हूं।*


**कार्यालय नगर पालिक निगम, भोपाल**
**यांत्रिक विभाग, जोन क्र. 20**

क्र.03 / यांवि/जोन क्र.20/25 भोपाल दिनांक 09/07/2025

निविदा आमंत्रण सूचना

निम्न कार्य हेतु म.प्र. लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से आनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण https://www.mptenders.gov.in पर है।

| क्र. | निविदा क्रमांक | कार्य का संक्षिप्त विवरण | अनुमानित लागत (रू.में) | निविदा क्रय करने की अंतिम दिनांक | समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025_UAD_435734_1 | CONSTRUCTION OF CC ROAD AT RAMA COLONY PHASE 2 WARD-06, ZONE-20 | 535445.00 | 23.07.2025 | 05:30 सांय |
| 2. | 2025_UAD_435748_1 | CC ROAD OVERLAY AT SHIKHAR AVENUE APPROACH ROAD AND PANCHVATI EXTENSION WARD-06, ZONE-20 | 1247127.00 | 23.07.2025 | 05:30 सांय |
| 3. | 2025_UAD_435792_1 | CC OVERLAY AND CC SLOPE CORRECTION AT SAWAN NAGAR HALAPUR WARD-06, ZONE-20 | 1624760.00 | 23.07.2025 | 05:30 सांय |
| 4. | 2025_UAD_435781_1 | CC OVERLAY FROM 99 STORE TO SHIKAHR STATE COLONY WARD-02, ZONE-20 | 768666.00 | 23.07.2025 | 05:30 सांय |
| 5. | 2025_UAD_435853_1 | MAINTENANCE AND DEVELOPMENT WORK AT VIKAS NAGAR COMMUNITY HALL WARD- 02, ZONE-20 | 932177.00 | 23.07.2025 | 05:30 सांय |
| 6. | 2025_UAD_435892_1 | CONSTRUCTION OF COMMUNITY HALL FOR BANJARA BASTI, WARD-01, ZONE-20 | 286978.00 | 23.07.2025 | 05:30 सांय |

नि. क्र. 1908/025/026

सहायक यंत्री
जोन क्र. 20
नगर पालिक निगम, भोपाल


## डॉ. अभिनव सिंह, एमपी गौरव रत्न अवॉर्ड से हुए सम्मानित

**भोपाल।** एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक प्रो. (डॉ.) अजय सिंह संकाय सदस्यों और छात्रों के बीच अकादमिक उत्कृष्टता और ज्ञान-साझाकरण की संस्कृति को सदैव बढ़ावा देते रहते हैं। प्रो. सिंह से प्रेरित होकर संकाय सदस्य विभन्न शोध कार्यों में असाधारण प्रदर्शन कर रहे हैं। हाल ही में बर्न्स एवं प्लास्टिक सर्जरी विभाग में सहायक प्रोफेसर डॉ. अभिनव सिंह को प्लास्टिक सर्जरी के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए एमपी गौरव रत्न अवॉर्ड 2025 से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान दर्शन सिंह चौधरी सांसद, कमल पटेल पूर्व मंत्री द्वारा प्रदान किया गया।

## पेज एक का शेष...

### शत-प्रतिशत परिणाम...

से दुनिया के कई देश प्रकाशमान हुए थे। वर्तमान समय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में भारत का स्वर्णिम काल चल रहा है। प्रधानमंत्री को 27 देशों का सर्वोच्च नागरिक सम्मान मिलना 140 करोड़ देशवासियों को गौरवान्वित करता है। मध्यप्रदेश सरकार बच्चों के सुनहरे भविष्य के लिए उन्हें उच्च गुणवत्ता युक्त शिक्षा और सभी सुविधाएं प्रदान करने के लिए संकल्पित है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विश्वविद्यालयों के कुलपतियों को कुलगुरु की संज्ञा दी गई है, क्योंकि गुरु ही हमें अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भोपाल के कमला नेहरू सांदीपनि कन्या विद्यालय के 36 करोड़ रुपए की लागत से तैयार नवनिर्मित भवन का लोकार्पण भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सनातन संस्कृति में नारी को देवी के रूप में पूजा जाता है। भारतीय समाज में उनका अलग ही स्थान है। प्रदेश की 1.27 करोड़ लाड़ली बहनों को रक्षाबंधन के अवसर पर 1500 रुपए की राशि ट्रांसफर की जाएगी।

**उज्जैन में प्रारंभ होगा आईआईटी का सैटेलाइट सेंटर:** डॉ. यादव ने कहा कि स्कूलों के उन्नयन के साथ प्रदेश के 55 पीएम एक्सीलेंस कॉलेजों में भी नई शिक्षा नीति लागू की गई है, जहां विद्यार्थियों को रोजगारपरक शिक्षा प्रदान की जा रही है। इसी उद्देश्य से उज्जैन में आईआईटी का सैटेलाइट सेंटर प्रारंभ किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार में चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य विभाग का विलय कर मेडिकल एजुकेशन एवं हेल्थ सेक्टर में नवाचार किया है। सरकार छोटे शहरों में मेडिकल कॉलेज खोलने पर जोर दे रही है, जिसके फलस्वरूप प्रदेश में आगामी 2 वर्ष के अंदर एमबीबीएस की सीटें 10 हजार हो जाएंगी।

### विद्यार्थियों ने एक ...

प्रसन्नता व्यक्त की और मुख्यमंत्री डॉ. यादव का अभिवादन किया। अभियान के पहले दिन विभिन्न जिलों में विद्यार्थियों को 4 लाख 30 हजार साइकिलें बांटी गईं।

### सांदीपनि विद्यालय...

पर उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए शिक्षक मनोज सोहनी, देवेंद्र बंसल, डॉ. एसके पाल, मनोज कौशल, सुरीत दास बनोथे, शुभांगी नामड़े, सारिका शर्मा, वंदना रामचंदानी, योगेश विश्नोई और बख्तौर खान को अंगवस्त्र एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सांदीपनि विद्यालय पर केंद्रित लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया।

### प्रूफ के रूप आधार, ....

ने अंतरिम रोक की मांग नहीं की है। जस्टिस सुधांशु धूलिया और जस्टिस जॉयमाला बागची की पीठ ने कहा कि हम सांविधानिक संस्था को वह करने से नहीं रोक सकते जो उसे करना चाहिए। कोर्ट ने चुनाव आयोग को अपना हलफनामा दायर करने के लिए एक सप्ताह का समय दिया है। वहीं, याचिकाकर्ताओं को उसके एक सप्ताह बाद जवाब दाखिल करने के लिए कहा है।

**सुप्रीम कोर्ट ने तीन मुद्दों पर मांगा जवाब:** सर्वोच्च न्यायालय ने चुनाव आयोग से तीन मुद्दों पर जवाब मांगा है। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग के वकील से कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि अदालत के समक्ष जो मुद्दा है वह लोकतंत्र की जड़ और मतदान के अधिकार से जुड़ा है। याचिकाकर्ता न केवल चुनाव आयोग के मतदान कराने के अधिकार को चुनौती दे रहे हैं, बल्कि इसकी प्रक्रिया और समय को भी चुनौती दे रहे हैं। इन तीन मुद्दों पर जवाब देने की जरूरत है।

### पुनरीक्षण को बिहार....

अस्तित्व ही नहीं है। आयोग किसी को भी मतदाता सूची से बाहर करने का न तो इरादा रखता है और न ही कर सकता है, जब तक कि आयोग को क़ानून के प्रावधानों द्वारा ऐसा करने के लिए बाध्य न किया जाए। हम धर्म, जाति आदि के आधार पर भेदभाव नहीं कर सकते। मतदाता सत्यापन के लिए जरूरी दस्तावेजों से आधार कार्ड को बाहर रखने पर चुनाव आयोग ने कहा कि आधार कार्ड नागरिकता का प्रमाण नहीं है। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से पूछा कि आप मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण में नागरिकता के मुद्दे को क्यों उठा रहे हैं? यह गृह मंत्रालय का अधिकार क्षेत्र है। अगर आपको पुनरीक्षण के जरिये नागरिकता की जांच करनी थी तो आपको यह पहले करना चाहिए था। इसमें अब बहुत देर हो चुकी है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि परेशानी पुनरीक्षण प्रक्रिया से नहीं है। बल्कि दिक्कत इसके लिए चुने गए समय से है।

### भाजपा ने 6, कांग्रेस...

जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट के निर्वाचन क्षेत्र सांवेर में हुए एक वार्ड के उपचुनाव में भाजपा के प्रत्याशी की जमानत जब्त हो गई है। मंडला के बिछिया में वार्ड क्रमांक 13 में कांग्रेस प्रत्याशी जानकी बाई धुर्वे ने पार्षद पद पर जीत दर्ज की है। शहडोल जिले के खांड में वार्ड क्रमांक 8 में हुए उपचुनाव में कांग्रेस के शशिधर त्रिपाठी ने जीत हासिल की। इंदौर के सांवेर में वार्ड नंबर 7 में कांग्रेस प्रत्याशी हसीना की जीत हुई है। प्रदेश के जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट के निर्वाचन क्षेत्र सांवेर में हुए एक वार्ड के उपचुनाव में भाजपा के प्रत्याशी की जमानत जब्त हो गई है। सांवेर नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 7 के लिए उपचुनाव हुआ था। इस वार्ड में कुल 1300 मतदाता हैं। इस उपचुनाव में 1044 मतदाताओं द्वारा मताधिकार का उपयोग किया गया। मतगणना में कांग्रेस प्रत्याशी हसीना बी को 913 वोट मिले, जबकि भाजपा प्रत्याशी को मात्र 117 वोट मिले। इस सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी ने 796 वोटों से जीत दर्ज की है। इस वार्ड के 14 मतदाताओं द्वारा नोटा को वोट दिया गया। इस विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस की प्रत्याशी रही रीना बौरासी सेतिया ने बताया कि भाजपा के प्रत्याशी की जमानत जब्त हो गई है।

### सीएम करेंगे होटल....

रियल एस्टेट, होटल इंडस्ट्री और टूरिज्म सेक्टर से जुड़े प्रतिनिधि, निवेशक आदि शामिल होंगे। आयोजन के दौरान एक भव्य प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी।

आयोजन में क्रेडाई, होटल इंडस्ट्री, टूरिज्म, नगर निगम, आईडीए, स्मार्ट सिटी, मैट्रो, हुडको, एलआईसी, हाउसिंग बोर्ड आदि की व्यापक भागीदारी रहेगी। प्रदर्शनी में इनसे संबंधित योजनाएं व प्रोजेक्ट्स प्रदर्शित किए जाएंगे। यह कॉन्क्लेव प्रदेश में शहरी विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। प्रदेश में विकास और निवेश शहरी परिवहन, किफायती आवास, स्लम पुनर्विकास, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, जलापूर्ति, सीवेज नेटवर्क, झील संरक्षण, डिजिटलीकरण, ई-गवर्नेंस, भवन स्वीकृति प्रणाली और स्वच्छ ऊर्जा, हरित भवन, रिन्यूएबल इनफ्रास्ट्रक्चर विकसित किया जा रहा है। निवेशक इन क्षेत्रों में निवेश कर भविष्य में होने वाले लाभ के सहभागी हो सकते हैं। प्रदेश में हाउसिंग सेक्टर में निवेश की अच्छी संभावना है। अफोर्डेबल हाउसिंग में 8 लाख 32 हजार से अधिक किफायती आवास तैयार किए जा चुके है। प्रदेश में 10 लाख नए आवास तैयार किए जा रहे हैं। इनमें 50 हजार करोड़ रुपए का निवेश संभावित है। स्थानीय निकायों में 23 सेवाएं ऑनलाइन डिजिटल प्लेटफार्म पर उपलब्ध कराई गई है। बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी 17 हजार 230 योजनाएं क्रियान्वित की जा रही है। परिवहन व्यवस्था के विस्तार के लिए 21 हजार करोड़ की परियोजनाएं संचालित हैं। प्रदेश के बड़े शहरों में 552 इलेक्ट्रिक बसों का संचालन शुरू किया जा रहा है।

### केंद्र सरकार एलआईसी...

बिक्री से सरकार को लगभग 21,000 करोड़ रुपए प्राप्त हुए। सरकार ने ओएफएस मार्ग के माध्यम से एलआईसी में आगे शेयर बिक्री के लिए अपनी मंजूरी दे दी है और इस पर चर्चा अभी प्रारंभिक चरण में है। बाजार की स्थिति को देखना और हिस्सेदारी बिक्री का फैसला लेना विनिवेश विभाग पर निर्भर है। सरकार को 16 मई 2027 तक अनिवार्य 10 प्रतिशत सार्वजनिक शेयरधारिता की आवश्यकता को पूरा करने के लिए सार्वजनिक क्षेत्र की जीवन बीमा कंपनी में 6.5 प्रतिशत हिस्सेदारी और बेचने की आवश्यकता है। हिस्सेदारी बिक्री की मात्रा, कीमत और समय पर निर्णय समय पर लिया जाएगा। एलआईसी का वर्तमान बाजार पूंजीकरण 5.85 लाख करोड़ रुपए है। बीएसई पर एलआईसी के शेयर 924.40 रुपए प्रति शेयर पर कारोबार कर रहे थे, जो पिछले बंद भाव से 2.27 प्रतिशत कम है।

### कुबेरेश्वर धाम में....

आप जिस भगवान को मानते हैं उसे अपना गुरु भी मानें। कुबेरेश्वर धाम में इस बार 10 से अधिक पंडाल और डोम के बाद भी बड़ी संख्या में आ रहे श्रद्धालुओं के लिए जगह कम पड़ गई।

खंडवा के दादाजी धाम मंदिर में आरती के बाद भक्तों का मेन गेट से प्रवेश बंद किया गया है। इसकी जगह 6 नंबर गेट से प्रवेश शुरू कराया गया है। 6 नंबर गेट पर 40 हजार भक्तों की क्षमता वाला वाटरप्रूफ डोम बनाया गया है। जितने लोग निकल रहे हैं, उससे तीन गुना लोगों का प्रवेश हो रहा है। यहां सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने भंडारों में पूड़ियां तलीं, रोटियां सेंकी और प्रसादी वितरित की।

### सीहोर और सागर...

की कोशिश की गई। बस अनियंत्रित होकर पुलिया से नीचे लटक गई। पुलिस और स्थानीय लोगों ने बस में सवार 6 यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। इधर, मंडला जिले के बिछिया, बीजाडांडी, नारायणगंज, निवास क्षेत्र के गांव सबसे अधिक प्रभावित हुए हैं।

कई रास्ते बंद हैं। बिछिया के अंजनिया, माधोपुर, मरारटोला, करियागांव, जगन्नाथ, भलवारा और बीजाडांडी के बरौची, पीपलधर, तुमती, विजयपुर गांवों में काफी नुकसान होना बताया गया है। प्रदेश में जारी तेज से भारी बारिश से के बीच मंडला, नरसिंहपुर, उमरिया, शिवपुरी, जबलपुर, रीवा, शहडोल-सागर के साथ ग्वालियर संभाग के कई जिलों में बाढ़ के हालात हैं। सागर और सीहोर में दो कारें नदी-नाले में बह गईं।

वहीं, कुछ जिलों में रास्ते पर पानी भरने से आवागमन में परेशानी हो रही है। नर्मदा नदी गुरुवार को भी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है।

### प्रदेश में औसत ....

है। मौसम केंद्र के अनुसार गुरुवार तक प्रदेश में औसत से 71 प्रतिशत अधिक बारिश हो चुकी है। पूर्वी मध्य प्रदेश में 84 प्रतिशत और पश्चिमी मध्य प्रदेश में औसत से 60 प्रतिशत अधिक बारिश से है।






## राशिफल

**मेष** — वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में लाभ के अवसर बढ़ेंगे।

**वृष** — आशा-निराशा के भाव रहेंगे। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिश्रम भी अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन परेशान हो सकता है। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। खर्चों की अधिकता रहेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**कर्क** — मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। सचेत रहें। कारोबार में परिश्रम भी अधिक रहेगा।

**सिंह** — आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

**तुला** — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी हो सकती है। कारोबार में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता के योग हैं।

**धनु** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। नौकरी में अफसरों से सदभाव बनाकर रखें। जीवनसाथी से मतभेद हो सकते हैं।

**मकर** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता है।

**कुंभ** — स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। कुछ कठिनाइयां भी आ सकती है।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। खर्चों की अधिकता रहेगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

### आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

\- व्यावस्थापक


छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंगको 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330
R- 23/06/25 to 18/08/25 not 22,29/06/25= 06,10,13,20,27/07/25 =03,09,10,15,16,17,18/08/25

हरिभूमि भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोप्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद



सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कजियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल


### शब्द पहेली - 5924



**बाएँ से दाएँ**
1.जो आदरणीय न हो-6
5.अनुक्षेपक,अंश -4
8.साथ-2
9.छोटी तलवार-3
10.विदेशी शराब का एक प्रकार -2
11.दुश्मनी-4
12.इस जगह-2
14.अनवरत-4
16.लाचार,बेबस-3
18.धुलाई करना-4
20.न्यूनता,निम्नता-5
23.समुद्री यात्री-5
26.पूंजी,संपत्ति-4
27.असंयमी,स्वच्छंद-3
29.वन में रहनेवाला-4
30.उम्मीद,आशा-2
32.सौंठ,एक कंद-4
33.जोर,बल-2
35.बसंतकाल-3
36.जोश,उग्रता-2
37.पाताल-4
38.सभ्य,होनहार-3,3

**ऊपर से नीचे**
1.जो संवैधानिक न हो-6
2.सांप,सर्प-2
3.दानेदार-4
4.जिगर,कलेजा-3
5.प्रेम,प्यार-3
6.पंख,पराया-2
7.मरियल, निर्बल-4
11.शत्रुता,वैमनस्यता (उर्दू-4)
13.शिकार फंसाने के लिए चिल्लाना-2
15.सुस्त,उनींदा-4
17.पदक-3
18.विश्वासघात-4
19.बहुमूल्य पत्थर-2
21.रानी,शहजादी-3
22.फलों का जूस-2
24.कुतरने वाला-4
25.मानक समुद्र तल (अंग्रेजी-2,1,3)
27.अपमान,उपेक्षित-4
28.पिता की बहन-2
29.सुखद वस्तु, ईष्ट कृपा, नेमत-4
31.बलवान-3
32.प्रार्थना-3
34.तिल,मस्सा-2
36.52 पत्तों का खेल, प्लेइंग कार्ड-2

### शब्द पहेली- 5923 का हल



### सूडोकु नवताल - 5934

★★★★★ कठिनतम




### सूडोकु नवताल - 5933 का हल



खबर संक्षेप

## सोना 250 रुपए बढ़ा चांदी के भाव स्थिर



**नई दिल्ली।** निवेशकों और स्टॉकिस्ट की ताजा लिवाली के कारण बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 250 रुपये बढ़कर 98,670 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। सराफा संघ ने यह जानकारी दी। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत बुधवार को 98,420 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी।

# 'एनवीडिया' भारत की जीडीपी से ज्यादा वैल्यूएबल हुई, एप्पल-माइक्रोसॉफ्ट सबको पछाड़ा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

चिप निर्माता एनवीडिया ने बुधवार को 4 ट्रिलियन डॉलर (लगभग 335 लाख करोड़ रुपए) की बाजार पूंजीकरण हासिल कर इतिहास रच दिया, और यह विश्व की पहली सार्वजनिक कंपनी बन गई जिसने यह उपलब्धि हासिल की। इस मील के पत्थर ने एनवीडिया को वॉल स्ट्रीट की सबसे पसंदीदा कंपनियों में शीर्ष पर स्थापित कर दिया। कंपनी के शेयर 2.5 प्रतिशत की उछाल के साथ 164 डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गए, जिसका मुख्य कारण कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) प्रौद्योगिकियों की बढ़ती मांग है।

■ एआई की मांग ने ग्राफिक्स और डेटा सेक्टर में दी जबरदस्त बढ़त

## एनवीडिया बना दुनिया की पहली 4 ट्रिलियन डॉलर वैल्यू वाली कंपनी

### जून 2023 में पहली बार 1 ट्रिलियन डॉलर पूंजीकरण पहुंचा था

एनवीडिया ने जून 2023 में पहली बार 1 ट्रिलियन डॉलर का बाजार मूल्य हासिल किया था, और मात्र दो वर्षों में यह चार गुना बढ़कर 4 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच गया। यह वृद्धि एप्पल और माइक्रोसाफ्ट जैसी दिग्गज कंपनियों की तुलना में कहीं अधिक तेज रही, जो 3 ट्रिलियन डॉलर से अधिक मूल्य वाली अन्य अमेरिकी कंपनियां हैं। वर्तमान में माइक्रोसाफ्ट का बाजार पूंजीकरण 3.75 ट्रिलियन डॉलर है, जबकि एप्पल 3.13 ट्रिलियन डॉलर पर है।




### चुनौतियों के बावजूद उड़ान

इस साल की शुरुआत में एनवीडिया को कुछ चुनौतियों का सामना करना पड़ा, खासकर जब चीन की स्टार्टअप डीपसैक ने कम लागत वाले एआई मॉडल पेश किए, जिससे निवेशकों में एआई-संबंधित शेयरों की कीमत को लेकर चिंता बढ़ी। इसके अलावा, अमेरिका-चीन व्यापार तनाव और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की टैरिफ नीतियों ने वैश्विक बाजारों में अस्थिरता पैदा की। फिर भी, एनवीडिया ने अप्रैल के निचले स्तर से 74 प्रतिशत की शानदार वापसी की और निवेशकों का भरोसा जीता।

### बाजार पर प्रभाव

एनवीडिया की इस उपलब्धि ने अमेरिकी शेयर बाजारों को भी नई ऊर्जा दी। बुधवार को नैस्डैक, एसएंडपी 500, और डॉव जोन्स जैसे प्रमुख सूचकांकों में भी तेजी देखी गई। एनवीडिया अब एसएंडपी 500 इंडेक्स का 7.5% हिस्सा है, जो इसकी ऐतिहासिक प्रभावशीलता को दर्शाता है।

### अभी नहीं रुकेगी ग्रोथ

विश्लेषकों का मानना है कि एनवीडिया की वृद्धि अभी थमने वाली नहीं है। वेडबश के विश्लेषक डैन इव्स ने इसे "ऐतिहासिक क्षण" करार देते हुए कहा कि अगले 18 महीनों में कंपनी 5 ट्रिलियन डॉलर के लक्ष्य की ओर बढ़ सकती।

## पतंजलि योगपीठ में गुरु पूर्णिमा महोत्सव सम्पन्न

# सनातन धर्म को युग धर्म के रूप में स्थापित करने का पर्व है गुरु पूर्णिमा: स्वामी रामदेव

- गुरु पूर्णिमा की सार्थकता तभी है जब हम अपने गुरु पर पूर्ण आस्था रखते हुए उनके बताए मार्ग का अनुसरण करें : आचार्य बालकृष्ण
- पूरे विश्व को भारत से मिलेगी नई दिशा, भारत बनेगा विश्वगुरु : स्वामी रामदेव

एजेंसी ▶▶| हरिद्वार



गुरु-शिष्य परम्परा का प्रतीक 'गुरु पूर्णिमा' पर्व पतंजलि योगपीठ के संस्थापक अध्यक्ष स्वामी रामदेव जी महाराज व महामंत्री आचार्य बालकृष्ण जी महाराज के सान्निध्य में पतंजलि वैलनेस, योगपीठ-2 स्थित योगभवन ऑडिटोरियम में आस्था व समर्पण के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में स्वामी रामदेव तथा आचार्य बालकृष्ण ने एक-दूसरे को माला पहनाकर गुरु पूर्णिमा पर्व की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर स्वामी रामदेव जी महाराज ने कहा कि गुरु पूर्णिमा सनातन धर्म को युग धर्म के रूप में स्थापित करने का पर्व है। यह भारत की गौरवशाली गुरु-शिष्य परम्परा, ऋषि परम्परा, वेद परम्परा व सनातन परम्परा का परिचायक तथा इनको पूर्णता प्रदान करने वाला पर्व है। उन्होंने कहा क्रि वेद, ऋषि और गुरु धर्म में राष्ट्र धर्म भी समाहित हैं। उन्होंने पतंजलि विवि के विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आपको ऋषित्व और देवत्व में जीना हैं, इसी से जगत में नयी क्रांति का संचार होगा। उन्होंने कहा कि आज पूरे विश्व में वर्चस्व की लड़ाई चल रही है। वर्चस्व सत्य, योग, अध्यात्म व न्याय का होना चाहिए। अलग-अलग कारणों से पूरी दुनिया में अलग-अलग प्रकार के वैचारिक उन्माद, मजहबी उन्माद, भौतिकवाद, इंटिलेक्चुअल टैररिज्म, रिलिजियस टैररिज्म, पॉलिटिकल, इकॉनोमिकल टैरेरिज्म, मेडिकल टैरेरिज्म, एजुकेशनल टैरेरिज्म चल रहे हैं। ऐसे में पूरे विश्व को भारत से शिक्षा, चिकित्सा, आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक दिशा मिलेगी और भारत की प्रतिष्ठा विश्वगुरु के रूप में होगी। इस अवसर पर आचार्य बालकृष्ण महाराज ने कहा कि गुरु पूर्णिमा पर्व गुरु-शिष्य परम्परा को प्रदर्शित करने का पर्व है किंतु इसकी सार्थकता तभी है जब हम अपने गुरु पर पूर्ण आस्था रखते हुए उनके बताए मार्ग का अनुसरण करें। उनके द्वारा बताए गए नियमों का आलंबन लेकर अपने जीवन को सद्मार्ग पर ले जाएं। उन्होंने कहा कि भारत गुरु-शिष्य परंपरा, योग, आयुर्वेद, सनातन, वैदिक ज्ञान के जरिए ही विश्व गुरु बनेगा। अपने जीवन में किसी ऐसे आदर्श गुरु, महापुरुष का आश्रय व आलम्बन लें जिससे जीवन की उन्नति का मार्ग प्रशस्त हो। इस अवसर पर भारतीय शिक्षा बोर्ड के कार्यकारी अध्यक्ष एन.पी. सिंह ने सनातन क़ो प्रणाम करते हुए कहा कि गुरु पूर्णिमा का यह दिव्य वातावरण अद्भुत है। स्वामी रामदेव और आचार्य बालकृष्ण के आशीर्वाद से शिक्षा में समग्र क्रांति का सूत्रपात पतंजलि के माध्यम से किया जा रहा है। कांवड़ मेले में शिवभक्त श्रद्धालुओं के लिए पतंजलि योगपीठ के माध्यम से अखंड भंडारे की व्यवस्था की गई है जिसमें स्वामीजी महाराज ने श्रद्धालुओं को भोजन वितरण किया। इस अवसर पर पतंजलि योगपीठ से संबद्ध सभी इकाईयों के सेवाप्रमुख, संन्यासीगण, इकाई प्रमुख, विभागाध्यक्ष, प्रभारीगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## रुपया चार पैसे की बढ़त के साथ 85.69 प्रति डॉलर

*मुंबई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया बृहस्पतिवार को चार पैसे की बढ़त के साथ 85.69 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि भारत और अमेरिका के बीच शीघ्र ही किसी समझौते पर पहुंचने की उम्मीद के बीच रुपया, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले बढ़त के साथ बंद हुआ। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया85.62 पर मजबूती के साथ खुला। दिन में 85.69 से 85.53 प्रति डॉलर के दायरे में कारोबार करने के बाद अंत में यह 85.69 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव से चार पैसे की बढ़त है। रुपया बुधवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.73 पर स्थिर बंद हुआ था। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.15 प्रतिशत की गिरावट के साथ 97.41 पर आ गया।*

**कार्यालय सेनानी 7वीं वाहिनी विसबल, भोपाल**
ई-मेल:- co7bn_saf@mppolice.gov.in

क्रमांक-7वी वाहिनी/विसबल./ QM/I/348858/2025 दिनांक: 07 /07/2025

ई-निविदा सूचना (द्वितीय अवसर)

वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत 7वीं वाहिनी विसबल भोपाल के पर्यवेक्षण में आयोजित होने वाले विभिन्न राज्य स्तरीय आयोजन, शासकीय कार्यक्रम, खेल प्रतियोगिताएं तथा भर्ती इत्यादि समय बैठक व्यवस्था के समय लगने वाली टेण्ट सामग्री हेतु दरें (प्रति इकाई) प्राप्त किये जाने के लिये ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र व निविदा की विस्तृत शर्तें वेबसाईट http://www.mptenders.gov.in तथा www.mppolice.gov.in पर उपलब्ध है, ई-निविदा प्रकाशन उपरांत निविदा में कोई संशोधन व परिवर्तन किया जाता है तो वह मात्र उपरोक्त उल्लेखित ई-टेण्डर पोर्टल पर ही उपलब्ध रहेगा, इस हेतु ई-निविदा पोर्टल पर अद्यतन रहें।

उप सेनानी
हेतु-सेनानी
7वीं वाहिनी विसबल, भोपाल

जी - 15414/25 स्वच्छा ही सेवा है।

**।। जाहिर सूचना ।।**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं लता राजदेव पत्नी श्री कमल राजदेव निवासी ए 25/6 नया क्रमांक 24/252 ओवर टेक टेलर के पास बैरागढ़ वर्तमान निवासी पंचवटी लालघाटी भोपाल। मेरे द्वारा श्री मनीष दादलानी पुत्र श्री नरेन्द्र दादलानी को एक प्लाट क्रमांक सी 30 मेसर्स खिला कालोनाईजर द्वारा विकसति कालोनी उमाधाम ग्राम खारखेडी पटवारी हल्का नं 27 / 37 विकास खण्ड फन्दा तहसली हुजूर जिला भोपाल में स्थित है जिसका क्षेत्रफल 1500 वर्गफिट है जिसका खसरा क्रमांक 271/2, 272 एवं 273/1 का अंश भाग है उक्त प्लाट का विक्रय अनुबंध पत्र श्री मनीष दादलानी निवासी बैरागढ़ से किया गया था मेरी सहमति से उक्त प्लाट का विक्रय अनुबंध पत्र निरस्त किया जा रहा है। तथा उक्त प्लाट का मेरी सहमति बिना कोई भी क्रय विक्रय मान्य नहीं होगा इस सबंध में किसी को भी कोई आपत्ति हो तो मुझे 7 दिवस मे सूचित करे ।

भवदीय **लता राजदेव**
पंचवटी एक्सटेंशन प्लाट नं 48 सेकण्ड फ्लोर लालघाटी भोपाल मो 9630988505

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, मैकेनिकल खण्ड अशोक विहार, लहारपुर डेम के समीप, बाग मुंगालिया, भोपाल**
Fax & Phone No. 0755-2930001, E-Mail I.D. emphbpl@mp.nic.in
क्रमांक 805/ तक / का.यं. / लो.स्वा./मैके. खण्ड/भोपाल/2025/ दिनांक07/07/2025

निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 10/2025-26 दिनांक 07.07.2025 ऑन लाईन निविदा क्रमांक 2025_PHED_435523_1 दिनांक 07.07.2025 कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग, मैकेनिकल खण्ड भोपाल के अंतर्गत् वर्ष 2025-26 के दौरान सीहोर जिले की विभागीय कॉम्बीनेशन रिंग मशीन से खनित किये जाने वाले ग्रेव्हल पेक नलकूपों हेतु 120 क्यु. मी. ग्रेव्हल प्रदाय करने हेतु (विभागीय यू.एस.ओ.आर. 01 सितम्बर 2023 के अनुसार) ऑन लाईन डिजिटली हस्ताक्षरित निविदा दिनांक 23.07.2025 सायं 17.00 बजे तक अनुभवी ठेकेदार से प्रपत्र "Annexure 2.10" पर आमंत्रित की जाती है। निविदा हेतु अभिलेखों जैसे प्रतिभूति राशि पावती, उक्त कार्य हेतु केन्द्रीय पंजीयन प्रणाली, लोक निर्माण विभाग में पंजीयन का प्रमाण-पत्र इत्यादि (निविदा अनुसार) निर्धारित अवधि में अनिवार्य रूप से ऑन-लाईन जमा करना होगा। निविदा दिनांक 24.07.2025 को सायं 17.15 बजे ऑन लाईन खोली जावेगी। कार्य की अनुमानित लागत रुपए 4,82,400/- (रुपए चार लाख बयासी हजार चार सौ) मात्र है तथा प्रतिभूति राशि रुपए 9,648/- (रू. नो हजार छः सौ अड़तालीस) मात्र है। निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्युमेंटस) राशि रुपए 2000/- दिनांक 23.07.2025 सांय 17.15 बजे तक ऑन लाईन भुगतान करने के उपरांत बेबसाईटः https://mptenders.gov.in पर ऑनलाईन क्रय किये जा सकते हैं। परशिष्ट / संशोधन केवल वेबसाईट पर ही प्रकाशित किया जावेगा।

| कार्य का नाम | टेण्डर के प्राक्कलन की अनुमानित लागत राशि (रू.) | धरोहर राशि (रू.) | टेण्डर का मूल्य (रू.) | टेण्डर आनलाईन जमा करने की अंतिम तिथि | टेण्डर खुलने की तिथि | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| वर्ष 2025-26 के दौरान सीहोर जिले की विभागीय कॉम्बीनेशन रिग मशीन से खनित किये जाने वाले ग्रेव्हल पेक नलकूपों के लिये 120 क्यू. मी. ग्रेव्हल प्रदाय कार्य | 4,82,400.00 | 9,648.00 | 2,000.00 | 23.07.2025 17.00 तक | 24.07.2025 17.15 बजे | अनुबंधक दिनांक से 06 माह |

निविदा से संबंधित अन्य समस्त शर्ते एवं विवरण वेब साइट पर https://mptenders.gov.in निविदा क्रमांक 2025_PHED_435523_1 दिनांक 07.07.2025 उपलब्ध हैं ।

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वा.यां. मैकेनिकल खण्ड भोपाल


जी - 15430/25 स्वच्छता ही सेवा

## एलआईसी की व्यक्तिगत प्रीमियम आय बढ़ी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सार्वजनिक क्षेत्र की भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) की व्यक्तिगत प्रीमियम खंड से आय जून में 14.60 प्रतिशत बढ़ी है।

जीवन बीमा परिषद के बृहस्पतिवार को जारी आंकड़ों से पता चलता है कि निजी क्षेत्र की सभी जीवन बीमा कंपनियों की कुल प्रीमियम आय में इस दौरान 12.12 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। एलआईसी ने जून, 2025 में व्यक्तिगत प्रीमियम के रूप में 5,313 करोड़ रुपये एकत्र किए, जबकि निजी क्षेत्र की 25 कंपनियों ने कुल मिलाकर 8,408 करोड़ रुपये जुटाए।




■ प्रीमियम आय जून में 14.6 प्रतिशत बढ़ी


एलआईसी द्वारा इस दौरान जारी की गईं कुल पॉलिसी की संख्या 12.49 लाख रही, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में 14.65 लाख थी। व्यक्तिगत पॉलिसियों की श्रेणी में, एलआईसी ने जून, 2025 के लिए 12.48 लाख पॉलिसियां जारी कीं, जबकि 2024 में इसी माह में यह संख्या 14.62 लाख थी।

### निजी क्षेत्र की प्रीमियम आय घटी

निजी क्षेत्र की कंपनियों की समूह प्रीमियम आय 19 प्रतिशत घटकर 5,315 करोड़ रुपये रह गई। जून में एलआईसी की कुल प्रीमियम आय 3.43 प्रतिशत घटकर 27,395 करोड़ रुपये रह गई। निजी क्षेत्र की कंपनियों की कुल प्रीमियम आय 2.45 प्रतिशत घटकर 13,722 करोड़ रुपये रही।

## ग्लेनमार्क का कैंसर-रोधी दवा के लिए एबवी से करार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली





दवा कंपनी ग्लेनमार्क फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने कैंसर और स्व-प्रतिरक्षी रोगों के इलाज के लिए तैयार अपनी दवा के व्यवसायीकरण के लिए एबवी कंपनी के साथ करीब दो अरब डॉलर का लाइसेंस समझौता किया है। यह दवा क्षेत्र के सबसे बड़े सौदों में से एक है। ग्लेनमार्क फार्मास्युटिकल्स की इकाई इचनोस ग्लेनमार्क इनोवेशन (आईजीआई) ने अपनी प्रमुख दवा 'आईएसबी 2001' के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। ग्लेनमार्क ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि कैंसर और प्रतिरक्षक प्रणाली की नाकामी से होने वाले रोगों के उपचार के लिए 'आईएसबी 2001' दवा को विकसित किया गया है।

## अक्टूबर तक पूरी हो सकती है आईडीबीआई बैंक की बिक्री

**नई दिल्ली।** आईडीबीआई बैंक की रणनीतिक बिक्री अक्टूबर तक पूरी होने की संभावना है। एक अधिकारी ने बताया कि सरकार ने शेयर खरीद समझौते पर चर्चा की है, जो वित्तीय बोली लगाने वाले बोलीदाताओं को दिया जाएगा। आईडीबीआई बैंक के निजीकरण की प्रक्रिया पिछले तीन साल से चल रही है।

सरकार ने अक्टूबर, 2022 में सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनी एलाईसी के साथ मिलकर




आईडीबीआई बैंक के निजीकरण के लिए निवेशकों से कुल 60.72 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचने को रुचि पत्र (ईओआई) मांगे थे। इसमें भारत सरकार की 30.48 प्रतिशत और एलआईसी की 30.24 प्रतिशत हिस्सेदारी शामिल है।

## शिक्षा संबल योजना में आवेदन 15 जुलाई तक

## एलन कोटा में नीट की तैयारी के लिए निःशुल्क कोचिंग

भोपाल

20 जुलाई को होगी परीक्षा

कोटा एलएन माहेश्वरी परमार्थ न्यास एवं एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के संयुक्त तत्वावधान में संचालित शिक्षा संबल योजना की आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। चयनित विद्यार्थियों को एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट की ओर से नीट-206 के लिए निःशुल्क कोचिंग दी जाएगी। इसके साथ ही एलएन माहेश्वरी परमार्थ न्यास की ओर से कोटा में निःशुल्क भोजन व अवास व्यवस्था की जाएगी। न्यास के ट्रस्टी डॉ. नवीन माहेश्वरी ने बताया कि पात्र विद्यार्थी 15 जुलाई तक अवेदन कर सकते हैं। देशभर से विद्यार्थियों के उत्साह को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है, जिससे अधिक से अधिक विद्यार्थियों को परीक्षा में शामिल होने का अवसर मिल सके। परीक्षा 20 जुलाई को होगी। देश के 7 हिन्दी भाषी राज्यों के सरकारी स्कूलें के हिन्दी माध्यम के चयनित विद्यार्थियों को नीट-2026 की तैयारी के लिए निःशुल्क शिक्षा, आवास और भोजन सुविधा के लिए यह योजना का दूसरे वर्ष है। परीक्षा में सत्र 2024-25 में जीव विज्ञान विषय से 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थी शामिल हो सकेंगे। परीक्षा 20 जुलाई को देश के 7 राज्यों में 63 परीक्षा केन्द्रों पर होगी।

## कैनरा बैंक ने बॉम्बे हाई कोर्ट में किया बड़ा खुलासा

# अनिल अंबानी के लोन खाते से हटा फ्रॉड का टैग

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कैनरा बैंक ने गुरुवार को बॉम्बे हाई कोर्ट में बड़ा खुलासा करते हुए कहा कि उसने उद्योगपति अनिल अंबानी के लोन खाते को फ्रॉड घोषित करने का फैसला वापस ले लिया है। यह खबर अनिल अंबानी और कैनरा बैंक के बीच चल रही कानूनी जंग में एक अहम मोड़ लेकर आई है। अनिल अंबानी की टेलीकॉम कंपनी रिलायंस कम्युनिकेशंस और उसकी एक यूनिट के लोन खातों को बैंक ने पहले फ्रॉड करार दिया था, लेकिन अब इस फैसले को पलट दिया गया है। कैनरा बैंक ने रिलायंस कम्युनिकेशंस और उसकी सहायक कंपनी के लोन खातों को 2017 में फ्रॉड घोषित किया था। बैंक का आरोप था कि कंपनी ने 1,050 करोड़ रुपए के लोन का गलत इस्तेमाल किया। यह लोन कंपनी को पूंजीगत खर्च और पुराने कर्ज को चुकाने के लिए दिया गया था। लोन लेने के बाद कंपनी ने नियम-शर्तों का उल्लंघन किया और 9 मार्च, 2017 को यह खाता नॉन-परफॉर्मिंग एसेट (एनपीए) बन गया।

■ लोन खाते को फ्रॉड घोषित करने का फैसला वापस लिया

### अनिल अंबानी के लिए राहत

इस घटनाक्रम से अनिल अंबानी को कानूनी और कारोबारी मोर्चे पर थोड़ी राहत जरूर मिली है, लेकिन कई सवाल अभी भी अनुत्तरित हैं। आखिर कैनरा बैंक ने इतना बड़ा फैसला क्यों लिया? क्या दोनों पक्षों के बीच कोई सुलह हुई है? या फिर कोर्ट के दबाव में बैंक को यह कदम उठाना पड़ा? इन सवालों के जवाब आने वाले दिनों में सामने आ सकते हैं।



*कंपनी पिछले कुछ सालों से आर्थिक संकट से जूझ रही : रिलायंस कम्युनिकेशंस, जो पहले टेलीकॉम सेक्टर में बड़ा नाम था, पिछले कुछ सालों से आर्थिक संकट से जूझ रही है। कंपनी के खिलाफ दिवालिया प्रक्रिया भी चल रही है, जिसके चलते अनिल अंबानी की मुश्किलें और बढ़ गई थीं। इस बीच, फ्रॉड का टैग हटना उनके लिए राहत की खबर है।*

### बैंक ने क्यों लिया यू-टर्न?

कैनरा बैंक का यह फैसला बॉम्बे हाई कोर्ट में चल रही सुनवाई के दौरान सामने आया। बैंक ने कोर्ट को बताया कि उसने अनिल अंबानी के लोन खाते को फ्रॉड की श्रेणी से हटाने का फैसला किया है। हालांकि, बैंक ने इस यू-टर्न के पीछे के कारणों को स्पष्ट नहीं किया। जानकारों का मानना है कि यह फैसला कानूनी दबाव, नए सबूतों या दोनों पक्षों के बीच किसी समझौते का नतीजा हो सकता है।

### कैनरा बैंक ने आरकॉम को लिखा था पत्र

*कैनरा बैंक ने 5 नवंबर, 2024 को रिलायंस कम्युनिकेशंस को पत्र लिखकर कहा था, लोन और क्रेडिट सुविधा लेने के बाद आपकी कंपनी ने डिफॉल्ट किया और संविदा की शर्तों का उल्लंघन किया।*

**केनरा बैंक Canara Bank** भारत सरकार का उपक्रम A Govt. of India Undertaking सिंडिकेट Syndicate

क्षेत्रीय कार्यालय -I : पर्यावास भवन, अरेरा हिल्स, भोपाल

**ऋणी / जमानतदार / बंधककर्ता को धारा [धारा 13(2)] के अन्तर्गत मांग सूचना**

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुर्नगठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) एवं प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अन्तर्गत मांग सूचना (सरफेसी एक्ट)

केनरा बैंक **की संबंधित शाखा** के माध्यम से निम्नवर्णित ऋणियों द्वारा लोन / साख सुविधा समय-समय पर प्राप्त किये गये।

| ऋणी/जमानतदार/ बंधककर्ता का नाम | मांग सूचना दिनांक / बकाया राशि/ एनपीए दिनांक | संपत्ति का विवरण |
|---|---|---|
| **केनरा बैंक, एम.पी. नगर शाखा, भोपाल** | | |
| ऋणी- **श्रीमती कर्णिका सक्सेना पत्नि श्री प्रशांत शर्मा** सहऋणी/बंधककर्ताः **श्री प्रशांत शर्मा पुत्र श्री अमरजीत शर्मा** दोनों का पताः डुप्लेक्स नंबर 85, शिव जानकी मानसरोवर डेंटल कॉलेज के पास वाटिका, हिनोतिया आलम कोलार भोपाल म.प्र.-462042 | मांग सूचना दिनांक : 02.07.2025 दिनांक को बकाया राशि ₹ 23,52,505.58 + ब्याज एवं अन्य खर्चे NPA : 28.06.2025 | बंधक संपत्ति स्थित आवासीय प्लाट नं. सी-10 "अभ्युदयम जानकी रेजीडेंसी" ग्राम हिनोतिया आलम, नगर निगम वार्ड नं. 84, तहसील हुजूर भोपाल म.प्र. कुल क्षेत्रफल 903.00 वर्गफुट चर्तुसीमाः पूर्व- प्लाट नं. सी-20, पश्चिम- रोड, उत्तर- प्लाट नं. सी-9, दक्षिण- रोड **संपत्ति मालिक-** श्री प्रशांत शर्मा पुत्र स्व. श्री अमरजीत शर्मा, श्रीमती कर्णिका सक्सेना पत्नी श्री प्रशांत शर्मा |
| **केनरा बैंक, एयरपोर्ट रोड 1 शाखा, भोपाल** | | |
| ऋणी- **श्री ब्रजेश पुत्र श्री मूलचंद दांगी** पता : मकान नंबर 191, पटेल मोहल्ला पोस्ट खाईखेड़ा तहसील सीहोर, म.प्र. 466661 | मांग सूचना दिनांक : 04.07.2025 दिनांक को बकाया राशि ₹ 24,57,831/- + ब्याज एवं अन्य खर्चे NPA : 15.05.2025 | संपत्ति का समस्त भू भाग डायवर्टेड भूमि खसरा नं. 8/2/2 स्थित ग्राम-बुढ़ाखेड़ा, प.ह.नं. 55/15, आर.एन. मंडल-01, तहसील श्यामपुर जिला-सीहोर, चर्तुसीमाएँ: पूर्वः ज्ञान सिंह की भूमि, पश्चिमः कच्ची सड़क, उत्तरः प्रभुलाल, हिम्मत सिंह की भूमि, दक्षिणः लक्ष्मण सिंह की भूमि **संपत्ति मालिक-** श्री ब्रजेश दांगी पुत्र श्री मूलचंद दांगी |
| **केनरा बैंक, गोविन्दपुरा शाखा, भोपाल** | | |
| ऋणी- **मेसर्स श्री हरिहर वेयरहाउस** पता : खसरा नं. 503/2/2 बेरछा दातार कालापीपल शाजापुर भोपाल म.प्र.-465337 प्रोपराइटर/बंधककर्ताः **श्रीमती माया सिंह बैस पत्नी श्री संजय बैस** पताः एलआईजी 595 प्राइड सिटी कटारा हिल्स हनुमान मंदिर के पास भोपाल म.प्र.-462043 | मांग सूचना दिनांक : 03.07.2025 दिनांक को बकाया राशि ₹ 87,42,613.92 + ब्याज एवं अन्य खर्चे NPA : 29.06.2025 | डायवर्टेड कमर्शियल भूमि स्थित रेवेन्यु सर्वे क्रमांक 503/2/2, ग्राम- बेरछा दातार, प.ह.नं. 37 आर.एन.एम. 02, हल्का बेरछा दातार, तहसील कालापीपल, जिला शाजापुर (म.प्र.) कुल क्षेत्रफल 0.607 हेक्टेयर चर्तुसीमाएँ- उत्तरः कुमेर सिंह खीची की भूमि, दक्षिणः महिपाल सिंह की भूमि, पूर्वः बेरछा दातार से कोठी रोड, पश्चिमः महिपाल सिंह बैस की भूमि, **संपत्ति मालिक-** श्रीमती माया सिंह बैस, पत्नी श्री संजय सिंह बैस |
| **केनरा बैंक, अरेरा कालोनी शाखा, भोपाल** | | |
| ऋणी- **श्री विजय सिंह पुत्र रणवीर सिंह** सहऋणी : **श्रीमती प्रियंका पत्नी विजय सिंह** बंधककर्ता/जमानतदार : **श्री विजय सिंह पुत्र रणवीर सिंह** दोनों का पताः फ्लैट नं.212, द्वितीय तल, ब्लॉक जे-4, नहर किंशिप, ग्राम सलैया, तहसील जिला भोपाल | मांग सूचना दिनांक : 05.07.2025 दिनांक को बकाया राशि ₹ 17,08,283.14 + ब्याज एवं अन्य खर्चे NPA : 03.07.2025 | फ्लैट क्रमांक 212, द्वितीय तल, ब्लॉक जे-4, नहर किंशिप, ग्राम-सलैया, तहसील जिला भोपाल, क्षेत्रफल 699 वर्गफुट। चर्तुसीमाएं: पूर्वः गलियारा, पश्चिमः सड़क, उत्तरः सड़क, दक्षिणः फ्लैट क्रमांक 211 **संपत्ति मालिक-** श्री विजय सिंह पुत्र रणवीर सिंह और श्रीमती प्रियंका पत्नी विजय सिंह सिंह |

उपरोक्त वर्णित ऋण / साख सुविधा संबंधित दस्तावेजों द्वारा बैंक के पक्ष में संपत्ति को बंधक रखकर सुरक्षित किया गया था। चूंकि आप ऋण चुकाने में असफल रहे हैं। अतः बैंक द्वारा उपरोक्त तालिका में वर्णित दिनांक को ऋण को एन.पी.ए. वर्गीकृत किया गया है। उपरोक्त वर्णित ऋणियों एवं जमानतदारों को विस्तृत माँग सूचना सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के तहत जारी की गई एवं नोटिस में उपरोक्त तालिका में वर्णित राशि एवं उस पर देय ब्याज एवं अन्य खर्च नोटिस की तारीख से 60 दिवस की अवधि के भीतर अदा करने के लिए सूचित करते हैं। अन्यथा बैंक द्वारा उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जावेगी।
इसके अतिरिक्त आप सरफेसी अधिनियम की धारा के तहत उक्त रक्षित आस्तियों का या तो विक्रय का लीज करने इत्यादि के द्वारा अन्तरण करने और किसी अन्य प्रकार बाधा डालने से प्रतिबंधित हैं। विस्तृत मांग नोटिस की प्रति हेतु बैंक की शाखा से संपर्क करें।
उधारकर्ताओं को एक्ट की धारा 13 एवं उपधारा 8 के प्रावधान के अन्तर्गत सुरक्षित परिसंपत्तियों के एवज में उपलब्ध समय की ओर ध्यान आकर्षित किया जाता है।
मांग सूचना की प्रति रजिस्टर्ड पोस्ट द्वारा शाखा में उपलब्ध आपके अंतिम ज्ञात पते पर भेजी जा रही है।

**स्थान : भोपाल**
**दिनांक : 11/07/2025**

प्राधिकृत अधिकारी
केनरा बैंक

## चिंतन

# मतदाता सूचियों का गहन पुनरीक्षण असंवैधानिक नहीं

हर बात का विरोध करने करने वाले विपक्ष को सुप्रीम झटका लगा है। उच्चतम न्यायालय ने निर्वाचन आयोग को बिहार में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को जारी रखने की अनुमति दे दी है। चुनाव आयोग ने जब से बिहार में एसआईआर योजना शुरू की है, तब से विपक्ष ने इसे रोकने के हर तरह के हथकंडे अपनाए। इसी कड़ी में आखिरकार मामला सर्वोच्च न्यायालय पहुंच गया। विपक्ष की याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने एसआईआर को 'संवैधानिक दायित्व' बताया। विपक्षी दल ने संविधान का उल्लंघन बताते हुए इस कवायद का तीखा विरोध किया था। सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने इस कवायद के समय पर सवाल उठाया और कहा कि बिहार में एसआईआर के दौरान आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र और राशन कार्ड पर दस्तावेज के तौर पर विचार किया जा सकता है। जैसा कि चुनाव आयोग ने अपनी सफाई में कहा है कि यह उसका देशभर का कार्यक्रम है, लेकिन शुरू बिहार से किया गया है, तो शीर्ष अदालत का प्रश्न जायज है कि बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले क्यों? चुनावों के समय ही चुनाव आयोग को एसआरआई कवायद शुरू करने की जरूरत क्यों पड़ती है। चुनाव आयोग की विश्वसनीयता और ईमानदारी पर न आवाम को संदेह है और न ही सुप्रीम कोर्ट को, क्योंकि यह एक संवैधानिक दायित्व है, लेकिन इस प्रक्रिया को बहुत पहले शुरू करना चाहिए था। अब चूंकि नवंबर तक विधानसभा चुनाव पूर्ण होने हैं, ऐसे में चुनाव आयोग के पास एसआईआर को पूर्ण करने के लिए बहुत कम समय मिलेगा। ऐसे में सुप्रीम चिंता जायज है। 60 प्रतिशत मतदाताओं ने अपनी पहचान सत्यापित कर दी है और उन्होंने अदालत को आश्वासन दिया कि किसी को भी अपनी बात रखने का अवसर दिए बिना मतदाता सूची से बाहर नहीं किया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी अहम है कि "हम किसी संवैधानिक संस्था को वह करने से नहीं रोक सकते जो उसे करना चाहिए, साथ ही, हम उन्हें वह भी नहीं करने देंगे जो उन्हें नहीं करना चाहिए।" सुप्रीम कोर्ट ने निर्वाचन आयोग से कहा कि आपको पहले ही कदम उठाना चाहिए था, अब थोड़ी देर हो चुकी है। बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले एसआईआर पूरा करना नामुमकिन जैसा है। विशेष गहन पुनरीक्षण महत्वपूर्ण मुद्दा है, जो लोकतंत्र की जड़ों से जुड़ा है और यह मतदान के अधिकार से संबंधित है। भारत निर्वाचन आयोग ने इस कवायद को न्यायोचित ठहराया है, इसे सकारात्मक रूप में रखा जाना चाहिए। संविधान के अनुच्छेद 326 का हवाला देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि प्रत्येक मतदाता को भारतीय नागरिक होना चाहिए और 'आधार कार्ड नागरिकता का प्रमाण नहीं है। पिछली बार ऐसी कवायद 2003 में की गयी थी। 22 वर्ष बाद फिर हो रही है। राज्य में कई नए पात्र मतदाता होते हैं, जिनका नाम जुड़ना चाहिए, कई लोगों की मृत्यु हो जाती है, इसके साथ ही कई लोग पलायन कर जाते हैं। भारत में घुसपैठ भी बड़ी समस्या है, इसलिए मतदान सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण आवश्यक हैं। लेकिन चुनाव आयोग को यह काम ठीक चुनाव से पहले करने के बजाय समय रहते शुरू करना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने माना है कि चुनाव आयोग जो भी कर रहा है, वह संविधान के दायरे में है, ऐसे में विपक्ष का राजनीतिक विरोध निरर्थक है। निर्वाचन आयोग ने यह आश्वस्त किया है कि किसी को भी अपनी बात रखने का अवसर दिए बिना मतदाता सूची से बाहर नहीं किया जाएगा।



सामरिक
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# उन्नत सैन्य शक्ति बनना जरूरी

> पाक सरकार और उसके सेना प्रमुख आसिम मुनीर भारत को बार-बार गीदड़ भभकी देने से बाज नहीं आ रहे हैं। 30 जून को मुनीर ने जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को एक वैध संघर्ष बताते हुए कहा कि उनका देश कश्मीर के लोगों के संघर्ष में हमेशा उनके साथ खड़ा रहेगा। भारत को मात देने के लिए चीन, पाकिस्तान और बांग्लादेश मिलकर नया सार्क बनाने की तैयारी कर रहे हैं। ऐसे में पड़ोसी दुश्मन देशों पाकिस्तान और चीन के बढ़ते हुए नापाक गठबंधन और उनके द्वारा लगातार आतंकी गतिविधियों को बढ़ावा देने के परिदृश्य के मद्देनजर भारत को नई आर्थिक शक्ति और नए दौर की उन्नत परमाणु हथियारों की क्षमताओं से सुसज्जित होना जरूरी है।

यकीनन इस समय भारत का नई वैश्विक आर्थिक शक्ति और उन्नत परमाणु शक्ति बनना जरूरी है। 4 जुलाई को भारतीय सेना के डिप्टी चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल राहुल आर सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत ने न सिर्फ पाकिस्तान को हराया है, बल्कि पाकिस्तान को परोक्ष रूप से हरसंभव सहायता देने वाले चीन और तुर्किए को भी हराया है। यद्यपि हाल ही में एक जुलाई से 31 जुलाई तक एक माह के लिए पाकिस्तान के संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का अध्यक्ष बनने के बाद वह कोई विशेष शक्ति तो नहीं रखता है, फिर भी उसने भारत के हितों को नुकसान पहुंचाने के कदम उठाने शुरू किए हैं। ऑपरेशन सिंदूर में बुरी तरह पिटने के बाद भी पाकिस्तान की अकड़ कम नहीं हुई है।

पाक सरकार और उसके सेना प्रमुख आसिम मुनीर भारत को बार-बार गीदड़ भभकी देने से बाज नहीं आ रहे हैं। 30 जून को मुनीर ने जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को एक वैध संघर्ष बताते हुए कहा कि उनका देश कश्मीर के लोगों के संघर्ष में हमेशा उनके साथ खड़ा रहेगा। भारत को मात देने के लिए चीन, पाकिस्तान और बांग्लादेश मिलकर नया सार्क बनाने की तैयारी कर रहे हैं। इस नए सार्क में दक्षिण एशिया के अन्य देशों को भी शामिल करने की तैयारी है। ऐसे में पड़ोसी दुश्मन देशों पाकिस्तान और चीन के बढ़ते हुए नापाक गठबंधन और उनके द्वारा लगातार आतंकी गतिविधियों को बढ़ावा देने के परिदृश्य के मद्देनजर भारत को नई आर्थिक शक्ति और नए दौर की उन्नत परमाणु हथियारों की क्षमताओं से सुसज्जित होना जरूरी है। उल्लेखनीय है कि इजरायल- ईरान युद्ध और ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत-पाक संघर्ष के परिणामों का विश्लेषण बताता है कि युद्ध में नई एआई तकनीक और आर्थिक ताकत की अहमियत दिखाई दी है और परमाणु हमले की धमकी बेअसर साबित हुई है। अब पाकिस्तान के द्वारा चीन के सहयोग से परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम अंतर महाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल जैसे हथियार विकसित किए जाने के मद्देनजर भारत के लिए उन्नत परमाणु शक्ति संपन्न देश बनना भी जरूरी है। चूंकि शक्ति के माध्यम से ही शांति आती है और शक्ति से भविष्य के युद्ध भी रोके जा सकते हैं,अतएव भारत को हर मोर्चे पर शक्तिशाली बनाने के सपने को साकार करने के लिए देश के आसमान छूते वैज्ञानिक, तकनीकी विशेषज्ञ, उद्यमी- कारोबारी और और पूरे देश का जनबल एकजुटता से कदम आगे बढ़ाते हुए दिखाई दे रहा है। गौरतलब है कि हाल ही में 24 जून को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में सरकार ने आर्थिक और सामरिक क्षेत्र को मजबूत बनाया है। भारत ने आतंकवाद के प्रति कठोर नीति अपनाई है। ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेना ने महज 22 मिनट में स्वदेशी हथियारों से दुश्मन को घुटने टेकने पर मजूबर कर दिया था। वस्तुतः ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत ने एआई के उपयोग से पाकिस्तान के लक्षित आतंकी ठिकानों को बर्बाद करके अभूतपूर्व मिसाल पेश की है। ऐसे में भारत दुनिया की आर्थिक शक्ति बनने, पाकिस्तान और चीन की सैन्य चुनौतियों से मुकाबले के लिए एआई तकनीकों और उन्नत परमाणु हथियारों के शक्ति संपन्न देश बनने की संभावनाओं को साकार कर सकता है। भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था भारत



को वैश्विक आर्थिक शक्ति बना सकती है। यह कोई छोटी बात नहीं है कि पिछले दिनों दुनिया को हिलाने वाले इजरायल और ईरान के बीच भारत अपने बहुआयामी आर्थिक आधारों से युद्ध की आर्थिक चुनौतियों के बीच सक्षम बनकर मजबूती के साथ खड़ा रहा है। जहां इस युद्ध से दुनिया के कई देशों में पेट्रोल-डीजल के दाम में वृद्धि, व्यापार में कमी, खाद्यान्न सहित जरूरी वस्तुओं की आपूर्ति में कमी और शेयर बाजार में गिरावट का परिदृश्य उभरकर दिखाई दिया, वहीं भारत इन सब मुश्किलों के मद्देनजर बेहतर स्थिति में बना रहा है। यह भी महत्वपूर्ण है कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान के साथ संघर्ष का भी भारत की अर्थव्यवस्था पर प्रतिकूल असर नहीं गिरा।

भारत का बड़ा घरेलू बाजार, निर्यात पर कम निर्भरता, सरकार के भारी पूंजीगत व्यय, बढ़ती क्रय शक्ति, मेक इन इंडिया और कृषि क्षेत्र में ऊंची सफलता ने देश को बाहरी आर्थिक झटकों को झेलने की मजबूती स्थिति में रखा है। युद्ध के दौर में भी भारत के निर्यात बढ़े हैं और भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) में वृद्धि हुई है। भारत की विकास दर चालू वित्त वर्ष 2025-26 में 6.5 फीसदी रहेगी। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आइएमएफ) की विश्व आर्थिक परिदृश्य से जुड़ी रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्ष 2025 में भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनते हुए दिखाई देगा। ऐसे में अब भारत को दुनिया की नई आर्थिक शक्ति बनाने के लिए कई बातों पर ध्यान देना होगा। सूक्ष्म,लघु और मझौले उद्यम (एमएसएमई) तेज विकास व रोजगार के लिए एक कारगर हथियार बन सकते हैं । देश से सेवा निर्यात (सर्विस एक्सपोर्ट) बढ़ाकर व्यापार घाटे में कमी लाई जा सकती हैं। आत्मनिर्भर भारत अभियान, मेक इन इंडिया, जीएसटी और लॉजिस्टिक सुधार के साथ- साथ आर्थिक और वित्तीय सुधार भारतीय अर्थव्यवस्था को तेजी से आगे बढ़ा सकते हैं। इस समय पूरी दुनिया में भारत सेवा निर्यात की डगर पर छलांगें लगाकर आगे बढ़ रहा है। भारत को सेवा निर्यात की नई वैश्विक राजधानी के रूप में रेखांकित किया जा रहा है। अब भारत की नई वैश्विक व्यापार रणनीति के तहत नए मुक्त व्यापार समझौतों और द्विपक्षीय व्यापार समझौतों से व्यापार घाटे में कमी लाने के प्रयास करने होंगे। भारत के द्वारा ब्रिटेन के साथ किए गए मुक्त व्यापार समझौते के बाद अब अमेरिका और यूरोपीय यूनियन के साथ-साथ मुक्त व्यापार समझौतों को 31 दिसंबर 2025 तक पूर्ण किए जाने के लक्ष्य की ओर तेजी से आगे बढ़ना होगा। निश्चित रूप से इजरायल-ईरान युद्ध और ऑपरेशन सिंदूर का यह भी सबक है कि युद्ध सिर्फ आर्थिक ताकत और अत्याधुनिक एआई तकनीक के दम पर ही लड़े जाते हैं तथा परमाणु हमले की धमकी से युद्ध नहीं जीते जाते हैं। भारत के पास 180 और पाकिस्तान के पास 170 परमाणु हथियार हैं। इस समय पाकिस्तान और चीन की युद्ध चुनौतियों के मद्देनजर भारत के द्वारा परमाणु हथियारों को उन्नत किया जाना भी जरूरी है। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि पाकिस्तान भारत के ऑपरेशन सिंदूर से बुरी तरह पराजित होकर चीन की मदद से अपने परमाणु हथियारों को उन्नत करने की कोशिश में जुट गया है ऐसे में दो शत्रु देश चीन और पाकिस्तान के साथ होने से भारत के लिए एआई, साइबर तकनीक और मिसाइल रक्षा जैसी नई तकनीकों से उन्नत परमाणु शक्ति बनना जरूरी है। उम्मीद करें कि सरकार इजरायल-ईरान युद्ध और ऑपरेशन सिंदूर से भारत के लिए जो उम्मीदों भरे आर्थिक-सामरिक सबक निकले हैं, उनके मद्देनजर भारत को आर्थिक शक्ति, एआई की नई तकनीकों और उन्नत परमाणु शक्ति सम्पन्न देश बनाने के लिए रणनीतिपूर्वक आगे बढ़ेगी।

(लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## बढ़ती आबादी

अरविंद जयतिलक



# प्रभावी जनसंख्या नीति की दरकार

भारत चीन को पछाड़कर दुनिया का सर्वाधिक आबादी वाला देश बन चुका है। जहां चीन की आबादी 142.57 करोड़ है, वहीं भारत की आबादी 142.86 करोड़ हो चुकी है। गत वर्ष संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) के आंकड़ों में कहा गया था कि चीन के मुकाबले भारत में 30 लाख से अधिक लोग हैं। यह पहली बार है जब भारत जनसंख्या सूची में शीर्ष पायदान पर है। इस रिपोर्ट के मुताबिक देश के राज्य केरल और पंजाब में बुजुर्गों की संख्या अधिक है, वहीं बिहार और उत्तर प्रदेश में युवा आबादी सर्वाधिक है। भारत की आबादी आने वाले तीन दशकों तक बढ़ती रहेगी और उसके बाद घटनी शुरू होगी। यानि 2050 तक भारत की आबादी 166 करोड़ के पार पहुंच सकता है। उधर, चीन की आबादी घटकर 131.7 करोड़ रह जाएगी। रिपोर्ट के मुताबिक जब दुनियाभर में जनसंख्या बढ़ने की गति धीमी पड़ रही है, वहीं भारत में सालभर में आबादी 1.56 फीसद बढ़ी है। भारत में जनसंख्या वृद्धि इसलिए है कि नवजात, शिशु और बाल मृत्यु दर में गिरावट आयी है। एक आंकड़े के मुताबिक 2012 में एक वर्ष के कम उम्र के बच्चों की मौत की दर 42 प्रति हजार थी, जो 2025 में घटकर 24.98 प्रति हजार रह गयी है। यह रेखांकित करता है कि भारत में स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर हुई हैं लेकिन बढ़ती आबादी के मुताबिक अर्थव्यवस्था को आकार देना बेहद जरूरी है। इस जनसंख्या वृद्धि का सकारात्मक पहलू यह है कि भारत दुनिया की सर्वाधिक युवा आबादी वाला देश बन चुका है लेकिन एक सच यह भी है कि बढ़ती जनसंख्या के सापेक्ष संसाधनों की कमी और सामाजिक-आर्थिक चुनौतियां बढ़ेंगी। इसलिए कि अनुकूलतम जनसंख्या के बिना विकास के अपेक्षित लक्ष्य को हासिल नहीं किया जा सकता। सच तो यह है कि विगत पांच दशकों में जनसंख्या में निरंतर तीव्र वृद्धि के कारण जनसंख्या विस्फोट की स्थिति उत्पन्न हो गयी है। विशेषज्ञों की मानें तो जनसंख्या की यह तीव्र वृद्धि आर्थिक विकास के मार्ग को अवरुद्ध कर रही है और कई तरह की समस्याएं पैदा हो रही हैं। भारत में जनसंख्या में तीव्र वृद्धि के कारण बेरोजगारी, खाद्य समस्या, कुपोषण, प्रति व्यक्ति निम्न आय, निर्धनता में वृद्धि, मकानों की समस्याएं, कीमतों में वृद्धि, कृषि विकास में बाधा, बचत तथा पूंजी निर्माण में कमी, जनोपयोगी सेवाओं पर अधिक व्यय, अपराधों में वृद्धि तथा शहरी समस्याओं में वृद्धि जैसी ढेर सारी समस्याएं उत्पन हुई हैं। इनमें सबसे बड़ी समस्या बेरोजगारी की है। देश में पूंजीगत साधनों की कमी के कारण रोजगार मिलने में कठिनाई उत्पन्न हो रही है। गौर करें तो रोजगार न मिलने के दो कारण हैं।

एक, यह कि सरकारी क्षेत्र में नौकरियां लगातार सिकुड़ रही हैं वहीं दूसरी ओर प्राइवेट क्षेत्र में उन्हीं लोगों को रोजगार मिल रहा है जिन्हें कारोबारी प्रशिक्षण हासिल है। सबसे अधिक बेरोजगारी ग्रामीण क्षेत्रों में है। अगर गांव के पढ़े-लिखे नौजवानों को बागवानी, पशुपालन, पौधरोपण, कृषि यंत्रों की मरम्मत के संबंध में आधुनिक तकनीकी प्रशिक्षण दिया जाए तो बेरोजगारी से निपटने में मदद मिलेगी। तीव्र जनसंख्या वृद्धि के कारण कुपोषण की समस्या भी लगातार सघन हो रही है। यूनाइटेड नेशन के फुड एग्रीकल्चर आर्गेनाइजेशन की रिपोर्ट से उद्घाटित हो चुका है कि भारत में पिछले एक दशक में भूखमरी की समस्या से जुझने वालों की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई है। इफको की रिपोर्ट में भी कहा जा चुका है कि कुपोषण की वजह से देश के लोगों का शरीर कई तरह की बीमारियों का घर बनता जा रहा है। गौर करें तो कुपोषण वास्तव में घरेलू खाद्य असुरक्षा का सीधा परिणाम है। लोगों तक खाद्य की पहुंच सुनिश्चित करके ही कुपोषण को मिटाया जा सकता है। भारत में कुपोषण का सर्वाधिक संकट महिलाओं को झेलना पड़ रहा है। हर वर्ष लाखों गर्भवती महिलाएं उचित पोषण के अभाव में दम तोड़ रही हैं। दक्षिण एशिया में भारत कुपोषण के मामले में सबसे बुरी स्थिति में है। ऐसे में जरूरी हो जाता है कि भारत जनसंख्या की तीव्र वृद्धि को रोकने के लिए नई जनसंख्या नीति को आकार दे। इस पर गहनता से विचार करे कि आखिर भारत के लिए अनुकूलतम जनसंख्या क्या हो? अभी तक जितनी भी राष्ट्रीय जनसंख्या नीति बनी है, उसका सकारात्मक परिणाम देखने को नहीं मिला। 1976 की राष्ट्रीय जनसंख्या नीति के तहत जन्म दर तथा जनसंख्या वृद्धि में कमी लाना, विवाह की न्यूनतम आयु में वृद्धि करना, परिवार नियोजन को प्रोत्साहित करना तथा स्त्री शिक्षा पर विशेष जोर देना इत्यादि का लक्ष्य रखा गया था। कमोवेश इसी तरह का उद्देश्य और लक्ष्य वर्ष 2000 की नई राष्ट्रीय नीति में भी रखा गया, लेकिन जिस गति से आबादी में इजाफा हो रहा है वह बेहद चिंताजनक है।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# शिव दुष्ट में भी मौजूद हैं और धर्मात्मा में भी




संकलित

## दर्शन

केवल ज्ञान हमारी चेतना का उत्थान नहीं कर सकता है। अनुभव के बिना ज्ञान बिल्कुल वैसा ही है, जैसे कि बिना लक्ष्य की प्राप्ति हुए गधे पर बैठकर दौड़ना। हमें यह समझने की आवश्यकता है कि हम सीमित व्यक्ति नहीं, बल्कि ईश्वर का अभिन्न अंग हैं। शिव एक खाली स्थान की भांति, दिन और रात, सुख और दुख से अप्रभावित रहते हैं। शिव हमारे भीतर ही रहते हैं और भीतर से ही हमें आशीर्वाद देते हैं। यह वैसा ही है कि जिस प्रकार से बुरे स्वप्न से जागकर हमें यह पता चलता है कि हम सुरक्षित हैं। श्री रुद्रम को सुनने के बाद हमें हमारे वास्तविक स्वभाव के बारे में जागृति होती है, जो ईश्वर ही है। केवल धर्म संस्कार हमारा उत्थान नहीं कर सकते हैं। वास्तविक उत्थान भीतरी रूपांतरण, सरलता और ईश्वर के साथ अपने संबंध को पहचानने से होता है। शिव का सौंदर्य विविधता में मौजूद है। जिस प्रकार से सूर्य का प्रकाश सब जगह एक समान पड़ता है, वैसे ही शिव हर एक चीज में मौजूद है। जैसे - मिट्टी के गड्ढों में, घने जंगलों में, रेगिस्तान और पहाड़ों में, सब जगह पर शिव व्याप्त हैं। शिव दुष्ट में भी मौजूद हैं और धर्मात्मा में भी। उनका प्रेम सबके लिए है, इसमें कोई शर्त नहीं है और जो जैसा है, उसे शिव वैसे ही स्वीकार करते हैं। हमारी प्रवृत्तियों में मौजूद शत्रु हमारे विकास में बाधा डालते हैं। शिव से जुड़ जाने से, उनकी भक्ति करने से ये सारे भीतरी शत्रु यानी बुराइयां समाप्त हो जाती हैं और हमें बाहरी जगत की चुनौतियों से लड़ने की शक्ति मिलती है।

# गुरु ज्ञान से किसी की सोच बदल सकता है



संकलित

## प्रेरणा

ऋषि वशिष्ठ श्रीराम कुलगुरु थे। इन्हीं की सलाह पर राजा दशरथ ने पुत्रेष्टि यज्ञ किया था। यज्ञ के फल से श्रीराम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न का जन्म हुआ। इन्होंने वशिष्ठ पुराण, वशिष्ठ श्राद्धकल्प, वशिष्ठ शिक्षा आदि ग्रंथों की रचना भी की। जब विश्वामित्र एक राजा थे, तब एक दिन वे शिकार खेलते-खेलते बहुत दूर निकल आए। आराम करने के लिए वे ऋषि वशिष्ठ के आश्रम में रुक थे। आश्रम में विश्वामित्र ने कामधेनु नंदिनी गाय को देखा। नंदिनी गाय को देख विश्वामित्र ने वशिष्ठ से कहा कि ये गाय आप मुझे दे दीजिए, लेकिन ऋषि वशिष्ठ ने कामधेनु को देने से मना कर दिया। राजा विश्वामित्र कामधेनु को बलपूर्वक अपने साथ ले जाने लगे। विश्वामित्र कामधेनु के लिए युद्ध तक करने के लिए तैयार हो गए थे पर तब ऋषि वशिष्ठ के कहने पर नंदिनी गाय ने विश्वामित्र सहित उनकी पूरी सेना को भगा दिया। राजा विश्वामित्र को अपने सैनिकों सहित वापस राज्य में लौटना पड़ा। ऋषि वशिष्ठ का ऐसा प्रभाव देखकर विश्वामित्र बहुत हैरान हो गए। विश्वामित्र ने सोचा की तप में कितना बल है की एक व्यक्ति अपने तप से सभी को प्रभावित कर सकता है। इस घटना के बाद विश्वामित्र ने राज-पाठ छोड़ दिया और तप करने लगे। वशिष्ठ जी के ज्ञान और तप के प्रभाव से विश्वामित्र की सोच बदल गई और बाद में वे भी बह्मर्षि बन गए। गुरु अपने ज्ञान और तप से किसी भी व्यक्ति की सोच बदल सकते हैं।

## सटाका




## आज की पाती

### नशा बनाता है हैवान

नशा किस तरह किसी व्यक्ति को हैवान बना देता है, इसके बारे में हम खबरों के जरिए भी जानते हैं। इन खबरों में इनसानियत को शर्मसार करने की हरकतों या अपराध का जिक्र होता है। कभी नशे की खातिर कोई अपनी मां की, कोई बाप की, कोई भाई की तो कभी किसी और की हत्या कर देता है। नशा बल–बुद्धि, शरीर और परिवार के लिए घातक होता है। नशा इनसान को हैवान भी बना देता है, हैवानियत के कारण नशेड़ी इनसान अपने घर–परिवार के सदस्यों के साथ, यहां तक कि अपने बच्चों के साथ भी क्रूरता भरा व्यवहार करने से गुरेज नहीं करता है। मां–बाप अपने बच्चों को लाड़ प्यार से पाल कर उनके भविष्य के लिए सुनहरी सपने संजोते हैं, लेकिन जब कोई बच्चा बचपन या जवानी की दहलीज पर पांव रखते ही नशे के दलदल में धंसना शुरू होता है, तो उन्हें बड़ी परेशानी होती है। *–मुकेश चन्द्राकर, धमतरी*

## ट्रेंड

### सहकारिता अच्छा विकल्प



आज सहकारिता ने गाँव-गाँव में पैक्स व अन्य संस्थाओं से जुड़ीं महिलाओं के दरवाजे पर कंप्यूटर ला दिए। महिलाओं, किसानों व हर वर्ग को आत्मनिर्भर बनाने और कम पूँजी में स्वरोजगार के लिए सहकारिता से अच्छा कोई विकल्प नहीं है।
**-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री**

### कृषि उद्योग में निवेश



पिछले कुछ वर्षों में, हमने कृषि उद्योग में 3,200 करोड़ से अधिक के निवेश को सुगम बनाया है जिससे इस क्षेत्र में क्रांति आई है। इससे किसानों को अधिक बाज़ारों तक पहुँच बनाने, अपने उत्पादों का निर्यात करने, अपनी फसलों में विविधता लाने और अपनी आय बढ़ाने में मदद मिली है।
**-हिमंत बिस्वा सरमा, सीएम, असम**

### गुरु आकाश जैसे विशाल



गुरु आकाश के जैसे विशाल और समुद्र के जैसे गहरे होते हैं, स्मरण रखिए इन दोनों ही स्थानों पर पदचिह्न नहीं पाए जाते। गुरु मार्ग का नहीं दिशा का निर्धारण करते हैं, वे अपने शिष्यों के लिए मार्ग बनाते नहीं हैं, अपने शिष्यों को मार्ग दिखाते हैं।
**-आशुतोष राणा, अभिनेता**

### अनिश्चित होकर जागना



मैंने कैंसर को झेला है। मुझे पता है कि अपने कल के बारे में अनिश्चित होकर जागना कैसा लगता है - लेकिन मैं यह भी जानता हूँ कि आशा कैसी होती है और यह आप सभी की तरह ही होती है!
**-युवराज सिंह, भारतीय क्रिकेटर**

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

## करंट अफेयर

# द. अफ्रीका में भारतीय मजदूरों की स्मृति में स्मारक निर्माण

दक्षिण अफ्रीका में 1860 में डरबन तट पर उतरे पहले गिरमिटिया मजदूरों की स्मृति में एक स्मारक का निर्माण शुरू हो गया है। इस स्मारक के निर्माण पर फैसला लगभग एक दशक पहले लिया गया था। इस स्मारक के निर्माण के लिए धन क्वाज़ुलु–नटाल (केजेडएन) प्रांत की प्रांतीय सरकार कर रही है। दक्षिण अफ्रीका की लगभग 18 लाख भारतीय मूल की दो–तिहाई से अधिक आबादी इस प्रांत में निवास करती है। शुरुआत में स्मारक में एक मेहराब के अंदर एक घंटाघर बनाने की योजना थी, जो गन्ने के खेत में काम करने वाले उन गिरमिटिया मज़दूरों के उस कठिन परिश्रम का प्रतीक था जो उन्हें सुबह से शाम तक तब तक करना पड़ता था जब तक कि घड़ी की सूई दिन के अंत का संकेत न दे दे। लेकिन स्थानीय भारतीय समुदाय में असहमति के बाद अंततः इस बात पर आम सहमति बनी कि स्मारक के चबूतरे पर एक पुरुष, महिला और बच्चे की कांस्य मूर्ति स्थापित की जाएगी। यह स्मारक 16 नवंबर तक तैयार हो जाने की उम्मीद है। वर्ष 1860 में मद्रास से मजदूरों के पहले समूह को लेकर एसएस टूरो पोत दक्षिण अफ्रीका पहुंचा था। गिरमिटिया मजदूरों के यहां आने की यह 165वीं वर्षगांठ होगी।



## ऑफ बीट

# आधा अरब क्षुद्रग्रह सूर्य की परिक्रमा कर रहे

क्षुद्रग्रह हमारे सौर मंडल के निर्माण के बाद बचे चट्टानों के टुकड़े हैं। चार मीटर से अधिक व्यास वाले लगभग आधा अरब क्षुद्रग्रह सूर्य की परिक्रमा करते रहते हैं, जो हमारे सौर मंडल से लगभग 30 किलोमीटर प्रति सेकंड की गति से गुजरते हैं – लगभग पृथ्वी के समान गति से। ज्यादातर मामलों में, सबसे छोटे क्षुद्रग्रह पृथ्वी के वायुमंडल से टकराने पर काफी हद तक टूट जाते हैं, और सतह तक भी नहीं आ पाते हैं। जब एक छोटा क्षुद्रग्रह (या उल्कापिंड, क्षुद्रग्रह से छोटी वस्तु) पृथ्वी के वायुमंडल से टकराता है, तो यह एक चमकीला 'आग का गोला' बन जाता है – एक शूटिंग स्टार या उल्का का एक बहुत लंबे समय तक चलने वाला और उजला संस्करण। यदि वस्तु का कोई बचा हुआ टुकड़ा जमीन से टकराता है, तो उसे उल्कापिंड कहा जाता है। अधिकांश वस्तु वायुमंडल में जल जाती है। प्रति वर्ष एक बार, औसतन, चार मीटर का क्षुद्रग्रह पृथ्वी की सतह से टकराता है। यदि आपने उस सतह क्षेत्र को दोगुना कर दिया, तो आपको प्रति वर्ष दो मिलेंगे। पृथ्वी की त्रिज्या 6,400 किमी है। दोगुने सतह क्षेत्रफल वाले एक गोले की त्रिज्या 9,000 किमी है। तो, प्रति वर्ष लगभग एक बार, चार मीटर का क्षुद्रग्रह पृथ्वी की सतह के 2,600 किमी के भीतर आएगा – 9,000 किमी और 6,400 किमी के बीच का अंतर।



# चमड़ी जाए पर दमड़ी न जाए... जैसी सोच रखने वाली दुलारी बाई को मिली जीवन की सीख

## रंग श्री लिटिल बैले टूप में राष्ट्रीय भीष्म साहनी स्मृति बहुभाषीय नाट्य समारोह का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

कहते हैं लालच बुरी बला है, लालच के चक्कर में पड़कर लोग अपना पूरा जीवन ही बर्बाद कर देते हैं। कुछ ऐसी ही कहानी कहता नाटक 'दुलारी बाई' का मंचन देखने को मिला गुरुवार शाम रंग श्री लिटिल बैले टूप में। जिसमें शुभारंभ हुआ 13वें राष्ट्रीय भीष्म साहनी स्मृति बहुभाषीय नाट्य समारोह का। इसके प्रथम दिन लेखक मणि मधुकर और उबैद उल्ला खान द्वारा निर्देशित नाटक 'दुलारी बाई' के मंचन में लालच बुरी बला है जैसी सीख देती प्रस्तुति ने दर्शकों को भाव विभोर किया। नाटक में दिखाया कि दुलारी बाई एक कंजूस औरत है, जिसके पास काफी धन दौलत है, लेकिन स्वभाव ऐसा कि चमड़ी जाए पर दमड़ी न जाए... दुलारी बाई रुपए पैसों से धनी नहीं हैं, बल्कि वह रूप की भी धनी हैं। इन दोनों धनों को देखकर क्या गांव के युवक, क्या बूढ़े उससे शादी करने को लालायित हैं, लेकिन बढ़ती उम्र के बावजूद वह शादी नहीं करती, उसे डर है कि कहीं ऐसा न हो कि जिससे उसकी शादी हो वह धन के लालच में उसकी हत्या कर दे।



### बहरूपिया ने रखा राजा का भेष

नाटक में दिखाया कि तरह तरह के पात्र अपने प्रस्ताव लेकर दुलारी बाई को रिझाने उसके पास आते हैं, जो हास्य के साथ साथ कहीं न कहीं व्यंग्य उत्पन्न करते हैं। इसी क्रम में एक बहरूपिया राजा का भेष लेकर धोखे से दुलारी बाई से शादी कर लेता है और यहां सबसे बड़ा हास्य पैदा होता है। और अंत में जब दुलारी बाई के सामने ईश्वर प्रकट होते हैं तब वह उनसे वरदान मांगती है कि वह जिसे छुए वह वस्तु सोने की हो जाए और फिर इंसान, खाने-पीने की वस्तुएं सब कुछ सोने की बनने लगती हैं। तब उसे समझ आता है लालच बुरी बला है। दुलारी बाई के रुप में मनभावन किरदार निभाया श्रुति सिंह ने। वहीं खुद निर्देशक उबैदुल्ला खान ने फर्जीलाल का चरित्र जीवन्त किया। कल्लू भांड की भूमिका में सैफू खान, अनन्त पगारे, भूपेन्द्र साकल्ले, हैदर खान, दीपक मेहरा आदि थे, संगीत निर्देशन सुरेन्द्र वानखेड़े का रहा।

### विहान ड्रामा वर्क्स द्वारा नाटक 'दुपहर' का मंचन



## 'कप्तान' और 'बिगुल नामक दो बच्चों की कहानी कहता दुपहर

भोपाल। बैंक ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत, विहान ने एक अभिनव और विचारोत्तेजक थिएटर वर्कशॉप का आयोजन किया। साथ ही नाट्य प्रस्तुति दोपहर भी मंचित हुआ। विहान ड्रामा वर्क्स द्वारा प्रसिद्ध लेखक श्रीकांत वर्मा की कहानी पर आधारित बहुचर्चित नाटक 'दुपहर' का मंचन किया गया।नाटक का निर्देशन, परिकल्पना एवं रूपांतरण सौरभ अनंत द्वारा किया गया, संगीत और गीत रचना निरंजन कार्तिक के सौजन्य से हुई। 'दुपहर' दो बच्चों की कहानी है 'कप्तान' और 'बिगुल' जो खेल-खेल में गांव, रिश्तों और समाज की गहराइयों को छूते हैं। इस भावनात्मक प्रस्तुति ने उपस्थित 150 से अधिक बैंक प्रोफेशनल्स को गहराई से प्रभावित किया। कार्यक्रम का समापन एक क्लोज़िंग संवाद से हुआ।



## गुरु-वंदना के रूप में कथक नृत्य प्रस्तुति रही खास

### आईईएचई में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान (आईईएचई) में 'गुरू पूर्णिमा' के पर भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ एवं भारतीय शिक्षण मंडल के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम का आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में शिक्षाविद और विचारक डॉ. प्रकाश सी. बरतूनिया, पूर्व कुलाधिपति, बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर केंद्रीय विवि, लखनऊ तथा विशिष्ट अतिथियों में डॉ. मनोज शुक्ला, पूर्व प्राध्यापक, गणित एवं डॉ. सुचित्रा बनर्जी, आईईएचई, उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि डॉ. बरतूनिया ने अपने रामानुजाचार्य की महान गुरु-शिष्य परम्परा के साथ ही मीरा-रैदास की गुरू-शिष्य परंपरा के उदाहरणों द्वारा युगों-युगों से चली आ रही भारतीय गुरू-शिष्य परंपरा के महत्व को इंगित किया।

### गुरु-वंदनीय भावों से विभोर हुए श्रोता

छात्रा भूमिका जौहरी ने गुरु-वंदना के रूप में कथक नृत्य प्रस्तुत किया। वहीं आरुषि व आकांक्षा ने ज्ञान की बातें तेरी, दिल में उतारी सभी गीत पर मनोहारी नृत्य किया। ऋचा ने गुरू देव दया करके मुझको अपना लेना भजन प्रस्तुत किया। नंदिनी दांगी ने भी स्वरचित कविता क्या होती है गुरू की महत्ता सुना कर सभी को भाव विभोर कर दिया। कार्यक्रम के संयोजन की भूमिका भारतीय शिक्षण मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. एचबी गुप्ता एवं डॉ. प्रज्ञा गुप्ता नायक ने निभाई। कार्यक्रम का समापन भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ की सदस्य डॉ. अंकिता पटेल द्वारा सभी आमंत्रित अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए किया।

### वाहने सिस्टर्स की संतूर-सितार जुगलबंदी से सजी जनजातीय संग्रहालय की शाम

# गुरु पूर्णिमा पर्व में शास्त्रीय, उप-शास्त्रीय गायन के साथ दिखा भजन का सौंदर्य



हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

गुरु-शिष्य सम्बन्ध को आदर और श्रद्धा के साथ मनाने का पर्व गुरु पूर्णिमा है, जो भारत की एक महान सांस्कृतिक परंपरा है। गुरु की महानता के प्रति आदर प्रकट करने के लिए संस्कृति विभाग द्वारा गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर गुरुवार को मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय में गुरु पूर्णिमा पर्व का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में संतूर-सितार जुगलबंदी और गायन जुगलबंदी की प्रस्तुतियां हुईं।

कार्यक्रम में पहली प्रस्तुति सुप्रसिद्ध संगीत जोड़ी प्रकृति-संस्कृति वाहने (वाहने सिस्टर्स) की संतूर-सितार जुगलबंदी की रही। दोनों बहनों ने अपनी प्रस्तुति के लिए लोकप्रिय और प्रचलित राग यमन का चुनाव किया। आलाप, जोड़ और झाला के साथ राग को विस्तार देते हुए उन्होंने विलंबित झपताल की बंदिश से राग के सौंदर्य को दिखाया।






### अद्धा तीन ताल में बंदिश की प्रस्तुति

इसके बाद अद्धा तीन ताल में बंदिश की प्रस्तुति से संतूर और सितार पर दोनों ही कलाकारों की साधना और आराधना स्पष्ट नजर आ रही थी। इसी क्रम में द्रुत मध्य लय की बंदिश में सधा हुआ वादन पेश करते हुए झाले के साथ प्रस्तुति को विराम दिया। संतूर-सितार के अद्भुत संतुलन ने श्रोताओं को अभिभूत कर दिया। उनके साथ तबले पर मुंबई के श्रुतिशील उद्धव ने संगत दी।

### मीरा भजन से हुई शुरुआत



अगली प्रस्तुति गायन जुगलबंदी की थी, जिसे प्रस्तुत करने मंच पर नमूदार हुईं रुचिरा केदार, पुणे और आस्था गोस्वामी, वृंदावन। गुरु सुमिरन अर्थात गुरुओं को स्मरण करना, उनके बताए मार्ग पर चलना और गुरु के प्रति अपनी आस्था प्रकट करना। गायन जुगलबंदी में भी कुछ ऐसा ही सुनने को मिला। जिसका आरंभ मीरा के भजन से हुआ। राग धनाश्री में निबद्ध मोहे लागी लगन गुरु चरणन की भजन सुन सभागार का वातावरण दिव्यतामय हो गया।

### भातखंडे रचित लक्षण गीत एवं स्वर की प्रस्तुति

सुरीले और साधनारत कंठ से झरे इस भजन के बाद महान संगीतज्ञ विष्णु नारायण भातखंडे रचित लक्षण गीत एवं स्वर मालिका की प्रस्तुति राग काफी में दी। अगले क्रम में राग खमाज में सखी सावरो गिरधर गोपाल की सुरीली प्रस्तुति से वातावरण को कृष्णमयी कर दिया।




### कोई नैनन अलख लगावें ....

अगली प्रस्तुति आचार्य बृहस्पति द्वारा रचित बंदिश गुण निधान गुरु प्रमाण ध्यान ज्योति दाई की रही। इसके बाद कबीर भजन सो गुरु सत्य कहावै, कोई नैनन अलख लगावें की प्रस्तुति दी। अंत में राग भैरवी में धन्य भाग सेवा का अवसर पाया' प्रस्तुत कर प्रस्तुति को विराम दिया।

### महिला उद्यमिता को समर्पित आयोजन 13 जुलाई तक चलेगा

## विविधा राखी स्पेशल एडिशन एक्जीबिशन आज से पलाश में

भोपाल। मप्र महिला उद्यमी संगठन (मावे) द्वारा 11, 12 एवं 13 जुलाई को होटल पलाश रेजिडेंसी में विविधा राखी स्पेशल एडिशन नामक एग्जीबिशन कम सेल का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रदर्शनी में राखी, तीज से जुड़ा हर सामान मिलेगा। वहीं बच्चों के स्टाइलिश कपड़े, फर्नीचर एवं इंटीरियर डेकोर, होम डेकोर आइटम्स एवं ग्रीन कैमिकल्स, आर्टिजन फूड प्रोडक्ट्स, हैंडमेड कैंडल्स फैशन रेडीमेड गारमेंट्स और अन्य विविध उत्पाद भी मिलेंगे।

### देश के विभिन्न हिस्सों से ले रहीं महिला उद्यमी भाग

मीनाक्षी दुबे (वाराणसी): पारंपरिक वीव्स और होम डेकोर
राखी गुप्ता (वाराणसी): स्कार्फ, रनर और स्टॉल्स
अर्चना केशरवानी (लखनऊ): लखनऊ की खास हस्तकला
नीलू लूथरा (दिल्ली): फैशन और स्टाइलिंग की विशेषज्ञ

### कलावार्ता में पद्मश्री कलाकार भट्टी पर आज होगी चर्चा

भोपाल। बहुकला केंद्र भारत भवन में शुक्रवार, दिनांक 11 जुलाई को कला वार्ता का आयोजन किया जा रहा है । कला के विविध पक्षों पर केंद्रित इस वार्ता की श्रृंखला में वरिष्ठ कलाकार और पद्मश्री हरचंदन सिंह भट्टी की कला यात्रा पर चर्चा होगी। एक दिवसीय इस कार्यक्रम में वरिष्ठ कलाकार और सिरेमिक कलाकार देवीलाल पाटीदार, राहुल रस्तोगी और शंपा शाह का वक्तव्य होगा।

# भोपाल के अमित सोनी की नई फिल्म 'क्राइम कॉमेडी कर्मा' जल्द

## अमित सोनी की नई फिल्म क्राइम कॉमेडी कर्मा हुई लांच



हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

भोपाल के सुप्रसिद्ध साहित्यकार गोकुल सोनी के पुत्र अमित सोनी अभिनीत क्राइम कॉमेडी कर्मा हंगामा ओटीटी पर लांच हुई है। जिसके डायरेक्टर प्रभात सचदेव , राइटर फहराद सामजी हैं। इस फिल्म में मुख्य किरदार के रूप में भोपाल के अमित सोनी, ऐश्वर्या राज भाकुनी, मुकेश गुप्ता ने भूमिकाएं निभाई हैं। जिसमें अमित सोनी इसमें बेबी का बाबू किरदार निभा रहे हैं। इस किरदार को दर्शकों द्वारा खासा पसंद किया जा रहा है।

### अमित अभिनीत शुद्धि फिल्म को मिले 13 अवॉर्ड

अमित सोनी ने अपने फिल्म करियर की शुरुआत टीवी शो सावधान इंडिया से की। उसके बाद उन्होंने एनआरआई दूल्हा, फिर डीडी नेशनल का ना हारेंगे हौसला हम, बेटा भाग्य से बिटिया सौभाग्य से, स्टार प्लस के प्रसिद्ध सीरियल ये है मोहब्बतें की सफलता से उन्हें सर्वश्रेष्ठ नकारात्मक भूमिका और सर्वश्रेष्ठ अभिनय के लिए एक प्रतिष्ठित छवि मिली। उसके बाद उन्होंने फियर फाइल्स, ससुराल सिमर का, सलाम इंडिया, श्रीमद् भागवत महापुराण सहित कई सीरियल और वेबसीरिज में किरदार निभाया।

### बीएसएसएस में गुरु पूर्णिमा का आयोजन

## सीएम के लाइव प्रसारण के साथ 5 शिक्षकों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

भोपाल स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज में गुरु पूर्णिमा का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें अनेक छात्र-छात्राओं और शिक्षक गण ने सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के ऑनलाइन, लाइव प्रसारण के साथ शुरू हुआ, जिसमें उन्होंने गुरु महिमा का वर्णन करते हुए वर्तमान समय में शिक्षा, शिक्षक और छात्रों के सुंदर समायोजन के साथ भारत की प्रगति की बात की।
डॉ. यादव ने छात्रों को भारतीय संस्कृति की जड़ों से जुड़े रहने का आह्वान किया। इस अवसर पर कॉलेज के पांच शिक्षकों को सम्मानित भी किया गया।



# चरित्र निर्माण से ही हो सकता है सशक्त राष्ट्र का निर्माण संभवः डॉ. कोठारी

## आरएनटीयू एवं शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास की संयुक्त कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय एवं शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का गुरुवार को भव्य शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. अतुल कोठारी, राष्ट्रीय सचिव, शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास, नई दिल्ली उपस्थित रहे। अध्यक्षता कुलाधिपति संतोष चौबे ने की। डॉ. मनोहर भंडारी समन्वयक चिकित्सा प्रकोष्ठ, डॉ. दिनेश देवेश मालवा प्रांत संयोजक चरित्र निर्माण एवं व्यक्तित्व का समग्र विकास, आरएनटीयू के कुलगुरु प्रो. रवि प्रकाश दुबे, एजीएसयू के कुलगुरु डॉ. विजय सिंह, सीवी रमन विविव खंडवा के कुलगुरु डॉ. अरुण जोशी, आरएनटीयू की कुलसचिव डॉ. संगीता जौहरी, कार्यक्रम समन्वयक व उपकुलसचिव डॉ. पूजा चतुर्वेदी विशेष रूप से उपस्थित थीं। कार्यशाला में हुए डॉ. अतुल कोठारी ने कहा कि चरित्र निर्माण किसी भी व्यक्ति के जीवन की बुनियाद होता है। यह वह आधार है जिस पर एक सशक्त समाज और मजबूत राष्ट्र की नींव रखी जाती है। यदि विद्यार्थी नैतिक रूप से सशक्त होंगे तो वे जीवन के हर क्षेत्र में सकारात्मक भूमिका निभा सकेंगे।



### मछुआरों की बस्ती बनाने केरल से आमंत्रित किए 3 खास कलाकार

# मानव संग्रहालय में केरल के मछुआरों की बस्ती के साथ माह का प्रदर्शन भी



हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

मानव संग्रहालय में संग्रहालय के तटीय गांव मुक्ताकाश प्रदर्शनी परिसर में केरल राज्य की मछुआरों की बस्ती प्रदर्शनी को प्रारंभ किया गया। इस प्रदर्शनी के अंतर्गत तीन मुक्कुवर कुडिल (मछुआरों के आवासों) का पुनर्निर्माण कार्य केरल के पारम्परिक कलाकार दल के प्रमुख संजू केवी और मणि ए के मार्गदर्शन में किया गया। आवास के प्रथम क्रम में लगभग 8 गुणा 4 मीटर की संरचना में सामान दूरी पर स्थित तीन तूण (खम्बा) में कुल 9 खंबे स्थापित किए गए हैं। इन खम्बों में लकड़ी एवं बांस की क्षैतिज राफ्टरों की सहायता से आवास की बाहरी दीवार एवं छत की संरचना बनाई गई।

### योद्धा की शॉल के रूप में भी जानी जाती है 'आसु कुदा फी'

इसी के साथ माह के प्रदर्शन के अंतर्गत आसु कुदा फीः सुमी नागा समुदाय की पारंपरिक शॉल का प्रदर्शन भी किया गया। आसु कुदा फी शॉल नागालैंड के सुमी नागा समुदाय की बुनाई कला और उनकी विरासत का प्रतीक है। यह शॉल केवल वस्त्र नहीं, बल्कि व्यक्ति की सामाजिक प्रतिष्ठा, वीरता और उपलब्धियों का प्रतीक मानी जाती है। 'आसु कुदा फी' शब्द की उत्पत्ति स्थानीय भाषा से हुई है, जहां आसु का अर्थ होता है योद्धा, कुदा का अर्थ है डिजाइन या पैटर्न, और फी का अर्थ है शॉल। इस प्रकार यह शॉल योद्धा की शॉल के रूप में भी जानी जाती है।




### आकाशवाणी ने किया शब्दांजलि का आयोजन

# विकसित भारत में युवा शक्ति और कौशल विकास विषय पर परिचर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर आकाशवाणी भोपाल के मासिक श्रृंखला शब्दांजलि कार्यक्रम में इस बार 'विकसित भारत में युवा शक्ति और कौशल विकास' विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। इस परिचर्चा में, क्रिस्प भोपाल के मुकेश खरोनिया विभाग अध्यक्ष मीडिया स्कोप ग्लोबल स्किल विश्वविद्यालय भोपाल के रजिस्टार डॉ. सितेश सिन्हा तथा खद्योट नेचुरल्स से महिला उद्यमी अल्का शर्मा उपस्थित रही। परिचर्चा का मुख्य उद्देश्य युवाओं को स्वरोजगार के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ कौशल विकास को बढ़ाना था।



### आओ खो जाएं कहानियों की दुनिया में...

शब्दांजलि का दूसरा सेशन आओ खो जाएं कहानियों की दुनिया में रहा। इसमें प्रसिद्ध स्टोरी टेलर ज्योति पाण्डेय ने स्टूडियो में उपस्थित श्रोताओं के समक्ष अपनी कहानी सच की कहानी का वाचन किया, जिसमें ज्योति पाण्डे से कहानी सुनकर सभी सुनने वाले अपने बचपन की दुनिया में कहीं खो गए।

बड़वाले महादेव मंदिर में प्रत्येक सोमवार को किया जाएगा बाबा का अलग-अलग श्रृंगार

# वैधृति योग, गुरु आदित्य राजयोग, मालव्य राजयोग, धन शक्ति राजयोग में आज से सावन महीने की होगी शुरुआत, राजधानी के शिव मंदिरों में सभी तैयारी की पूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सावन माह शुक्रवार से शुरू हो रहा है। 11 जुलाई से सावन माह की शुरू 9 अगस्त को समाप्त होगा। श्रावण का माह 30 दिनों का होगा। कृष्ण पक्ष 14 दिन, शुक्ल पक्ष 16 दिन होंगे। मां चामुंडा दरबार के पुजारी रामजीवन दुबे ने बताया कि इस बार वैधृति योग गुरु आदित्य राजयोग, मालव्य राजयोग, धन शक्ति राजयोग में सावन माह की शुरुआत हो रही है। तो वहीं आयुष्मान व सौभाग्य योग के साथ इस मास की समाप्ति होगी। कई सालों बाद यह दुर्लभ संयोग बन रहा है। सोमवार, सावन मास, वैधृति योग, आयुष्मान व सौभाग्य योग सभी के स्वामी स्वतः शिव ही हैं। इस लिए इस बार का सावन खास है। इस दौरान शिव पूजन करने से भक्तों को विशेष फल की प्राप्त होगी। शिव मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ेगी। शहर के सभी शिवालयों में सावन माह की तैयारी शुरू हो गई है।



### बड़वाले महादेव मंदिर में प्रदेश की खुशहाली की कामना

*श्री बड़वाले महादेव मंदिर में श्रावण महोत्सव की शुरूआत आज गुरु पूर्णिमा पर सावन मास के अभिषेक के लिए संकल्प लिया गया। समिति के द्वारा प्रदेश वासियों की खुशहाली के लिए प्रार्थना कर बाबा बटेश्वर से भगतों की मनोकामनाएं पूर्ण हो ऐसी आशा के साथ अभिषेक का संकल्प लिया गया। मंदिर में प्रतिदिन प्रातः8 बजे अभिषेक, संध्या में आरती में विशेष श्रृंगार होगा। प्रत्येक सावन सोमवार अलग-अलग आकर्षक श्रृंगार व सहस्त्र धारा महारुद्राभिषेक किया जाएगा।*

### भगवान शिव करेंगे सृष्टि का संचार

पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि सनातन धर्म में सावन महीना का विशेष महत्व माना गया है। ऐसा माना जाता है इस माह में भगवान शिव संपूर्ण सृष्टि का संचार करते हैं। ऐसे में वह अपने भक्तों की प्रार्थना को सरलता से सुन लेते हैं। सावन के दौरान भगवान शिव की विधिवत पूजा करने के साथ शिवलिंग का जलाभिषेक, दूध अभिषेक करने से वह अति प्रसन्न होते हैं।

### पार्थिव शिवलिंग निर्माण होगा

शहर के श्री बड़वाले महादेव मंदिर, गुफा मंदिर, नेहरू नगर शिव मंदिर सहित अन्य शिवालयों में विशेष आयोजन होंगे। मंदिरों में पार्थिव शिवलिंग निर्माण का आयोजन होगा।

### शिव पूजन शुभ मुहूर्त

- ब्रह्म मुहूर्त - सुबह 04 बजकर 10 मिनट से 04 बजकर 51 मिनट तक
- अभिजीत मुहूर्त- सुबह 11 बजकर 59 मिनट से दोपहर 03 बजकर 40 मिनट तक
- विजय मुहूर्त- दोपहर 02 बजकर 45 मिनट से दोपहर 03 बजकर 40 मिनट तक
- गोधूलि मुहूर्त - शाम 07 बजकर 21 मिनट से शाम 07 बजकर 41 मिनट तक

## शिक्षण संस्थानों में हुए गुरु पूजन, मंदिरों में विशेष पूजा के साथ किए हवन

गुरुओं ने शिष्यों को दिलाया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

# गुरु पूर्णिमा पर शिष्यों ने किया गुरुओं का पादुका पूजन लिया आशीर्वाद, गुरुमंत्र-दीक्षा के कार्यक्रम हुए आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जीवन को सही दिशा में ले जाने में गुरु की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। गुरु-शिष्य परंपरा का पर्व गुरु पूर्णिमा गुरुवार को गुरु पूर्णिमा श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस मौके पर शहर में जगह-जगह गुरु पूजा के आयोजन हुए। गुरुकुल, आश्रमों में गुरु वंदना की और शिष्य सामूहिक रूप से पादुका पूजन कर आशीर्वाद लिया। वहीं शिक्षण संस्थानों में भी गुरु पूजन हुई।

मंदिरों में विशेष पूजा के साथ हवन हुए। शहर में कई स्थानों पर गुरु मंत्र दीक्षा कार्यक्रम आयोजित हुए। इस दौरान दो हजार से अधिक नए शिष्यों ने गुरु दीक्षा ली। दीक्षा के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण करने का संकल्प भी शिष्यों को दिया गया। इसके अलावा जो शिष्य या उनके गुरु शहर से बाहर या दूर हैं, उन्होंने ऑनलाइन आशीर्वाद लिया।





### गुफा मंदिर में हुई गुरु गादी पूजन

श्री रामानंद आश्रम गुफा मंदिर धाम में गुरु पूर्णिमा महामहोत्सव पर महामंडलेश्वर महंत श्री श्री 1008 रामप्रवेश दास महाराज ने सबसे पहले गुरु गादी पादुका पूजन की। पूर्व संतों की समाधि पर पुष्प अर्पित किए। इसके बाद आश्रम के गुरुकुल के आचार्य एवं विद्यार्थी ने महंत जी की पूजा कर आशीर्वाद लिया। इसके बाद में महंत जी नये शिष्यों को गुरु मंत्र दीक्षा दी।

### सेवा केंद्र में गुरु पूर्णिमा महोत्सव का हुआ आयोजन

ब्रह्माकुमारी ब्लेसिंग हाउस, सहस्त्रबाहु नगर नर्मदापुरम रोड पर सेवा केंद्र के ज्ञान मोती सभागार में गुरु पूर्णिमा महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया।



### सेवा विद्या मंदिर में नौनिहाल विद्यारंभ

*सेवा भारती द्वारा संचालित विद्यालय प्राण बलदेव भंडारी सेवा विद्या मंदिर में गुरु पूर्णिमा पर्व एवं नव प्रवेशित नौनिहाल का विद्या आरम्भ संस्कार हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस दौरान सर्वप्रथम हवन पूजन कर नव प्रवेशित बच्चों द्वारा स्लेट पर ॐ एवं श्री लिखवाकर विद्या आरम्भ संस्कार पूर्ण किया गया। मीडिया प्रभारी भगवान दास ढालिया ने बताया इस दौरान विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं का श्रीफल एवं कलम भेंट कर सम्मान किया।*

- *बांके बिहारी मार्कंडेय मंदिर चौबदारपुरा तलैया में पादुका पूजन, गुरु दीक्षा का कार्यक्रम आयोजन किए गए।*
- *मां आशापुरा दरबार कोहेफिजा में गुरु पूजन, धार्मिक अनुष्ठान एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए।*
- *मरघटिया महावीर मंदिर शाहजहांनाबाद उदासीन आश्रम में गुरु पूजन एवं मंत्र दीक्षा समारोह हुआ।*
- *मां वैष्णो धाम आदर्श नो दुर्गा मंदिर में गुरु पूर्णिमा पर्व पर गुरुकुल संस्कृत संस्थान प्लेटिनम प्लाजा भोपाल में सुबह गुरुकुल के बटुकों द्वारा गुरु पूजन कर गुरु वंदना गई।*

### करुणाधाम आश्रम में गुरु पूर्णिमा महोत्सव



*नेहरू नगर स्थित करुणाधाम आश्रम में गुरुदेव सुदेश शांडिल्य महाराज के चरणों का अभिषेक किया गया। शांडिल्य महाराज ने कहा कि गुरु वो पथ प्रदर्शक है जो स्वयं ठहरकर अपने शिष्य को पथ में अग्रसर होने की कामना करता है। इस दौरान अपने पिता श्री श्री 1008 बालगोविंद शांडिल्य महाराज के चरणों का अभिषेक किया।*

### दादाजी धाम मंदिर में हुए आयोजन

पटेल नगर स्थित दादाजी धाम मंदिर में गुरुपूर्णिमा महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान भगवान की पूजन के बाद वेदव्यास जी, धूनीवाले दादाजी की पूजन की गई। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### 58वां गुरु पूर्णिमा महोत्सव मनाया गया

मां चामुंडा दरबार शाहजहांनाबाद भोपाल में 58वां गुरु पूर्णिमा महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। दरबार में रात्रि 8 से 2 बजे तक गुरु पूजा के साथ दीक्षा दी गई। पंडित रामजीवन दुबे गुरुजी के प्रदेश व अन्य राज्यों से आए शिष्य गुरु पूजन कर आशीर्वाद लिया। प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने गुरु की सेवा कर अपने जीवन को धन्य किया।

### गुरु पूर्णिमा पर 51 बच्चों का जनेऊ संस्कार

राजहर्ष कॉलोनी कोलार में पाणिग्राही चतुर्वेदी ने संस्कृत वेद पाठशाला में गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर पारंपरिक विधि विधान के साथ लगभग 51 बटुक ब्राह्मणों का जनेऊ संस्कार कराया गया। गुरुकुल के आचार्य आचार्य अवनीश त्रिवेदी ने बताया कि पारंपरिक विधि विधान के साथ लगभग 51 बच्चों का जनेऊ संस्कार हुआ, सभी बटुक ब्राह्मणों को गुरु दीक्षा दी गई। आचार्य श्रीकांत ठाकुर ने बताया कि गुरुकुल की मान्यता महर्षि संदीपनी राष्ट्रीय वेद संस्कृत शिक्षा बोर्ड उज्जैन मप्र से है। गुरुकुल में 12 प्रदेशों से 70 छात्र आवासीय रूप से रहकर अध्ययन कर रहे हैं ।



### गायत्री शक्तिपीठ में 207 श्रद्धालुओं ने ली गुरु दीक्षा

*गुरु पूर्णिमा पर गायत्री शक्तिपीठ, एमपी नगर परिसर में भव्य आध्यात्मिक आयोजन संपन्न हुआ। सुबह से ही श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या शक्तिपीठ पहुँचने लगी और पूरे परिसर में मंत्रोच्चार तथा भक्ति-भावना का दिव्य वातावरण छा गया। कार्यक्रम की शुरुआत 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ से हुई। इस अवसर पर विशेष रूप से गुरु दीक्षा का आयोजन किया गया, जिसमें 207 लोगों ने दीक्षा प्राप्त की। डॉ. दयानंद समेले ने गुरु दीक्षा का क्रम संपन्न कराया उन्होंने बताया कि दीक्षा लेने वालों में कक्षा 12वीं, कॉलेज और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवा बड़ी संख्या में शामिल हुए। दीक्षा कार्यक्रम के उपरांत गायत्री परिवार द्वारा सभी उपस्थित साधकों को तुलसी एवं शमी के 550 पौधे वितरित किए गए। जोनल समन्वयक राजेश पटेल ने शांतिकुंज गुरु पूर्णिमा संदेश में कहा कि यह पर्व आत्मशुद्धि और गुरु के प्रति श्रद्धा विश्वास एवं आभार प्रकट करने एवं गुरु व्यक्ति नहीं शक्ति है जो शिष्यों का कल्याण करती है। कार्यक्रम टोली का संचालन आरपी हजारी एवं श्याम शर्मा की टीम ने किया। व्यवस्था से अशोक सक्सेना, विनोद गुप्ता की टीम रही। पौधों का वितरण एवं संकल्प राम प्रकाश गुप्ता, ओपी विश्वकर्मा एवं युवा टीम ने किया। इस अवसर पर आरबी चोरिया, अमर धाकड़, घनश्याम पाटीदार, राजूराम,अश्विन ओम गुप्ता, सूरज परमार, रमेश नागर उपस्थित रहे।*





## शिष्यों ने लिया शशांक शेखर महाराज का आशीर्वाद

**भोपाल।** गुरुदेव दया करके मुझको अपना लेना... इसी भाव के साथ शिष्यों ने सतगुरु शशांक शेखर के चरणों में अपनी अरदास लगाई। भक्तों ने मां अंबे के दरबार में गुरु पूर्णिमा महोत्सव मनाया। गुरु पूर्णिमा के उत्सव में शशांक शेखर महाराज ने शिष्यों को दीक्षा प्रदान कर गुरु तत्व की महिमा को समझाया। शिष्यों ने गुरु चरणों में अपना भाव समर्पित कर उनके चरण पखारे। गुरु शिष्य परंपरा के अंतर्गत सत्संग का आयोजन हुआ।



## पहली गुरु मां है, गुरु सानिध्य पारसमणि के रूप में होता है



**भोपाल।** राजधानी स्थित बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में गुरुपूर्णिमा पर मनुष्य जीवन में गुरू महिमा विषय पर प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय चंद्रशेखर आजाद पीजी महाविद्यालय सीहोर के प्राचार्य डॉ. रोहताश शर्मा ने मुख्य वक्ता के रूप में कहा कि मनुष्य का सबसे पहला गुरु मां होती है। वह जीवन भर हमें शिक्षा देती रहती है। उनके समर्पण भाव को अंगीकार करना चाहिए। गुरु का सानिध्य पारसमणि के रूप में होता है। अपने गुरु से हमेशा अपना शिष्य धर्म निभाना चाहिए। वहीं से हमारे कल्याण का मार्ग प्रशस्त होता है। समारोह में प्राचार्य डॉ. संजय जैन ने कहा कि गुरु हमेशा सभी के लिए समभाव से ज्ञान देता है। कार्यक्रम में गुरुजनों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर रमाकांत तिवारी, डॉ. समता जैन, डॉ. शीला कुमार आदि उपस्थित रहे।

## एसपीएम में गुरु पूर्णिमा उत्सव गुरु-शिष्य परंपरा पर रखे विचार



**भोपाल।** राजधानी स्थित शासकीय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी महाविद्यालय में गुरु पूर्णिमा उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम डॉ. सुधा बैसा, सेवानिवृत्त अतिरिक्त संचालक (मुख्य अतिथि), डॉ. कृष्णा चतुर्वेदी, विभागाध्यक्ष, इलेक्ट्रॉनिक्स, आरजीपीवी, भोपाल, (विशिष्ट अतिथि) एवं प्राचार्य डॉ. शालिनी सक्सेना की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि डॉ. सुधा बैसा ने गुरु की भूमिका को जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में अत्यंत महत्वपूर्ण बताया।

## अर्जुन शिक्षा समिति ने शॉल-श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह से किया सम्मान



**भोपाल।** अर्जुन शिक्षा समिति द्वारा संचालित विद्या विहार बैरसिया में गुरु पूर्णिमा उत्सव आयोजित किया गया। बैरसिया नगर के सेवानिवृत शिक्षक लल्लूराम दोहरे का अर्जुन शिक्षा समिति ने शॉल-श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह से सम्मान किया। तत्पश्चात समिति ने आचार्य-दीदीयों को उपहार भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में अर्जुन शिक्षा समिति अध्यक्ष राजीव शर्मा, उपाध्यक्ष पूरन सिंह पटेल, सचिव दीपक दुबे, सह सचिव यतीश शर्मा, सूरज मीणा, नैंसी दांगी, सिमरन मालवीय, मुस्कान अहिरवार, प्राचार्य सुनील कुमार नागर, धनवीर नायक, राधा नायक उपस्थित रहे।

## श्री शिव शक्ति धाम सिद्धाश्रम में मनाई गुरु पूर्णिमा

**भोपाल।** श्री शिव शक्ति धाम सिद्धाश्रम में गुरु पूर्णिमा का पर्व मनाया गया। भक्तों ने श्री राम दरबार, श्री हनुमानजी, भोले शंकर के दरबार की पूजा-अर्चना की। इसके बाद शिष्यों ने गुरु पं. सुशील महाराज का पुष्प हार भेंट कर शॉल एवं श्रीफल से सम्मान किया। शब्जी का भण्डारा खिलाया गया। शिष्यों में भगवत सिंह रघुवंशी, महेश चन्द्र रघुवंशी, अभिषेक जाट, संतोष जैन, आयूष पाण्डेय, विजय सिंह, श्याम सुंदर शर्मा आदि उपस्थित थे।



## कलियासोत डैम से मछली पकड़ने पर तीन बोट और जाल जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

16 जून से 15 अगस्त तक मछली पकड़ने पर रोक के बाद भी शहर के तालाब और डेमों पर मछली पकड़ने का काम किया जा रहा है। गुरुवार को मत्स्य विभाग की टीम ने तालाबों और डैमों पर जांच की। इस दौरान टीम ने गुरुवार को कलियासोत डैम पर छापा मारकर 3 नाव और करीब 3 क्विंटल वजन के जाल जब्त किए हैं। सहायक संचालक मत्स्य शिरीष अग्निहोत्री ने बताया कि पिछले दिनों निगरानी दल का गठन किया गया था, जिसके तहत चैकिंग के दौरान निगरानी दल प्रभारी उमराव सिंह कौरब सहित अन्य कर्मचारियों ने फिशिंग गियर से मछली पकड़ने वाले लोगों को चेतावनी देते हुए सामान जब्त किया है। मत्स्य विभाग की टीम तालाब और डैमों पर मछली पकड़ने वालों की निगरानी कर रही है, जबकि शहर की मुख्य सड़कों किनारे मछली धड़ल्ले से बेची जा रही है।

**बिना टिकट यात्रा करने वालों से 30 हजार 650 रुपए वसूले**

## संत हिरदाराम नगर रेलवे स्टेशन पर 'किलाबंदी' टिकट चैकिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल के संत हिरदाराम नगर रेलवे स्टेशन पर गुरुवार सुबह 6 से दोपहर 2 बजे तक 'किलाबंदी' टिकट चैकिंग की गई। अभियान का नेतृत्व मुख्य टिकट निरीक्षक शैलेंद्र सिंह ने किया। इसमें वाणिज्य विभाग के 16 टिकट चैकिंग स्टाफ शामिल रहा। जांच के दौरान स्टेशन के बाहर जाने वाले मार्गों की घेराबंदी की गई। ताकि कोई भी यात्री बिना जांच के बाहर न निकल सके। इस विशेष अभियान के अंतर्गत कुल 8 ट्रेनों के यात्रियों के टिकट की जांच की गई। जांच के दौरान 85 यात्री बिना टिकट यात्रा करते हुए पाए गए। जिनसे 42 हजार 175 रुपए की वसूली की गई। वहीं, 59 यात्री अनुचित टिकट के साथ यात्रा करते हुए पकड़े गए, जिनसे 30 हजार 650 रुपए वसूले गए। 7 मामलों में बिना बुकिंग सामान ले जाने अथवा स्टेशन पर गंदगी फैलाने के लिए 1400 रुपए का जुर्माना भी किया गया।

### कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा ने नहीं मांगी माफी, कायस्थम ने पीएम व सीएम को लिखा पत्र

**भोपाल।** एक माह बाद कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने श्री चित्रगुप्त मंदिर जाकर माफी नहीं मांगी।

कायस्थ समाज की अग्रणी संस्था कायस्थम ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखकर पं. मिश्रा की कथाओं पर रोक लगाने की मांग की है। अध्यक्ष प्रलय श्रीवास्तव ने पत्र में एक माह बीत जाने के बाद भी पंडित प्रदीप मिश्रा ने भगवान श्री चित्रगुप्त के किसी भी मंदिर पर जाकर माफी नहीं मांगी है।

जीवाजी विवि में धूमधाम से मनाया गुरु पूर्णिमा पर्व

## जो अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाए, वही गुरु है: डॉ. शर्मा

**भोपाल।** गुरु ही व्यक्ति को अज्ञानता से निकालकर प्रकाश रूपी ज्ञान की तरफ ले जाता है। जो अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाए वही गुरु है। समस्त दोषों को समाप्त कर गुणों को विकसित करता है वही गुरु है। जीवन जीने की कला सिखाने का नाम गुरु है। छात्रों में समग्र विकास कर समाज में स्थापित होने का नाम गुरु है। छोटा सा बालक राम अपने गुरु विश्वामित्र एवं वशिष्ठ के सानिध्य में आकर ही मर्यादा पुरुषोत्तम राम बनते है यही गुरु की महिमा है। समाज और राष्ट्र को दिशा देने का काम करने वाला ही गुरु होता है। गुरुवार को जेयू के गालव सभागार में आयोजित गुरू पूर्णिमा के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ. नितेश शर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि के रूप में कही। जेएन गौतम के स्वागत भाषण के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित प्रो.एसके शुक्ला ने कहा कि गुरु छात्र की क्षमता को पहचानकर उसे निखारने का काम करते हैं। प्रोफेसर एसके सिंह ने कहा कि गुरु शिष्य को कुछ नया नहीं बताता बल्कि जो उसके अंदर है इसका बोध कराता है।



### गुरु पूजा से मिलती है शांति

कुलसचिव डॉ.राकेश कुशवाहा ने कहा कि छात्रों में सीखने की जिज्ञासा जागृत कर दे वही गुरु होता है। प्रभारी कुलगुरु प्रो. शांतिदेव सिसौदिया ने कहा कि इस पावन दिन पर गुरु, माता-पिता और धर्म ग्रंथों की पूजा से व्यक्ति को सुख और शांति की प्राप्ति होती है। साथ ही कभी न समाप्त होने वाला ज्ञान भी प्राप्त होता है। कार्यक्रम में डॉ. शिव कुमार शर्मा ने कहा कि जीवन जीने की कला हमेशा गुरु ही सिखा सकता है। कार्यक्रम में अतिथियों व गुरुओं को शॉल श्रीफल व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रो. आईके पात्रो, प्रो. एसके सिंह, प्रो. मुकुल तेलंग, प्रो. विवेक बापट, प्रो. हेमंत शर्मा, डॉ. सुमन जैन, डॉ. हरिशंकर कंसाना सहित समस्त शिक्षक व छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक में बोले मंत्री शाह

# पूर्वी भारत के विकास के लिए राज्यों के बीच समन्वय होना जरूरी

अमित शाह ने कहा कि पोषण, शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, शहरी नियोजन और सहकारिता व्यवस्था को मजबूत करने जैसे क्षेत्र केंद्र सरकार की प्राथमिकता में हैं इन पर राज्यों को समन्वय बनाना होगा

एजेंसी ▶▶ रांची

रांची के होटल रेडिसन ब्लू में गुरुवार को पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की 27वीं बैठक का आयोजन हुआ। इस अहम बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने की। बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इस बात पर जोर दिया कि पूर्वी भारत के विकास के लिए झारखंड, बिहार, ओडिशा और पश्चिम बंगाल को आपसी समन्वय करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि पोषण, शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, शहरी नियोजन और सहकारिता व्यवस्था को मजबूत करने जैसे क्षेत्र केंद्र सरकार की प्राथमिकता में हैं इन पर राज्यों को समन्वय बनाना होगा। बता दें, राज्य पुनर्गठन अधिनियम, 1956 की धारा 15 से 22 के तहत देश में पांच क्षेत्रीय परिषदों की स्थापना की गई थी। केंद्रीय गृह मंत्री इन पांच क्षेत्रीय परिषदों के अध्यक्ष हैं, और सदस्य राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के सीएम या उपराज्यपाल या प्रशासक इसके सदस्य हैं।

- केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने 27वीं बैठक की अध्यक्षता की
- झारखंड, बिहार, ओडिशा और प. बंगाल से 70 प्रतिनिधि शामिल




### सीएम सोरेन ने शाह को पेंटिंग भेंट कर किया स्वागत

झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का गुलदस्ता और एक पेंटिंग देकर स्वागत किया। वहीं अन्य अतिथियों का भी सीएम ने पौधा देकर स्वागत किया। सीएम हेमंत सोरेन, वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, मंत्री दीपक बिरुआ, मुख्य सचिव अलका तिवारी, प्रमुख सचिव (गृह) वंदना दादेल और पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता बैठक में शामिल रहे। बैठक में सीएम हेमंत सोरेन ने विशेष पैकेज समेत कोल कंपनियों पर बकाये 1.36 लाख करोड़ रुपए, विशेष केंद्रीय अनुदान और सुरक्षा संबंधित खर्च की बहाली की मांग प्रमुख रूप से उठाई।



**इन राज्यों के प्रतिनिधि रहे शामिल**

बैठक में झारखंड, बिहार, ओडिशा और पश्चिम बंगाल के प्रतिनिधि शामिल रहे। बिहार की ओर से डिप्टी सीएम विजय कुमार चौधरी सम्राट चौधरी, ओडिशा से सीएम मोहनचरण मांझी के साथ डिप्टी सीएम प्रवती परीदा और मंत्री मुकेश महालिंगम के शामिल हुए। पश्चिम बंगाल की ओर से वित्त मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य ने प्रतिनिधित्व किया। बैठक में इन राज्यों के मंत्री, मुख्य सचिव सहित कुल 70 प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

### 20 महत्वपूर्ण एजेंडों पर हुई चर्चा

पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक में 20 महत्वपूर्ण एजेंडों पर चर्चा हुई। जिसमें राज्य और केंद्र सरकार के बीच समन्वय, विकास कार्यों की समीक्षा, आंतरिक सुरक्षा, सीमावर्ती विवाद, संसाधनों के बंटवारे, नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सहयोग, वित्तीय सहयोग और केंद्रीय योजनाओं की प्रगति जैसे प्रमुख विषय शामिल हैं। इसके अलावा महिलाओं एवं बच्चों के खिलाफ यौन उत्पीड़न से संबंधित अपराधों के मामलों की त्वरित जांच, उनके शीघ्र निपटारे के लिए त्वरित न्यायालयों का कार्यान्वयन, गांवों में बैंकिंग सुविधा बढ़ाने, बिजली वितरण प्रणाली के घाटे को कम करने, शहरी मास्टर प्लान, जलाशयों के विवाद, बोर्ड निगमों की परिसंपत्ति व देनदारियों के बंटवारे, खनिजों की नीलामी, स्कूलों में ड्रॉपआउट और सहकार से समृद्धि योजना पर चर्चा की।

---

## खबर संक्षेप

### 6 पर गिरी दीवार, एक ही परिवार के 3 की मौत

**पलवल।** हरियाणा के पलवल स्थित गांव सोफ्ता में बुधवार रात एक ही परिवार पर कहर टूट पड़ा।



तेज बारिश के बीच पेट्रोल पंप की एक दीवार भरभराकर गिर गई और नीचे दबने से एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि एक नाबालिग समेत तीन गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों में पिता जगदीश, दामाद व अन्य शामिल हैं।

### गुरुग्राम में सड़क धंसी बीयर से भरा ट्रक पलटा

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम के सदर्न पेरिफेरल रोड पर बुधवार रात से एक ट्रक खाई में फंसा हुआ है। यह



खाई तब बनी जब ट्रक के चलते सड़क का एक हिस्सा धंस गया। ट्रक चालक ने कहा कि ट्रक में बीयर की बोतलें भरी हुई हैं। मैं गोदाम जा रहा था। लेकिन उसके बाद सड़क धंस गई और मेरा ट्रक उसमें गिर गया। कोई घायल नहीं हुआ।

### आधार शिविर में 'छड़ी मुबारक' की रस्में शुरू

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम आधार शिविर में बृहस्पतिवार को छड़ी मुबारक के



अनुष्ठान शुरू हो गए। इस मौके पर भगवान शिव के पवित्र दंड 'छड़ी मुबारक' की पूजा-अर्चना की गईं। महंत दीपेंद्र गिरि ने कहा कि आषाढ़ पूर्णिमा के इस शुभ अवसर के दौरान, वैदिक मंत्रोच्चार, भूमि-पूजन, नवग्रह-पूजन, छड़ी-पूजन किया।

### 'उदयपुर फाइल्स' की रिलीज अदालत ने रोकी

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने दर्जी कन्हैया लाल की हत्या पर आधारित फिल्म 'उदयपुर



फाइल्स' की रिलीज पर तब तक के लिए रोक लगा दी जब तक केंद्र सरकार फिल्म पर स्थायी प्रतिबंध लगाने की याचिकाओं पर फैसला नहीं कर लेती। फिल्म 11 जुलाई को रिलीज होने वाली थी।

---

## एक लेख में कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने अपनी ही पार्टी को दिखाया आईना

# आपातकाल: भारत के इतिहास का 'काला अध्याय', हिंसा और बल का किया इस्तेमाल

आपातकाल को लेकर सांसद शशि थरूर ने कहा कि असहमति को दबाना, एकत्रित होने, लिखने और मुक्त होकर बोलने की स्वतंत्रता जैसे मौलिक अधिकारों का हनन और संवैधानिक कानूनों की घोर अवहेलना ने भारतीय राजनीति पर एक अमिट दाग छोड़ दिया है

एजेंसी ▶▶ तिरुवनंतपुरम

कांग्रेस पार्टी और केरल से सांसद शशि थरूर के बीच दूरी लगातार बढ़ती जा रही है। पहलगाम हमले के बाद पीएम मोदी की नीति का समर्थन करने वाले और उनके बुलावे पर देश का पक्ष रखने विदेश गए थरूर अब एक बार फिर से अपने एक आर्टिकल को लेकर कांग्रेस नेताओं के निशाने पर आ गए हैं। एक दैनिक पत्रिका में लिखे अपने आर्टिकल में शशि थरूर ने 1975 में आपातकाल लगाने के लिए तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और उनके बेटे संजय गांधी की आलोचना की है। इसके बाद कांग्रेस पार्टी में उनके साथी और सांसद मणिकम टैगौर ने थरूर पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि वह भाजपा की लाइन पर चल रहे हैं। मलयालम के एक दैनिक अखबार में गुरुवार को आपातकाल पर लिखे एक लेख में उन्होंने 1975 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा घोषित आपातकाल की आलोचना करते हुए इसे भारत के इतिहास का 'काला अध्याय' बताया और इंदिरा गांधी के पुत्र संजय गांधी के कृत्यों को याद किया जिसमें जबरन नसबंदी अभियान एवं नई दिल्ली में झुग्गियों को बलपूर्वक गिराए जाने के मामले शामिल हैं।

**संजय गांधी** का जबरन नसबंदी अभियान एक संगीन उदाहरण बना

**उस दौर** की ज्यादतियों ने अनगिनत लोगों को गहरा नुकसान पहुंचाया

### पक्षी तोता बन गया है! थरूर पर कांग्रेस का तंज



### हजारों लोग बेघर हुए

थरूर ने कहा कि पूर्व पीएम इंदिरा गांधी को इन कठोर कार्रवाई का समर्थन करते हुए देखा गया था। इंदिरा गांधी के पुत्र संजय गांधी ने जबरन नसबंदी अभियान चलाया जो इसका एक संगीन उदाहरण बन गया। पिछड़े ग्रामीण इलाकों में मनमाने लक्ष्यों को पूरा करने के लिए हिंसा और बल का इस्तेमाल किया गया। नई दिल्ली जैसे शहरों में झुग्गियों को बेरहमी से ध्वस्त कर उनका सफाया कर दिया गया। हजारों लोग बेघर हो गए। उनके कल्याण पर ध्यान नहीं दिया गया। दुर्भाग्यपूर्ण ज्यादतियां होने के बावजूद बाद में इन कृत्यों को कुछ गरिमा के साथ चित्रित किया गया।

### लोकतंत्र अनमोल विरासत

कांग्रेस सांसद ने कहा कि लोकतंत्र कोई ऐसी चीज नहीं है जिसे हल्के में लिया जाए, यह एक अनमोल विरासत है जिसे निरंतर पोषित और संरक्षित किया जाना चाहिए। यह सभी लोगों के लिए एक सबक होना चाहिए। आज का भारत 1975 का भारत नहीं है। हम ज्यादा आत्मविश्वासी, ज्यादा विकसित और कई मायनों में ज्यादा मजबूत लोकतंत्र हैं।

### मौलिक अधिकारों का हनन किया

थरूर ने कहा कि असहमति को दबाना, एकत्रित होने, लिखने और मुक्त होकर बोलने की स्वतंत्रता जैसे मौलिक अधिकारों का हनन और संवैधानिक कानूनों की घोर अवहेलना ने भारतीय राजनीति पर एक अमिट दाग छोड़ दिया है। उस दौर की ज्यादतियों ने अनगिनत लोगों को गहरा और स्थायी नुकसान पहुंचाया। प्रभावित समुदायों में इसने भय और अविश्वास का माहौल पैदा किया। आपातकाल के बाद मार्च 1977 में हुए पहले स्वतंत्र चुनाव में लोगों ने स्पष्ट प्रतिक्रिया दी और इंदिरा गांधी एवं उनकी पार्टी को बड़े अंतर से सत्ता से बाहर कर दिया।

### नकल पक्षियों में अच्छी लगती है, राजनीति में नहीं: मणिकम

कांग्रेस सांसद मणिकम टैगौर ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर किए पोस्ट में



थरूर पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने लिखा कि जब कोई सहयोगी भाजपा की बातों को शब्दशः दोहराने लगे तो आप क्या सोचेंगे- क्या अब वह पक्षी तोता बन रहा है? नकल पक्षियों में अच्छी लगती है, राजनीति में नहीं। मणिकम का यह पक्षी वाला तंज शशि थरूर के उस सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर आया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि एक चिड़िया के लिए सबसे अच्छा खुला आसमान होता है। इसमें उसे उड़ने के लिए अनुमति मत मांगो।

### आपातकाल पर चर्चा प्रासंगिक नहीं: मुरलीधरन



वरिष्ठ कांग्रेस नेता के मुरलीधरन ने कहा कि इस समय आपातकाल पर चर्चा प्रासंगिक नहीं है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता वीडी सतीशन ने कहा कि थरूर पार्टी की कार्यसमिति के सदस्य हैं और उनके द्वारा लिखे गए लेख पर राष्ट्रीय नेतृत्व को ही टिप्पणी करनी चाहिए।

---

## कर्नाटक में सीएम बदलने की अटकलें

# सिद्धारमैया से नहीं मिले राहुल अब प्रभारी सुरजेवाला से मिलेंगे

*सीएम ने कहा मैं पांच साल पूरा करूंगा*

*गृह मंत्री बोले पार्टी नेतृत्व सब देख रहा*



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कर्नाटक में फिर से नेतृत्व परिवर्तन की अटकलों का बाजार गर्म है। इस बीच राज्य के सीएम सिद्धारमैया लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व से मिलने दिल्ली पहुंचे हैं। दिल्ली पहुंचने पर उन्होंने कहा कि मैंने राहुल गांधी से मिलने के लिए समय मांगा था लेकिन अभी तक कोई जानकारी नहीं मिली है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस महासचिव एवं पार्टी के कर्नाटक प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला ने इस तरह के किसी भी कदम से साफ इनकार किया है। सिद्धरमैया ने कहा कि नेतृत्व में कोई बदलाव नहीं हो रहा है। नेतृत्व का मुद्दा चर्चा में नहीं है। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि पार्टी आलाकमान का फैसला अंतिम और सर्वमान्य होगा।

### सीएम पद रिक्त नहीं

सीएम सिद्धरमैया ने कहा कि क्या अभी सीएम का पद रिक्त है? फिर ऐसी अटकलें क्यों लगाई जा रही हैं? अगर कोई निजी राय व्यक्त करता है, तो क्या वह पार्टी का फैसला हो सकता है? खरगे (कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे) और राहुल गांधी को इस बारे में बात करनी चाहिए। मंत्रिमंडल में फेरबदल पर उन्होंने कहा, कि नेतृत्व परिवर्तन और मंत्रिमंडल में फेरबदल पर कोई चर्चा नहीं हुई है। डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने खुद कहा है कि सीएम पद के लिए कोई रिक्ति नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार ने दलितों के उत्थान के लिए कार्यक्रमों पर काफी विचार-विमर्श के बाद निर्णय लिए हैं।

### आलकमान समय आने पर निर्णय करेगा

राज्य के गृह मंत्री जी. परमेश्वर ने बेंगलुरु में गुरुवार को यह कहकर सस्पेंस बढ़ा दिया है कि इस मुद्दे पर पार्टी आलाकमान ही निर्णय करेगा। उन्होंने कहा कि पार्टी नेतृत्व सब देख रहा है और समय आने पर वह निर्णय करेगा। उन्होंने कहा कि इस (नेतृत्व परिवर्तन के मुद्दे) पर न तो बार-बार चर्चा होनी चाहिए और न ही बयानबाजी। प्रशासन में कोई समस्या नहीं है, यह सुचारू रूप से चल रहा है और सीएम (सिद्धरमैया) प्रभावी रूप से इसका संचालन कर रहे हैं। मैं एक और नाटक कंपनी (बयान देने से) नहीं खोलना चाहता। उन्होंने कहा कि पार्टी आलाकमान सब देख रहा है और समय आने वह निर्णय करेगा।

---

## आंध्र में सूखा ग्रस्त जिलों को लेकर बैठक

# राज्य के साथ मिलकर 'एकीकृत कार्ययोजना' बनाएंगे: शिवराज

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दक्षिणी आंध्र प्रदेश के सूखा ग्रस्त जिलों को लेकर आंध्र प्रदेश के मंत्रियों और अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में प्राकृतिक खेती और पाम ऑयल मिशन को लेकर भी विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि सूखा ग्रस्त जिलों की समस्या के समाधान के लिए राज्य के साथ मिलकर एकीकृत कार्ययोजना बनाएंगे जिनमें लघु समाधान और दीर्घकालिक योजना तैयार की जाएगी।



### सूखे में भी फसलें उगाएंगे

शिवराज ने कहा कि कृषि विभाग, आईसीएआर के वैज्ञानिक, ग्रामीण विकास विभाग और भूमि संसाधन विभाग, जिसमें वॉटरशेड भी शामिल है, मिलकर सूखे की परिस्थिति में भी फसल पैदा करने के लिए योजना बनाएगें ताकि किसानों को इस संकट से उबार सकें।

---

## बीमा राशि हड़पने की शिकायतों पर रोक

# गैर वाजिब उगाही की कोशिश की तो अस्पतालों की खैर नहीं

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

स्वास्थ्य बीमा के नाम पर मरीजों से बीमा राशि हड़पने की शिकायत को केंद्र ने गंभीरता से लिया है। मरीज को उचित खर्च पर उचित इलाज मिले, इसके लिए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय और वित्त मंत्रालय एक सिस्टम तैयार कर रहा है। इस कदम का उद्देश्य निजी अस्पतालों द्वारा मरीजों से अत्यधिक शुल्क वसूली को रोकना और स्वास्थ्य बीमा दावों की प्रक्रिया को और अधिक सुगम बनाना है। ताकि 'खुली लूट' पर अंकुश लगाया जा सकेगा।



### इरडा के तहत एनएचसीएक्स

मौजूदा राष्ट्रीय स्वास्थ्य दावा विनिमय पोर्टल (एनएचसीएक्स), जो वर्तमान में स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण द्वारा संचालित है, को वित्त मंत्रालय और भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण (इरडा) के तत्वावधान में लाया जाएगा।

---


## वडोदरा नदी पुल हादसा मामला

# अब तक 17 की मौत, गुजरात सड़क एवं भवन विभाग के चार इंजीनियर निलंबित

एजेंसी ▶▶ वडोदरा

गुजरात के वडोदरा जिले में महिसागर नदी पर बने पुल के ढहने की घटना में मृतकों की संख्या गुरुवार को बढ़कर 17 हो गई। वडोदरा जिले के पुलिस अधीक्षक रोहन आनंद ने बताया कि अब तक 17 शव बरामद किए जा चुके हैं। तलाश एवं बचाव अभियान अब भी जारी है। इस बीच सरकार ने गुजरात सड़क एवं भवन विभाग के चार इंजीनियर निलंबित कर दिया है।

**3-4 लोग अभी भी लापता**



### नदी में 4 किमी तक तलाश रहे

वडोदरा के जिलाधिकारी अनिल धमेलिया के अनुसार कम से कम तीन व्यक्ति अब भी लापता हैं। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल और राज्य आपदा मोचन बल की टीम नदी में जीवित बचे लोगों या शवों की तलाश कर रही हैं। टीम नदी में चार किलोमीटर नीचे तक तलाश अभियान चला रही हैं। लापता व्यक्तियों के बारे में जानकारी देने के लिए नियंत्रण कक्ष पर कॉल कर सकते हैं।

**अन्य पुलों का होगा गहन निरीक्षण:** तत्काल प्रभाव से निलंबित किए गए लोगों में कार्यकारी अभियंता एनएम नायकवाला, उप कार्यकारी अभियंता यूसी पटेल और आरटी पटेल के साथ-साथ सहायक अभियंता जेवी शाह शामिल हैं। सीएम भूपेंद्र पटेल ने विभाग के अधिकारियों को इस घटना के मद्देनजर राज्य के अन्य पुलों का तुरंत गहन निरीक्षण करने का आदेश दिया।

---

## केंद्रीय विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के सम्मेलन में बोले मंत्री प्रधान

# उच्च शिक्षा में 2035 तक सकल नामांकन दर को पचास फीसदी तक बढ़ाया जाएगा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने गुजरात के केवड़िया में आयोजित केंद्रीय विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के दो दिवसीय सम्मेलन के उद्घाटन समारोह को संबोधित किया। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में सकल नामांकन दर (जीईआर) को 2035 तक बढ़ाकर 50 फीसदी तक करने का लक्ष्य सभी के सामने रखा। देश के 50 से अधिक उच्च-शिक्षा संस्थानों के कुलपतियों ने सम्मेलन में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के कार्यान्वयन, मूल्यांकन और रणनीति बनाने पर विचार-विमर्श किया।




### अवधारणा समझायी

उन्होंने एनईपी में शामिल पंच संकल्प के प्रमुख विषयों में अगली पीढ़ी की उभरती शिक्षा, बहु विषयक शिक्षा, नवीन शिक्षा, समग्र और भारतीय शिक्षा शामिल है। उनमें पाठ्यक्रम को नया स्वरूप देने, डिजिटल प्रणाली बनाने, संकाय को प्रशिक्षित करने और बहु विषयक दृष्टिकोण को बढ़ावा देने जैसे क्षेत्रों में निर्णायक कार्रवाई करना मुख्य है।

### हर विश्वविद्यालय तैयार करेगा रणनीति पत्र

प्रधान ने कहा कि एनईपी-20 छात्र प्रथम दृष्टिकोण को बढ़ावा देता है। क्योंकि वे हमारी राष्ट्रीय शक्तियां हैं। देश में मौजूद प्रत्येक विश्वविद्यालय विकसित भारत के विजन को प्राप्त करने के लिए रणनीति पत्र तैयार करेगा। जिसमें विषयों का बहु-विषयक एकीकरण, भारतीय ज्ञान प्रणाली को मुख्यधारा में लाना, कौशल विकास और उसे बढ़ावा देने के लिए प्रौद्योगिकी संचालित शिक्षा के लिए रणनीतियां बनाना, नवाचार पर केंद्रित परिसर पहल और पारंपरिक मूल्यों के साथ प्रौद्योगिकी का एकीकरण मुख्य रूप से शामिल है।

---

## सांसद त्रिवेदी ने महाराष्ट्र चुनाव में धांधली के राहुल गांधी के बयान पर साधा निशाना

# कांग्रेस पर लगाया आपातकाल वाली सोच को बढ़ावा देने का आरोप

कहा, राहुल की टिप्पणी इसी तरह की सोच को दर्शाती है कि संवैधानिक निकायों की वैधता उनकी चुनावी जीत या हार पर निर्भर करेगी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी ने बृहस्पतिवार को कांग्रेस पर उस सोच को बढ़ावा देने का आरोप लगाया जिसने आपातकाल लगाया था। पार्टी ने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण के खिलाफ बिहार में राहुल गांधी का प्रदर्शन विपक्षी पार्टी की इस सोच को रेखांकित करता है कि संवैधानिक संस्थाओं की वैधता उनकी चुनावी जीत या हार पर निर्भर करती है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कुछ कांग्रेस नेताओं द्वारा अपने वरिष्ठ



सहयोगी शशि थरूर की आलोचना करने पर विपक्षी पार्टी पर निशाना साधा। थरूर ने एक लेख लिखकर आपातकाल को भारतीय लोकतंत्र का काला अध्याय बताया है। थरूर ने 1975 में घोषित आपातकाल की आलोचना करते हुए कहा है कि देश की जनता ने उस दौर की ज्यादतियों का स्पष्ट जवाब इंदिरा गांधी को बड़े अंतर से सत्ता से बाहर करके दिया था।

### पीढ़ियां बदल गईं, लेकिन सोच नहीं बदली

भाजपा सांसद ने कहा कि पीढ़ियां बदल गई हैं, लेकिन कांग्रेस की सोच नहीं बदली है। बता दें, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को आरोप लगाया था कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में भाजपा के पक्ष में 'धांधली' की गई थी और दावा किया था कि केंद्र की राजग सरकार इस साल के अंत में होने वाले बिहार चुनावों में इसे दोहराना चाहती है। विशेष गहन पुनरीक्षण मतदाता सूची में हेराफेरी करने के 'महाराष्ट्र मॉडल' का विस्तार है और निर्वाचन आयोग पर भाजपा के निर्देश पर काम कर रहा है।


### कांग्रेस अब भी बेशर्मी से आपातकाल का समर्थन कर रही

*सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि कांग्रेस नेता को आपातकाल की ज्यादतियों का एहसास होने में 50 साल लग गए, लेकिन पार्टी के भीतर से आई प्रतिक्रिया से पता चलता है कि वह अब भी 'बेशर्मी' से इस अतिवादी कदम का समर्थन कर रही है और इसके पीछे की सोच को उचित ठहरा रही है। उन्होंने कहा कि आपातकाल इसलिए लगाया गया क्योंकि तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का चुनाव न्यायपालिका द्वारा रद्द कर दिया गया था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने यह तय किया कि संवैधानिक पदों की वैधता उसकी सुविधा के अनुसार तय होगी। त्रिवेदी ने कहा कि बिहार में प्रदर्शन के दौरान राहुल गांधी की टिप्पणी इसी तरह की सोच को दर्शाती है कि संवैधानिक निकायों की वैधता उनकी चुनावी जीत या हार पर निर्भर करेगी।*

## खबर संक्षेप

### कपिल शर्मा के कैफे पर फायरिंग, होई हताहत नहीं

**नई दिल्ली।** कॉमेडियन कपिल शर्मा के कैफे पर फायरिंग हुई है। कुछ दिनों पहले ही कनाडा में उनके कैफे का




उद्घाटन हुआ था। पत्नी गिन्नी चतरथ के साथ मिलकर उन्होंने कनाडा में एक शानदार रेस्टोरेंट खोला है। कैफे का नाम 'कैप्स कैफे' रखा है। हरजीत सिंह लाडी ने ली गोलीबारी की जिम्मेदारी खालिस्तान समर्थक समूह (बब्बर खालसा इंटरनेशनल) के एक कार्यकर्ता और एनआईए (भारत) के मोस्ट वांटेड आतंकवादी हरजीत सिंह लाडी ने इस गोलीबारी की जिम्मेदारी ली है। उनके कैफे को क्यों निशाना बनाया गया है,जानकारी अभी तक सामने नहीं आई है।

### पाक में ड्रोन अटैक, बम गिरते ही मच गई सनसनी

**कराची।** पाकिस्तान में एक ड्रोन अटैक की घटना सामने आई है। पाक के खैबर पख्तूनख्वा के बन्नू जिले में विद्रोहियों द्वारा किए गए दो ड्रोन



हमलों में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि तीन घायल हो गए। बन्नू जिला पुलिस अधिकारी सलीम अब्बास कुलाची ने डॉन को बताया कि जिले में दो क्वाडकॉप्टर ;एक प्रकार का ड्रोन घटनाएं हुईं। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों द्वारा किए गए पहले क्वाडकॉप्टर हमले में एक महिला की मौत हो गई जबकि तीन बच्चे घायल हो गए है वही महिला के शव और घायलों को अस्पताल ले जाया गया जहां इलाज जारी है।

### पाक ने आठ चरमपंथियों को मार गिराया

**पेशावर।** पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने अफगानिस्तान के कुनार प्रांत से देश के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में घुसपैठ



की कोशिश कर रहे आठ चरमपंथियों को मार गिराया। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। गोलीबारी की यह घटना मंगलवार को बाजौर जिले के लोवी मामुंड तहसील में हुई, 'फितना अल-खवारिज' संगठन के चरमपंथियों के पाक-अफगान सीमा पार करने की कोशिश के बारे में रिपोर्ट मिली थी। 'फितना अल-खवारिज' का इस्तेमाल प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के लिए किया जाता है।

# हिमाचल-प्रदेश और उत्तर-पूर्व में बाढ़ राहत अभियान में युद्धस्तर पर जुटी सेना

- ग्राउंड जीरो पर पहुंचे हिमाचल के सीएम, पूर्वोत्तर में जल राहत-2 अभियान से पहुंचाई जा रही है मदद

**हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली**

मानसून के सीजन की शुरुआत के साथ ही हिमाचल-प्रदेश और उत्तर-पूर्व के राज्य बाढ़ की विभीषिका से त्रस्त नजर आ रहे हैं। जहां देखो वहां पानी ही पानी नजर आ रहा है और आम लोग स्थानीय प्रशासन से मदद की गुहार लगा रहे हैं। इन सबके बीच भारतीय सेना भी बाढ़ प्रभावित राज्यों में राहत और बचाव कार्य में जुट गई है। सेना ने गुरुवार को बताया कि बाढ़ की वजह से हिमाचल-प्रदेश के मंडी जिले के जिन सुदूर गांवों का संपर्क बाकी राज्य से टूट गया है। उन तक राहत सामग्री पहुंचाने के लिए सेना ने अपने कॉलम रवाना कर दिए हैं। मंडी के ब्रिगेड कमांडर ने भी सैन्य कॉलम में शामिल अपनी टुकड़ी से रणनीतिक रूप से बचाव अभियान के संबंध में



व्यापक चर्चा की है। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना संकट की इस घड़ी में हिमाचल प्रदेश के लोगों को सहायता पहुंचाने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। राहत अभियान में सेना की ताकत बढ़ाने के लिए राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) और राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) भी स्थानीय एजेंसियों के साथ आम जनता को राहत पहुंचाने में लगे हुए हैं। यहां बता दें कि हिमाचल प्रदेश में पिछले महीने 20 जून को मानसून पहुंचने के बाद से 30 फीसदी से ज्यादा बारिश हुई है। जिसमें जानमाल का काफी नुकसान हुआ है।

## ग्राउंड जीरो पर पहुंचे हिमाचल सीएम

वहीं, हिमाचल-प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बाढ़ से प्रभावित थुनाग इलाके का दौरा कर वहां जारी राहत अभियान का जायजा लिया है। अपनी एक्स पोस्ट में कुछ तस्वीरों को साझा कर उन्होंने यह जानकारी दी। सेना ने मंडी के आसपास जिन जगहों पर राहत कॉलम तैनात किए हैं। उनमें थुनाग, बागसियाद और पनदोह मुख्य हैं। सीएम ने पोस्ट में लिखा, मैं जानता हूं कि दुःख की यह घड़ी बेहद मुश्किलों भरी है। घर-बार सब कुछ तहस-नहस हो गया है। सरकार सहायता के लिए हर मोर्चे पर डटी है। पटवारी को निर्देश दिए गए हैं कि वह प्रभावित परिवारों के नुकसान का सर्वेक्षण पूरा करें और यह सुनिश्चित करें कि किसी भी परिवार का नाम छूटने न पाए। इसके अलावा यह भी सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी व्यक्ति सहायता से वंचित न रहे। प्रशासनिक अमले को निर्देश दिए गए हैं कि यदि प्रभावित लोग किराए के महान या अपने रिश्तेदार के यहां रहना चाहें तो उन्हें राज्य सरकार द्वारा निर्धारित किराया सहायता राशि समय पर उपलब्ध कराई जाए।

### टूटने नहीं देंगे बच्चों की उम्मीद

सीएम ने एक अन्य पोस्ट में हिमाचल में आई भयानक बाढ़ का उल्लेख करते हुए कहा कि शायद ही किसी ने यह नहीं सोचा होगा कि आपदा इतनी भयावह होगी कि एक ही पल में बच्चों के सिर से छत छिन गई, उनकी किताबें, खिलौने मलबे में दब गए या पानी में बह गए। उन्होंने कहा, मैं जानता हूं कि बचपन, बच्चों के पढ़ने और खेलने के साथ-साथ उनकी मुस्कान की वजह और उनकी पूरी दुनिया होता है। इसलिए हमने ठाना है कि बच्चों का बचपन लौटाकर ही दम लेंगे और उन्हें फिर से वही हंसी, वही उम्मीद और वही खुला आसमान देंगे।

### उत्तर-पूर्व में जारी जल राहत-2 अभियान

*उत्तर-पूर्व के असम, नागालैंड और मणिपुर में भी अत्यधिक बारिश के बाद आई बाढ़ के बीच सेना जल राहत-2 नामक राहत और बचाव अभियान चला रही है। जिनकी अगुवाई स्थानीय प्रशासन के साथ मिलकर असम राइफल्स (नॉर्थ, एचक्यू आईजीएआर (एन) के आईजी मुख्यालय द्वारा की जा रही है। सेना ने बताया कि 10 जुलाई को नागालैंड के दीमापुर के उपायुक्त ने सेना से बाढ़ के बीच मदद प्रदान करने के लिए अनुरोध किया था। जिसके बाद बल के इंजीनियर टास्क फोर्स के दस्ते ने बाढ़ से सर्वाधिक प्रभावित शिनग्रीजान कॉलोनी का दौरा किया। ऊपरी असम की धनश्री नदी गोलाघाट जिले में खतरे के निशान को पार कर गई है। अभी फिलहाल पानी का स्तर कुछ घट रहा है। लेकिन सेना लगातार जमीनी हालात की बेहद करीब से निगरानी कर रही है। जिसमें आवश्यकता पड़ने पर वह तुरंत मोर्चे पर तैनात हो जाएगी। इसी तरह से मणिपुर के इंफाल पश्चिम और बिशनपुर जिलों में बहने वाली नदी नंबुल नदी खतरे के निशान को पार कर गई है। यहां पर भी सेना जमीनी स्थिति पर कड़ी निगरानी बनाए हुए है, आवश्यकता के हिसाब से तैनाती की जाएगी। 10 जुलाई तक सेना ने बाढ़ प्रभावित समूचे क्षेत्र में सेना के 40 रिलीफ कॉलम तैनात किए हैं। अब तक 3 हजार 820 लोगों को बचाया गया है, 1 हजार 361 खाने के पैकेट वितरित किए गए हैं। साथ ही 2 हजार 95 चिकित्सा सहायता, 15 हजार 421 पानी की बोतलें प्रदान की गई हैं।*

पहलगाम हमले पर दिया ये जवाब

# भारत में आतंक फैलाते रहे हैं हम... पूर्व पाक विदेश मंत्री भुट्टो ने कबूला सच



**एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद**

पाकिस्तान लंबे समय से अपनी जमीन पर मौजूद आतंकी समूहों को भारत के जम्मू-कश्मीर में आतंक फैलाने की अनुमति देता रहा है। इसी साल अप्रैल में पाकिस्तान के पाले आतंकियों ने जम्मू कश्मीर में बर्बर आतंकी हमले में 26 बेगुनाह लोगों की जान ले ली, जिनमें अधिकांश पर्यटक थे। भारत ने जवाबी कार्रवाई करते हुए पाकिस्तान के अंदर घुसकर आतंकियों के ठिकानों को नेस्तनाबूद करते हुए कई आतंकियों को खत्म कर दिया। पूरी दुनिया ने इन आतंकी ठिकानों की बर्बादी देखी थी।

- बिलावल ने इस बात पर जोर दिया कि पाक अब बदल गया है

अब पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के चेयरमैन बिलावल भुट्टो जरदारी ने स्वीकार किया है कि उनका देश भारत के खिलाफ आतंक फैलाने में शामिल रहा है। एक इंटरव्यू में बिलावल भुट्टो ने जरदारी ने कबूल किया कि पाकिस्तानी समूह अतीत में भारत के खिलाफ आतंक में शामिल रहे हैं, लेकिन उन्होंने यह मानने से इनकार किया कि पाकिस्तान की सरकार इसमें शामिल थी। बिलावल ने इस बात पर जोर दिया कि पाकिस्तान अब बदल गया है और इस्लामाबाद ने इन आतंकी समूहों के खिलाफ कार्रवाई की है।

### अब्दुल रऊफ के सवाल पर बोले बिलावल

*बिलावल भुट्टो ने पाकिस्तान के इस हमले में शामिल होने से इनकार करते हुए कहा कि इस्लामाबाद ने भारत सरकार से विश्वसनीय सबूत की मांग की लेकिन ऐसा एक भी सबूत नहीं दिया गया। लेकिन जब ऑपरेशन सिंदूर के बाद मारे गए आतंकियों के जनाजे में आतंकी कमांडर अब्दुल रऊफ से साथ सैन्य अधिकारियों की मौजूदगी को लेकर सवाल पूछा गया तो वे सवाल को टाल गए।*

### पहलगाम हमले में शामिल होने से इनकार

पहलगाम आतंकवादी हमले को लेकर सवाल पर उन्होंने इस बात से इनकार किया कि पाकिस्तान इसमें शामिल था। हमले की जिम्मेदारी लेने वाले द रेजिस्टेंस फ्रंट के बारे में पूछे गए सवालों पर बिलावल से सीधा जवाब नहीं देते बना। द रेजिस्टेंस फ्रंट ने पहलगाम आतंकी हमले के महज 45 मिनट के अंदर इसकी जिम्मेदारी ली थी।

सुप्रीम कोर्ट सुनवाई के लिए हुआ तैयार, यमन के नागरिक तलाल अब्दो महदी की हत्या की दोषी हैं निमिषा

# यमन में भारतीय नर्स निमिषा को बचाने की आखिरी कोशिश!

*तलाल अब्दो महदी ने किया था निमिषा के साथ अत्याचार*

निमिषा प्रिया साल 2008 में नर्स के तौर पर काम करने के लिए यमन गई थी। कुछ समय बाद निमिषा ने यमन के नागरिक महदी के साथ मिलकर अपना क्लीनिक खोलने का फैसला किया। साल 2017 में महदी का शव मिलने के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। निमिषा इस समय यमन की राजधानी सना की केंद्रीय जेल में बंद है।

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

यमन में मौत की सजा पाई भारतीय नर्स निमिषा प्रिया को बचाने की संभवतः आखिरी कोशिश शुरू हो गई है। दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने निमिषा प्रिया को बचाने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई करने की मंजूरी दे दी है। सुप्रीम कोर्ट ने अटॉर्नी जनरल को भी इस मामले की सुनवाई में शामिल होने को कहा है।

निमिषा प्रिया को यमन में यमनी नागरिक की हत्या के मामले में 16 जुलाई को मौत की सजा दी जा सकती है। जस्टिस सुधांशु धूलिया और जॉयमाल्या बागची की पीठ ने मामले को 14 जुलाई को सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया है। याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि कूटनीतिक तरीके से निमिषा को बचाने की कोशिश की जा सकती है। वकील ने कहा कि मृतक के परिवार को ब्लड मनी देकर निमिषा की सजा माफ कराई जा सकती है।

यमन में 16 जुलाई को निमिषा प्रिया को मौत की सजा दी जाएगी



### केरल की निमिषा प्रिया कैसे पहुंची यमन?

*इस कहानी की शुरुआत होती है साल 2018 से, जब निमिषा 18 साल की थी। निमिषा की मां दूसरे के घरों में काम करती थी। मां-बेटी का जीवन संघर्षों से भरा हुआ था। किसी तरह निमिषा ने नर्सिंग का कोर्स किया था। हालांकि, केरल में उसे नर्सिंग की नौकरी नहीं मिली। इसके बाद निमिषा को पता चला कि यमन में नर्सिंग के अच्छे अवसर हैं। 19 वर्ष की निमिषा अच्छे भविष्य के लिए यमन जाने के लिए तैयार हो गई।*

### महदी ने निमिषा के साथ किया अत्याचार

इसके बाद निमिषा एक महीने के लिए केरल लौट आई। निमिषा को लेकर महदी के मन में कुछ और खिचड़ी पक रही थी। महदी ने निमिषा की शादी की तस्वीरें चुरा ली। इसके बाद उसने कई लोगों को कहा कि निमिषा और उसकी शादी हुई है। इतना ही नहीं महदी ने क्लीनिक की कमाई भी रखनी शुरू दी। महदी ने क्लिनिक को अपना बताना शुरू कर दिया। वो निमिषा और उसके परिवार को भी प्रताड़ित करने लगा। उसने निमिषा का पासपोर्ट भी रख लिया था, ताकि निमिषा भारत न जा सके।

### कैसे गलती से हो गया मर्डर

निमिषा की मां ने बताया कि तलाल ने सबको यह बताकर कि निमिषा उसकी पत्नी है, उसकी मंथली इनकम से पैसे भी लेने शुरू कर दिए। निमिषा ने आरोप लगाया था कि महदी उसे और उसके परिवार को सालों से परेशान कर रहा था। उसने उसे नशीले पदार्थों के प्रभाव में प्रताड़ित किया। उसने उसे कई बार बंदूक की नोक पर धमकाया भी। उसने क्लिनिक से सारे पैसे और उसके गहने भी ले लिए। रोजाना की प्रताड़ना से तंग आकर निमिषा ने तलाल को बेहोश करने के लिए नशीली दवा दी, लेकिन ओवरडोज होने की वजह से उसकी मौत हो गई। इसके बाद निमिषा ने एक स्थानीय महिला के साथ मिलकर तलाल के शव के टुकड़े किए और पानी की टंकी में बहा दिया। साल 2020 में निमिषा को फांसी की सजा हुई और फिर वहां की सुप्रीम कोर्ट ने भी दो साल पहले फैसले को बरकरार रखा।

### निमिषा प्रिया ने खोले थे कई राज-मुझे अपने दोस्तों के साथ संबंध बनाने को कहता था

सजा पाने के बाद जेल से ही बात करते हुए निमिषा ने बताया था कि महदी ने मुझे प्रताड़ित करना शुरू कर दिया था। वह क्लिनिक के कर्मचारियों के सामने मुझे पीटता और मुझपर थूकता था। 2016 में मैंने पुलिस थाने में उसकी शिकायत दर्ज करवाई। उसने मेरा पासपोर्ट भी अपने पास रख लिया और अपने साथ रहने पर मजबूर करने लगा। वह नशा करके घर आता और मुझे मारता-पीटता।" भारतीय नर्स ने आगे कहा कि वह रात में अपने दोस्तों को भी घर पर लाता और मुझे उनके साथ यौन संबंध बनाने के लिए मजबूर करता था। मैं खुद को बचाने के लिए बाहर भागती थी। मैं उससे बचने के लिए यमन की सड़कों पर रात में अकेले भागती थी, जबकि यह एक ऐसी जगह है, जहां रात में सड़क पर कोई महिला नहीं दिखाई देती। इन सबके बाद साल 2017 में निमिषा ने उसे नशीली दवा देकर बेहोश करने की कोशिश की। जिससे वह अपना पासपोर्ट वापस ले सके। पहली बार में वह इतने नशे में था कि उस पर दवा ने कोई असर नहीं किया। दोबारा नशे की दवा का ओवरडोज ज्यादा होने की वजह से तलाल की मौत हो गई।

### तलाल ने शादी की तस्वीरें चोरी की थी

### कौन था तलाल अब्दो महदी

यमन में नर्स का काम करने गई निमिषा की वहां मुलाकात तलाल अब्दो महदी नामक शख्स से हुई। वह यमन का नागरिक था और एक स्टोर का मालिक था। इसके बाद दोनों ने पार्टनरशिप में वहीं साल 2015 में एक क्लीनिक की शुरुआत की। उसी साल जब निमिषा एक महीने के लिए केरल छुट्टी पर आई तो तलाल ने उसकी शादी की तस्वीर चोरी कर ली और फिर उसे मैन्युपुलेट करके यह दावा किया कि उसकी शादी निमिषा से हुई है। निमिषा के पति थॉमस ने बताया था कि शुरुआत में महदी एक अच्छे इंसान लगे।

वाणिज्य मंत्री 16वें एग्रीकल्चर लीडरशिप कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए बोले

# एफटीए से कृषि क्षेत्र को मिली नई उड़ान, बांटे गए 25 करोड़ सॉयल हेल्थ कार्ड : पीयूष गोयल

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि भारत के कृषि क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है, जिसका श्रेय फ्री ट्रेड एग्रीमेंट्स



सरकारी नीतियों, वित्तीय प्रोत्साहनों और किसानों को दिए जा रहे व्यापक समर्थन को जाता है। नई दिल्ली में आयोजित 16वें एग्रीकल्चर लीडरशिप कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि ऑस्ट्रेलिया, यूएई, यूरोपीय फ्री ट्रेड एसोसिएशन देश और ब्रिटेन जैसे विकसित देशों के साथ एफटीए के जरिए भारतीय किसानों को नए वैश्विक बाजार मिले हैं। गोयल ने बताया कि अब तक 25 करोड़ सॉयल हेल्थ कार्ड किसानों को वितरित किए जा चुके हैं ताकि संतुलित उर्वरक उपयोग को बढ़ावा मिल सके। किसान क्रेडिट कार्ड योजना के माध्यम से किसानों को फसल ऋण आसानी से उपलब्ध कराया गया है।

### भारत का कृषि क्षेत्र स्थिरता और मजबूती से आगे बढ़ा है

उर्वरक क्षेत्र की बात करते हुए केंद्रीय मंत्री गोयल ने कहा कि सरकार ने सब्सिडी के माध्यम से उर्वरकों को किसानों के लिए सुलभ बनाया है और कोविड-19 महामारी के दौरान भी समय पर आपूर्ति सुनिश्चित की गई। गोयल ने इस बात पर गर्व जताया कि वैश्विक बाजारों में उतार-चढ़ाव और निर्यात में गिरावट के बावजूद भारत का कृषि क्षेत्र स्थिरता और मजबूती से आगे बढ़ा है। उन्होंने कहा किसानों की मेहनत से कृषि, पशुपालन और मत्स्य उत्पादों का निर्यात 4 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गया है।

### अध्ययनः वायु प्रदूषण से बढ़ सकता है ब्रेन ट्यूमर का खतरा

**नई दिल्ली।** एक नए अध्ययन के अनुसार, वायु प्रदूषण न केवल दिल और फेफड़ों को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि यह ब्रेन में एक सामान्य ट्यूमर, मेनिन्जियोमा के खतरे को भी बढ़ा सकता है। मेनिन्जियोमा नामक ट्यूमर, जो आमतौर पर



कैंसररहित (नॉन-कैंसरस) होता है, मस्तिष्क और रीढ़ की हड्डी को ढकने वाली पतली परत (मेनिन्जेस) में बनता है। यह ट्यूमर ज्यादातर हानिरहित होता है, लेकिन कभी-कभी इसके कारण सिरदर्द, दौरे पड़ते हैं या ये अन्य न्यूरोलॉजिकल समस्याओं की वजह बन सकते हैं। न्यूरोलॉजी जर्नल में प्रकाशित इस अध्ययन में शोधकर्ताओं ने पाया कि प्रदूषण और मेनिन्जियोमा के बीच एक संभावित संबंध हो सकता है, हालांकि यह साबित नहीं हुआ कि प्रदूषण ही इसका कारण है।

*भारत के लिए बढ़ सकता है खतरा*

## अरुणाचल के सीएम खांडू की चेतावनी चीन का मेगा डैम भारत के लिए वॉटर बम



**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

सीएम पेमा खांडू ने आशंका जताई कि चीन इस मेगा डैम का इस्तेमाल कभी भी बड़े स्तर पर पानी छोड़ने के लिए कर सकता है, जिससे अरुणाचल की सियांग घाटी में भीषण बाढ़ आ सकती है। उन्होंने कहा कि इससे खासकर आदिवासी समूहों जैसे आदि जनजाति को बड़ा नुकसान हो सकता है उनकी भूमि संपत्ति और जान जोखिम में पड़ सकती है। अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने चीन की ओर से ब्रह्मपुत्र नदी ;तिब्बत में यारलुंग त्सांगपोद्ध पर बनाए जा रहे मेगा डैम को भारत के लिए श्वॉटर बम बताते हुए गंभीर चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि ये प्रोजेक्ट सिर्फ पर्यावरणीय या जल सुरक्षा का मामला नहीं बल्कि अस्तित्व के लिए भी खतरा है ये सैन्य खतरे के अलावा किसी भी अन्य समस्या से बड़ा होगा, जो सीमावर्ती जनजातियों के जीवन भूमि और संसाधनों को तबाह कर सकता है।

भारत के दुश्मनों पर बरसेंगी इजराइली मिसाइलें

## सुखोई में ब्रह्मोस के साथ 'लोरा' मिसाइल तैनात करने की प्लानिंग




**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

भारतीय वायुसेना आईएएफ ने एक नई रणनीति के तहत इजराइल की एयर लॉन्ग रेंज अटैक लोरा मिसाइल को अपने लड़ाकू विमानों जैसे सु-30 एमकेआई में शामिल करने पर विचार शुरू किया है।

हालांकि भारत के पास पहले से ही ब्रह्मोस मिसाइल है फिर भी 'लोरा' को अपनाने की योजना क्यों? यह सवाल तब उठा जब ऑपरेशन सिंदूर में रैम्पेज मिसाइल की सफलता के बाद 'लोरा' ने इसकी खोज शुरू की 'लोरा' की 400-430 किमी की रेंज इसे दुश्मन के गहरे ठिकानों पर सुरक्षित हमले करने में सक्षम बनाती है जो ब्रह्मोस के साथ मिलकर आईएएफ की ताकत को और बढ़ाएगी। वही पाकिस्तान की हवा से बचाव प्रणाली एयर डिफेंस और चीन की एडवांस्ड एचक्यू-9 मिसाइलें लोरा के लिए चुनौती हैं। आईएएफ की ऊंची ट्रैजेक्ट्री और गति इसे इन सिस्टमों से बचाने में मदद करेगी।

### रेंज और ट्रैजेक्ट्री

*ब्रह्मोस एक लो-ऑल्टिट्यूड क्रूज मिसाइल है जो समुद्र तल के करीब उड़ती है जिससे यह दुश्मन की एयर डिफेंस को भेदने में सक्षम है। लोरा एक क्वासी-बैलिस्टिक मिसाइल है जो ऊंचाई से लॉंच होती है और एक लोफ्टेड ;ऊपर की ओर ट्रैजेक्ट्री अपनाती है। यह दुश्मन के रडार को चकमा देने में मदद करती है 430 किमी तक गहरे हमले कर सकती है। ब्रह्मोस को सु-30 एमकेआई पर एक विशेष मॉड ;संशोधन के साथ लॉन्च किया जाता है जो सीमित संख्या में ही संभव है 'लोरा ' को मौजूदा सु-30 एमकेआई विमानों में आसानी से एकीकृत किया जा सकता है ।*

### ब्रह्मोस से क्यों अलग 'लोरा'

भारत के पास पहले से ब्रह्मोस मिसाइल है जो एक सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल है 290.450 किमी ;नवीनतम वर्जन की रेंज के साथ मैक 2.8.3 की गति से उड़ती है फिर लोरा की जरूरत क्यों पड़ी। इसका जवाब इन अंतरों में है।

## नौसेना के विशाखापत्तनम स्थित डॉकयार्ड में आयोजित किया जाएगा भव्य समारोह

*एचएसएल ने स्वदेशी रूप से डिजाइन के साथ किया है युद्धपोत का निर्माण*

# 18 जुलाई को रक्षा मंत्री की मौजूदगी में नौसेना में शामिल होगा निस्तार युद्धपोत

**हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली**

विशेष श्रेणी का पहला गोताखोरी सहायता पोत (डीएसवी) निस्तार अगले सप्ताह 18 जुलाई 2025 को नौसेना के जंगी बेड़े में आधिकारिक रूप से शामिल किया जाएगा। इस दौरान विशाखापत्तनम स्थित नौसैन्य डॉकयार्ड में आयोजित किए जाने वाले एक महत्वपूर्ण समारोह में खुद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह विशेष तौर पर मौजूद रहेंगे। युद्धपोत को हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड (एचएसएल) ने स्वदेश में ही डिजाइन के साथ विकसित किया है। बीते दिनों एचएसएल ने निस्तार को नौसेना को सौंपा था। रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को एक बयान के जरिए यह जानकारी दी। जिसमें बताया कि एक बार युद्धपोत के नौसेना में शामिल हो जाने के बाद इसे गहरे समुद्र में गोताखोरी और पनडुब्बी बचाव कार्यों में सहायता प्रदान करने के लिए पूर्वी नौसैन्य कमांड में तैनात किया जाएगा।



### युद्धपोत निर्माण में लगी 120 एमएसएमई

*मंत्रालय ने बताया कि निस्तार केंद्र सरकार के उस दृढ़ विश्वास का प्रमाण है। जिसके जरिए रक्षा उत्पादन में स्वायत्तता और आत्मनिर्भरता पर ध्यान केंद्रित किया जाता है। चूंकि यह युद्धपोत देश के अंदर निर्मित है और इसके निर्माण में कुल 120 सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों ने भाग लिया है। इसमें लगाई गई 80 फीसदी से अधिक सामग्री स्वदेशी है। परियोजना को रक्षा मंत्रालय ने जटिल स्वदेशी जहाजों के डिजाइन और निर्माण के नौसेना के दृष्टिकोण को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में परिभाषित किया है।*

### पूर्व अवतार में यूएसएसआर से लिया निस्तार

*अपने पूर्व अवतार में निस्तार एक पनडुब्बी बचाव पोत था। जिसे भारतीय नौसेना ने वर्ष 1969 में तत्कालीन सोवियत संघ (यूएसएसआर) से प्राप्त किया था। इसके तीन साल बाद 1971 में इसे बल में कमीशन किया गया था। दो दशकों तक निस्तार ने भारतीय नौसेना के गोताखोरी और पनडुब्बी बचाव कार्यों में अहम योगदान दिया। अब निस्तार के एक नए अवतार के साथ अपनी देशसेवा की पुरानी विरासत को आगे बढ़ाएगा। जिसका आदर्श वाक्य सुरक्षित यथार्थ शौर्यम् है। इसका अर्थ सटीकता और बहादुरी के साथ बचाव है।*

### युद्धपोत में ऑपरेशन थियेटर, गहन चिकित्सा इकाई

*मंत्रालय ने कहा कि 120 मीटर लंबाई और लगभग 10 हजार टन से अधिक भार विस्थापन क्षमता वाले निस्तार में कई और खूबियां भी हैं। जिनमें विशाल डाइविंग कॉम्प्लेक्स, रिमोटली आपरेटेड व्हीकल्स, साइड स्कैन सोनार मौजूद है। इसके अलावा ऑपरेशन थियेटर, गहन चिकित्सा इकाई, आठ बिस्तरों वाला अस्पताल और हाइपरबेरिक चिकित्सा सुविधाएं भी इसमें मौजूद हैं। जो इसकी परिचालन क्षमताओं को कई गुना बढ़ाती हैं।*

# जोकोविच ने रचा इतिहास, सेमीफाइनल में जगह बनाने के साथ फेडरर का रिकॉर्ड किया ध्वस्त

एजेंसी ▶▶| लंदन

नोवाक जोकोविच ने विंबलडन 2025 में इतिहास रच दिया है। उन्होंने सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की करने के साथ ही रोजर फेडरर के एक बड़े रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। इटली के फ्लेवियो कोबोली को चार सेटों के कड़े मुकाबले में 6-7 (6/8), 6-2, 7-5, 6-4 से हराकर, जोकोविच ने 14वीं बार विंबलडन के पुरुष एकल सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इससे पहले वे फेडरर के 13 सेमीफाइनल के रिकॉर्ड की बराबरी पर थे।

इसके साथ ही, यह जोकोविच का 52वां ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल है, जो पुरुष टेनिस में उनका अपना ही रिकॉर्ड है। यह उन्हें ओपन एरा में सबसे अधिक ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए क्रिस एवर्ट के रिकॉर्ड की बराबरी पर भी लाता है। 38 वर्षीय सर्बियाई स्टार अब अपने 25वें ग्रैंड स्लैम खिताब की तलाश में हैं और सेमीफाइनल में उनका मुकाबला दुनिया के नंबर 1 खिलाड़ी जानिक सिनर से होगा।

### विंबलडन के मेंस सेमीफाइनल में सबसे ज्यादा बार पहुंचने वाले खिलाड़ी

1 नोवाक जोकोविच ने सबसे ज्यादा 14 बार (2007, 2010, 2011, 2012, 2013, 2014, 2015, 2018, 2019, 2021, 2022, 2023, 2024, 2025 ) विंबलडन के सेमीफाइनल में जगह बनाई है।

2 रोजर फेडरर ने 13 बार (2003, 2004, 2005, 2006, 2007, 2008, 2009, 2012, 2014, 2015, 2016, 2017, 2019) सेमीफाइनल में जगह बनाई थी।

3 जिमी कॉनर्स तीसरे नंबर पर हैं जिन्होंने (1974, 1975, 1977, 1978, 1979, 1980, 1981, 1982, 1984, 1985, 1987) 11 बार सेमीफाइनल में पहुंचे थे।



### क्वार्टर फाइनल में कोबोली को दी मात

*क्वार्टर फाइनल में फ्लेवियो कोबोली ने पहला सेट जीतने में कामयाबी हासिल की लेकिन जोकोविच ने शानदार वापसी करते हुए मुकाबला अपने नाम किया। उन्होंने 6-7 (6), 6-2, 7-5, 6-4 से फ्लेवियो कोबोली को हराया। इससे पहले मुकाबले में भी जोकोविच ने कुछ इसी तरह से जीत अपने नाम की। उन्होंने आखिरी-16 के मुकाबले में एलेक्स डी मिनौर से पहला सेट हारने के बाद बेहतरीन वापसी करते हुए क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई थी। सेमीफाइनल में जोकोविच का मुकाबला 23 साल के जैनिक सिनर से होगा। छठी रैंकिंग वाले जोकोविच ने जल्दी ब्रेक लेकर बढ़त बनाई, लेकिन कोबोली ने वापसी करते हुए स्कोर बराबर कर दिया और मुकाबला टाईब्रेक तक पहुंचा। टाईब्रेक में 23 वर्षीय कोबोली ने 3-1 की बढ़त ली और जोकोविच की वापसी के बाद स्कोर 6-6 होने पर भी सेट अपने नाम लिया। दूसरे सेट में जोकोविच ने जोरदार वापसी की और दो बार कोबोली की सर्विस तोड़ते हुए आसानी से सेट जीत लिया और मैच बराबर कर दिया। तीसरा सेट काफी कड़ा रहा। लेकिन जोकोविच ने आखिर में एक अहम ब्रेक लेकर 7-5 से ये सेट भी अपने नाम कर लिया। चौथे सेट में भी वही कहानी दोहराई गई। जोकोविच ने 5-4 की बढ़त बनाई थी और मैच जीतने के लिए सर्विस करने आए। उन्होंने 40-15 पर दो मैच पॉइंट हासिल किए, लेकिन कोबोली ने दोनों बचा लिए, एक तो उस वक्त जब जोकोविच कोर्ट पर फिसल गए थे। इसके बाद जोकोविच ने खुद को संभाला और आखिरकार मैच जीत लिया। नोवाक जोकोविच ने मैच में 39 बेहतरीन शॉट लगाए, जबकि कोबोली ने 51 विनर्स मारे। जोकोविच की पहली सर्विस पर सफलता दर 75 प्रतिशत रही, यानी जब उन्होंने पहली सर्विस डाली, ज्यादातर बार उन्होंने पॉइंट जीता।*

## खबर संक्षेप



### आज से इंडियन ओपन पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप

**बेंगलुरु।** दो बार के पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी सुमित अंतिल शुक्रवार से कांतीरावा स्टेडियम में शुरू हो रही इंडियन ओपन पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में मुख्य आकर्षण होंगे। यह सितंबर में होने वाली विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए अंतिम क्वालीफाइंग प्रतियोगिता है। इस दो दिवसीय चैंपियनशिप में भारत के 262 खिलाड़ी भाग लेंगे, जो नई दिल्ली में होने वाली विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने के लिए खिलाड़ियों के पास आखिरी मौका होगा। भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) के अध्यक्ष देवेंद्र झाझरिया ने कहा, 'मैं प्रत्येक एथलीट को शुभकामनाएं देता हूं और उनकी अद्भुत प्रतिभा को देखने के लिए उत्सुक हूं।'

### 19 नवंबर से लीजेंड्स लीग क्रिकेट

**नई दिल्ली।** संन्यास ले चुके क्रिकेटरों की फ्रेंचाइजी आधारित टी 20 प्रतियोगिता लीजेंड्स लीग क्रिकेट का चौथा सत्र 19 नवंबर से 13 दिसंबर तक भारत के विभिन्न शहरों में आयोजित किया जाएगा।



लीग के चेयरमैन विवेक खुशालानी ने कहा, 'हमें लीजेंड्स लीग क्रिकेट के चौथे सत्र की घोषणा करते हुए बेहद खुशी हो रही है। इस साल, हम ज्यादा मैचों, ज्यादा आयोजन स्थलों और दिग्गज खिलाड़ियों के बड़े पूल के साथ इसे अधिक आकर्षक बना रहे हैं।' यह टूर्नामेंट कई शहरों में आयोजित किया जाएगा। आने वाले हफ्तों में आयोजन स्थलों और कार्यक्रम के साथ ही टीमों की संरचना और प्रमुख खिलाड़ियों की घोषणा भी की जाएगी। इस टूर्नामेंट के पिछले सत्र में शिखर धवन, सुरेश रैना, आरोन फिंच, मार्टिन गुप्टिल, गौतम गंभीर, क्रिस गेल, हाशिम अमला और रॉस टेलर जैसे खिलाड़ियों ने भाग लिया था।

### नई दिल्ली में होगी 2 निशानेबाजी प्रतियोगिता

**म्यूनिख।** अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) ने अपनी कार्यकारी समिति की बैठक के दौरान नई दिल्ली को दो बड़ी



प्रतियोगिताओं 2027 में संयुक्त विश्व कप और 2028 में जूनियर विश्व चैंपियनशिप की मेजबानी सौंपी। महत्वपूर्ण 2026-27 सत्र के कैलेंडर की घोषणा करते हुए आईएसएसएफ ने कहा कि इस साल सितंबर-अक्टूबर में जूनियर विश्व कप (राइफल/पिस्टल/शॉटगन) का आयोजन करने वाला नई दिल्ली अगले साल तीनों वर्ग में प्रतिष्ठित विश्व कप चरण की मेजबानी करेगा, जिसकी तारीखों की घोषणा उचित समय पर की जाएगी। नई दिल्ली स्थित कर्णी सिंह रेंज ने पिछले साल अक्टूबर में सत्र के अंत में होने वाले एलीट विश्व कप फाइनल की भी मेजबानी की थी।

## तीसरा टेस्ट : जसप्रीत बुमराह को एकादश में किया शामिल

# लॉड्र्स में रेड्डी को मिली बड़ी कामयाबी पहले ही ओवर में झटके दो विकेट

एजेंसी ▶▶| लंदन

लॉड्र्स के ऐतिहासिक मैदान में नीतीश कुमार रेड्डी ने टेस्ट करियर की शानदार शुरुआत करते हुए अपने पहले ही ओवर में दो विकेट झटके। उनसे पहले इरफान पठान ने 2006 में कराची टेस्ट में पाकिस्तान के खिलाफ अपने पहले ओवर में हैट्रिक ली थी। अब 2025 में नीतीश कुमार रेड्डी ने इंग्लैंड के खिलाफ लॉड्र्स में यह उपलब्धि हासिल की।

लॉड्र्स में हो रहे भारत और इंग्लैंड के तीसरे टेस्ट मैच में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड के लिए जैक क्रॉली और बेन डकेट की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 43 रन जोड़े। नीतीश कुमार रेड्डी ने अपने पहले ही ओवर में बेन डकेट (23) को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद रेड्डी ने एक बार फिर बेहतरीन गेंदबाजी का नमूना पेश करते हुए इसी ओवर की आखिर गेंद पर जैक क्रॉली (18) को भी पंत के हाथों आउट कर भारत को एक ही ओवर में दोहरी सफलता दिलाई।

भारत ने एकमात्र बदलाव करते हुए प्रसिद्ध कृष्णा की जगह जसप्रीत बुमराह को एकादश में शामिल किया। कप्तान शुभमन गिल ने जसप्रीत बुमराह और एजबेस्टन में मैच में 10 विकेट लेने वाले आकाश दीप को नई गेंद सौंपी। गिल ने पहले घंटे के बाद नर्सरी एंड से रेड्डी को गेंद थमाई और उन्होंने निराश नहीं किया। पहला विकेट भाग्य के सहारे मिला जब डकेट ने लेग साइड के बाहर की शॉर्ट गेंद पर विकेटकीपर ऋषभ पंत को कैच थमा दिया। ओली पोप अगली ही गेंद पर आउट हो सकते थे लेकिन गिल गली में मुश्किल कैच लपकने में नाकाम रहे। ओवर की आखिरी गेंद पर क्रॉली का विकेट गिरा। रेड्डी की पिच होने के बाद बाहर की ओर सीम करती हुई गेंद क्रॉली के बल्ले का किनारा लेकर विकेटकीपर के दस्तानों में चली गई।



### चोटिल पंत की जगह जुरेल विकेटकीपिंग के लिए आए



भारतीय विकेटकीपर ऋषभ पंत गुरुवार को इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच के पहले दिन दूसरे सत्र के खेल के दौरान बाएं हाथ में चोट लगने के बाद मैदान से बाहर चले गए। पंत की जगह ध्रुव जुरेल को मैदान पर भेजा गया जबकि वह तीसरे टेस्ट के लिए अंतिम एकादश में भी शामिल नहीं थे। भारतीय उप कप्तान पंत को मैदान में दिए गए उपचार के बाद कोई फायदा नहीं हुआ, जिसके बाद जुरेल मैदान में उतरे। पारी के 34वें ओवर में जसप्रीत बुमराह की गेंद को लेग साइड में रोकने के लिए डाइव लगाने के बाद पंत दर्द से कराह रहे थे। पंत गेंद पर हाथ लगाने में कामयाब रहे लेकिन इसे पूरी तरह से रोक नहीं पाए। इसके बाद खेल कुछ देर के लिए रुका रहा क्योंकि भारतीय सहयोगी स्टाफ पंत के हाथ का उपचार करने के लिए मैदान में थे। लेकिन खेल फिर से शुरू होने पर वह विकेटकीपिंग करने में असमर्थ हो गए। अंत में बुमराह का ओवर समाप्त होने के बाद पंत मैदान से बाहर चले गए और जुरेल ने विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी संभाली।

## हॉकी क्लब ओरांजे रूड

# भारत का शानदार प्रदर्शन, आयरलैंड को लगातार दूसरी बार हराया



एजेंसी ▶▶| आइंडहोवन (नीदरलैंड)

भारत ए पुरुष हॉकी टीम ने यूरोपीय दौरे पर अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए हॉकी क्लब ओरांजे रूड में आयरलैंड को 6-0 से करारी शिकस्त दी। यह भारत ए की आयरलैंड के खिलाफ लगातार दूसरी जीत है, जिसे उसने दौरे के पहले मैच में 6-1 से हराया था।

उत्तम सिंह ने भारत ए के लिए पहला गोल किया, जिसके बाद कप्तान संजय ने स्कोर 2-0 कर दिया। इसके बाद मिडफील्डर मोहम्मद राहील मौसीन ने लगातार दो गोल दागे। अमनदीप लाकड़ा और वरुण कुमार ने एक-एक गोल किया। भारतीय टीम का अगला मुकाबला शनिवार को फ्रांस से होगा। भारतीय कोच शिवेन्द्र सिंह ने कहा कि टीम आयरलैंड के खिलाफ किए गए शानदार प्रदर्शन को फ्रांस के खिलाफ होने वाले मैच में भी जारी रखना चाहेगी।

उन्होंने कहा, 'आयरलैंड के खिलाफ हमारे दो मैच वाकई अच्छे रहे हैं और मैं खिलाड़ियों के प्रदर्शन से खुश हूं। अब हमारा सामना फ्रांस से होगा और मुझे उम्मीद है कि हमारी टीम अपना प्रभावशाली प्रदर्शन जारी रखेगी।' आयरलैंड और फ्रांस के अलावा भारत दो सप्ताह के अपने यूरोपीय दौरे में इंग्लैंड, बेल्जियम और मेजबान नीदरलैंड के खिलाफ भी खेलेगा।

### राष्ट्रीय कोचिंग शिविर 14 से, 33 खिलाड़ियों की घोषणा

बेंगलुरु। हॉकी इंडिया ने गुरुवार को 14 जुलाई से 7 अगस्त तक साई केंद्र में आयोजित होने वाले सीनियर पुरुष राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए 33 सदस्यीय संभावित खिलाड़ियों की घोषणा की। यह शिविर भारतीय टीम के लिए बेहद महत्वपूर्ण है क्योंकि वह दो बड़े अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों (ऑस्ट्रेलिया दौरे और 29 अगस्त से 7 सितंबर तक राजगीर में होने वाले हीरो एशिया कप) की तैयारी कर रही है। एशिया कप का विजेता अगले साल 14 से 30 अगस्त तक बेल्जियम और नीदरलैंड की संयुक्त मेजबानी में होने वाले एफआईएच पुरुष विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफाई करेगा।

## क्लब विश्व कप

# पीएसजी ने किया फाइनल में प्रवेश रियाल मैड्रिड को दी करारी शिकस्त

- फैबियान रुइज के दो गोल की मदद से बनाई बढ़त
- रविवार को फाइनल में चेल्सी से होगा सामना



एजेंसी ▶▶| ईस्ट रदरफोर्ड (अमेरिका)

चैंपियंस लीग के चैंपियन पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए फैबियान रुइज के दो गोल की मदद से पहले 24 मिनट में तीन गोल की बढ़त बनाकर रियाल मैड्रिड को 4-0 से करारी शिकस्त देकर क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया, जहां उसका सामना चेल्सी से होगा।

रुइज़ ने छठे मिनट में और ओसमान डेम्बेले ने नौवें मिनट में डिफेंडर राउल असेंशियो और एंटोनियो रुडिगर की गलतियों का फायदा उठाकर गोल दागे। इसके बाद 24वें मिनट में रुइज ने जवाबी हमले में स्कोर 3-0 कर दिया। पीएसजी की तरफ से गोंकालो रामोस ने 87वें मिनट में एक और गोल किया। रियाल के किलियन एमबाप्पे अपनी पूर्व टीम के खिलाफ पहले मैच में किसी भी समय खास चुनौती पेश नहीं कर पाए।

अपना पहला यूरोपीय खिताब जीतने के बाद पीएसजी अब रविवार को होने वाले फाइनल में विश्व चैंपियन बनने के लिए मैदान पर कदम रखेगा। पीएसजी की रियाल मैड्रिड पर इस बड़ी जीत ने चैंपियंस लीग के फाइनल की याद भी ताजा कर दी। उसने तब इंटर मिलान को 5-0 से हराया था।

### अंडर-20 महिला फुटबॉल : 13 और 16 जुलाई को भारत और उज्बेकिस्तान के बीच मैच

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने कहा कि भारतीय अंडर-20 महिला टीम 13 और 16 जुलाई को ताशकंद में उज्बेकिस्तान अंडर-20 टीम के खिलाफ दो मैत्री मैच खेलेगी। ये दोनों मैच म्यांमार में 6 से 10 अगस्त तक होने वाले एएफसी अंडर-20 महिला एशियाई कप 2026 क्वालीफायर के लिए टीम की तैयारियों का हिस्सा होंगे। स्वीडिश कोच जोकिम एलेक्जेंडरसन ने 24 सदस्यीय भारतीय की घोषणा की जो गुरुवार रात बेंगलुरु से रवाना होगी। टीम भी बेंगलुरु में ही तैयारी कर रही है। भारत एएफसी अंडर-20 महिला एशियाई कप क्वालीफायर में इंडोनेशिया (छह अगस्त), तुर्कमेनिस्तान (आठ अगस्त) और म्यांमार (10 अगस्त) से यंगून में भिड़ेगा। सभी 8 ग्रुप के विजेता और तीन सर्वश्रेष्ठ उपविजेता टीम अगले साल थाईलैंड में होने वाले फाइनल टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करेंगी।

### ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए कप्तानी की कमान राधा को, टिटास और श्रेयंका टीम में शामिल

**नई दिल्ली।** ऑफ स्पिनर श्रेयंका पाटिल और तेज गेंदबाज टिटास साधु को अगले महीने ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए गुरुवार को भारत ए महिला टीम में चुना गया। वहीं बाएं हाथ की स्पिनर राधा यादव टी20 अंतरराष्ट्रीय, एकदिवसीय और चार दिवसीय मुकाबले में टीम की कप्तानी करेंगी। चोटों से वापसी करने वाली श्रेयंका और टिटास को ऑस्ट्रेलियाई दौरे की टीम में शामिल किया गया, जो 7 से 24 अगस्त के बीच तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय, इतने ही वनडे और चार दिवसीय एक मैच खेलेगी।



श्रेयंका पिछले साल संयुक्त अरब अमीरात में हुए महिला टी20 विश्व कप के बाद से चोट के कारण नहीं खेल पा रही थीं। उन्हें सितंबर में महिला कैरेबियन प्रीमियर लीग (डब्ल्यूसीपीएल) में खेलने के लिए गत चैंपियन बारबाडोस रॉयल्स ने पहले ही चुन लिया है। वहीं साधु श्रीलंका में त्रिकोणीय श्रृंखला में नहीं खेली थीं और चोट के कारण अप्रैल में इंग्लैंड के मौजूदा सफेद गेंद के दौरे के लिए भी टीम में नहीं थीं।

### लॉड्र्स के एमसीसी संग्रहालय में लगा सचिन का पोर्ट्रेट

**लंदन।** भारत और इंग्लैंड के बीच तीसरे टेस्ट मैच की शुरुआत से पहले गुरुवार को लॉड्र्स के एमसीसी (मेरिलबोन क्रिकेट क्लब) संग्रहालय में बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के चित्र (पोर्ट्रेट) का अनावरण किया गया। यह पोर्ट्रेट स्टुअर्ट पियर्सन राइट ने 18 वर्ष पहले अपने घर पर ली गई एक तस्वीर से बनाया है। यह पोर्ट्रेट इस वर्ष के अंत तक एमसीसी संग्रहालय में रहेगा और उसके बाद इसे पवेलियन में लगाया जाएगा। 'जैसे-जैसे काम आगे बढ़ा, पियर्सन राइट का दृष्टिकोण भी बदलता गया और अंततः घिसे हुए एल्युमीनियम पर तेल की चित्रकारी के साथ यह समाप्त हुआ। इसमें अमूर्त पृष्ठभूमि तेंदुलकर की कालातीतता को दर्शाती है, जो किसी युग तक सीमित नहीं है।' पियर्सन राइट ने इससे पहले कपिल देव, बिशन सिंह बेदी और दिलीप वेंगसरकर के चित्र बनाए हैं। तेंदुलकर ने कहा, 'यह बहुत बड़ा सम्मान है। भारत ने जब 1983 में विश्व कप जीता था, तब लॉड्र्स से मेरा पहला परिचय हुआ था।' उन्होंने कहा, 'मैंने हमारे कप्तान कपिल देव को ट्रॉफी उठाते देखा। उस पल ने क्रिकेट में मेरे सफर को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आज जब पवेलियन में मेरा पोर्ट्रेट लगाया गया है, तो ऐसा लग रहा है जैसे मेरा सफर पूरा हो गया हो। जब मैं अपने करियर के बारे में सोचता हूं तो मेरे चेहरे पर मुस्कान आ जाती है। यह वाकई खास है।' विज्ञप्ति में कहा गया है, ''लॉन्ग रूम गैलरी खेल जगत की सबसे पुरानी और सबसे प्रतिष्ठित गैलरी है।



## भारत ने 5 मैचों की श्रृंखला में 3-1 की बनाई अजेय बढ़त

# महिला टी20 : विदेशी धरती पर लहराया भारत का परचम

एजेंसी ▶▶| मैनचेस्टर

भारत ने अपने स्पिनरों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत चौथे मैच में छह विकेट से जीत हासिल कर इंग्लैंड के खिलाफ पहली बार महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला जीतकर नया इतिहास रचा। इस जीत के साथ भारत ने पांच मैचों की श्रृंखला में 3-1 की अजेय बढ़त बना ली है। अंतिम मैच शनिवार को बर्मिंघम में खेला जाएगा।

भारत ने 2006 में डर्बी में खेले गए एकमात्र टी-20 मैच में इंग्लैंड को हराया था। उसके बाद से भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू और विदेशी धरती पर खेली गई प्रत्येक महिला टी-20 श्रृंखला में हारती रही थी। बुधवार की रात को खेले गए मैच में भारत की शानदार जीत में स्पिन गेंदबाजों ने अहम भूमिका निभाई।



### जीत में स्पिन गेंदबाजों ने अहम भूमिका

राधा यादव (2/15), श्री चरणी (2/30) और दीप्ति शर्मा (1/29) ने मिलकर पांच विकेट लिए और मेजबान टीम को 7 विकेट पर 126 रन पर रोक दिया। इसके बाद सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा (32) और स्मृति मंधाना (31) ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए पहले विकेट के लिए 56 रन की साझेदारी करके जीत की नींव रखी। भारतीय टीम ने 17 ओवर में चार विकेट पर 127 रन बनाकर 18 गेंद शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। भारत के लिए यह जीत इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप अगले साल इंग्लैंड में खेला जाएगा और इससे उसे यहां की परिस्थितियों के अनुकूल ढलने में मदद मिलेगी।

### रणनीति पर अच्छी तरह से अमल किया

भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने मैच के बाद कहा, 'हमें बहुत खुशी है कि हम यहां श्रृंखला जीतने में सफल रहे। जिस तरह से हमने इस श्रृंखला में प्रदर्शन किया उससे मुझे अपनी टीम पर गर्व है। लय हासिल करना बहुत महत्वपूर्ण था और जिस तरह से प्रत्येक खिलाड़ी में अपना योगदान दिया उससे मैं बहुत खुश हूं।' उन्होंने कहा, 'इंग्लैंड दौरे पर आने से पहले हमने भारत में अभ्यास शिविर में भाग लिया था। हमने अपनी रणनीति पर काम किया था और यहां उस पर अच्छी तरह से अमल किया। हर किसी को अपनी भूमिका पता थी और उसी के अनुसार हमने खेला।' भारत ने इस श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन किया है। उसने पहले मैच में इंग्लैंड को रिकॉर्ड 97 रन से करारी शिकस्त दी थी और फिर ब्रिस्टल में 24 रन से जीत हासिल की, जो इंग्लैंड की महिला टीम की सबसे छोटे प्रारूप में इस मैदान पर पहली पराजय थी। भारतीय टीम तीसरे मैच में पांच रन से हार गई थी। पहले बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड की टीम शुरूआत में ही दबाव में आ गई। भारतीय स्पिनरों राधा और दीप्ति ने पावरप्ले के अंदर ही दोनों सलामी बल्लेबाजों को आउट कर दिया।




# कुख्यात बदमाश सोनू एंजिल को धरदबोचा

## गिरफ्तारी के समय पुलिस पर हमला करने की कोशिश, पुलिस ने निकाला जूलूस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कमला नगर पुलिस ने हत्या के प्रयास के एक आरोपी सोनू एंजिल को शाहपुरा से गिरफ्तार किया है। हत्या के प्रयास के मामले में आरोपी 6 महीने से फरार था। सूचना मिलने पर गिरफ्तार करने पहुंची पुलिस पार्टी पर आरोपी ने हमला करने की कोशिश की।

हालांकि पर्याप्त पुलिसबल होने के कारण वह पुलिस पार्टी पर हमला करने में असफल हो गया। पुलिस ने कोर्ट में पेश करने से पहले आरोपी का सार्वजनिक स्थलों से जुलूस निकाला, ताकि आरोपी का आमजन में भय कम हो सके।



### वारदात को अंजाम देने की फिराक में था आरोपी

*पुलिस ने कई बार उनके घर व संभावित ठिकानों पर दबिश दी, लेकिन उनका सुराग नहीं लग सका। इसी तारतम्य में विगत 9 जुलाई को सूचना मिली कि आरोपी सोनू एंजिल त्रिलंगा शाहपुरा स्थित मॉल के पास घूम रहा है। संभवतः वह किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। सूचना मिलते ही करीब आधा दर्जन पुलिसकर्मियों ने घेराबंदी कर आरोपी को हिरासत में लेना चाहा, लेकिन आरोपी ने पुलिसकर्मियों के साथ झूमाझटकी कर गिरफ्तार का विरोध किया। लोगों का कहना है कि यदि अधिक संख्या में पुलिसकर्मी मौके पर न होती तो आरोपी हमला करने में कामयाब हो जाता था। आरोपी सोनू एंजिल उर्फ तरुण पाल सिंह उर्फ जितेन्द्र सिंह (35) निवासी कान्हाकुंज कोलार को गुरुवार को कोर्ट में पेश किया गया। पुलिस का कहना है कि प्रकरण के दूसरे आरोपी मयूर की गिरफ्तारी के लिए आरोपी सोनू एंजिल से पूछताछ की गई।*

### हत्या के प्रयास के मामले में था आरोपी

पुलिस ने बताया कि अंबेडकर नगर निवासी प्रशांत डोंगरे ने विगत 18 जनवरी 2025 को रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि दोपहर करीब साढ़े 12 बजे बदमाश सोनू एंजिल व मयूर ने पुरानी रंजिश के चलते उस पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला किया। पुलिस ने हत्या का प्रयास का प्रकरण दर्ज कर गंभीर रूप से घायल प्रशांत को अस्पताल में भर्ती कराया था।

### गौरवी सखी सेंटर को सौंपा

# माता-पिता की डांट से नाराज होकर ट्रेन में बैठ गई लड़कियां, आरपीएफ ने किया रेस्क्यू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दिल्ली से भागी 3 लड़कियां ट्रेन में बैठकर भोपाल पहुंच गई। उन्हें भोपाल आरपीएफ की टीम ने रेस्क्यू किया और फिर गौरवी सखी को सौंप दिया।

लड़कियों ने बताया कि वे माता-पिता की डांट से नाराज होकर किसी ट्रेन में बैठ गई और भोपाल आ गई। मंडल रेल प्रबंधक देवाशीष त्रिपाठी के मार्गदर्शन में 'ऑपरेशन नन्हें फरिश्ते' चलाया जा रहा है। इसके तहत आरपीएफ ने तीनों का रेस्क्यू किया।

### मोबाइल नंबर लेकर परिजनों से किया संपर्क

भोपाल रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर-1 पर एएसआई राघवेंद्र सिंह नियमित गश्त के दौरान ड्यूटी पर तैनात थे। इस दौरान उन्होंने तीन नाबालिग लड़कियों को डरी-सहमी अवस्था में बैठे हुए पाया। तत्काल उन्होंने महिला आरक्षक उमा पटेल को बुलाकर लड़कियों को सांत्वना दी और बातचीत का प्रयास किया। साथ ही लड़कियों द्वारा दिए गए मोबाइल नंबर पर उनके परिजनों से संपर्क कर स्थिति से अवगत कराया। आगे की कार्रवाई के अंतर्गत आरक्षक उमा एवं प्रभारी आरक्षक राकेश कुमार ने तीनों लड़कियों का सामान्य चिकित्सकीय परीक्षण कराकर उन्हें गौरवी सखी सेंटर के सुपुर्द किया। परिजनों के आने के बाद लड़कियां वहीं रहेगी।

# ईडी ने ईपीएफओ के पूर्व अफसर की 50 लाख से अधिक कीमत की प्रॉपर्टी कुर्क की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की भोपाल टीम ने कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के रिटायर्ड अधिकारी श्यामलाल अखंड की 50.80 लाख मूल्य की अचल संपत्ति को कुर्क कर लिया है। यह कार्रवाई धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत की है, जो आय से अधिक संपत्ति के छह साल पुराने मामले की एफआईआर से जुड़ी है।

ईडी से मिली जानकारी के अनुसार कुर्क की गई संपत्तियों में उज्जैन जिले के नालवा गांव में स्थित खेती की जमीन और इंदौर के एमरॉल्ड सिटी स्थित एक प्लॉट शामिल है।

उज्जैन की जमीन श्यामलाल अखंड की पत्नी और बेटे के नाम पर संयुक्त रूप से दर्ज है, जबकि इंदौर जिले के सांवेर तहसील के ग्राम जखिया स्थित एमरॉल्ड सिटी का प्लॉट श्यामलाल अखंड के नाम पर ही पंजीकृत है। अखंड पर 2009 से 2019 के दौरान ईपीएफओ में प्रवर्तन अधिकारी के पद पर रहते हुए अपने आधिकारिक पद के दुरुपयोग के गंभीर आरोप हैं। जांच में पाया गया कि उन्होंने अपनी ज्ञात आय से कहीं अधिक अवैध संपत्ति अर्जित की। ईडी के अनुसार अखंड रिश्वत लेने और भ्रष्टाचार में लिप्त थे और उन्होंने अवैध तरीके से कमाए गए धन से अपने और अपने परिवार के नाम पर अचल संपत्तियां खरीदीं।

ईडी की जांच के दौरान जब उनसे आय के स्त्रोतों के बारे में पूछा तो उन्होंने इसे अपने वेतन, किराये की आय, कृषि आय और अपनी पत्नी के व्यवसाय से मिली राशि से अर्जित संपत्ति होने का दावा किया। हालांकि वह अपनी पत्नी की आय को साबित करने के लिए कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाए।

इसके अलावा उनके परिवार के बैंक खातों में भी बड़ी मात्रा में नकदी जमा पाई गई। ईडी ने यह जांच अफसर के खिलाफ सीबीआई और एसीबी भोपाल द्वारा दर्ज की गई दो एफआईआर के आधार पर शुरू की थी। इनमें से एक एफआईआर रिश्वत लेने से संबंधित है, जबकि दूसरी आय के ज्ञात स्त्रोतों से अधिक संपत्ति रखने के आरोप में दर्ज की गई है।

# आरक्षक भर्ती परीक्षा 2023 में चयनित 2 हजार अभ्यर्थियों ने नहीं कराया दस्तावेजों का सत्यापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पुलिस भर्ती आरक्षक परीक्षा 2023 को लेकर पिछले दिनों ईएसबी ने 6420 चयनित उम्मीदवारों की सूची जारी की थी, लेकिन अभी तक इसमें 2 हजार अभ्यर्थियों ने अपने दस्तावेजों का सत्यापन नहीं कराया और न ही ज्वाइनिंग दी। इसकी समय सीमा भी निकल चुकी है। जिन अभ्यर्थियों ने ज्वॉइनिंग दी है, उनका प्रशिक्षण भी शुरू होने वाला है।

अब विभाग ने ऐसे अभ्यर्थियों को संदेह के दायरे में रखा है, जो अभी तक नहीं आए। यह इसलिए क्योंकि पुलिस भर्ती आरक्षक परीक्षा 2023 में आधार अपडेशन में फर्जीवाड़ा सामने आ चुका है। इसको लेकर 10 जिलों में 32 एफआईआर दर्ज की गई थी। वहीं डेढ़ दर्जन से अधिक अभ्यर्थियों की गिरफ्तारी भी की गई थी। इसमें ऐसे अभ्यर्थी शामिल हैं, जिन्होंने अपने स्थान पर दूसरे को बैठाया। साथ ही जिनके आधार अपडेशन में गड़बड़ी पाई गई। अभी इसमें आरोपियों की संख्या बढ़ सकती है। पुलिस की जांच जारी है। इस पूरे फर्जीवाड़े की जांच में साइबर सेल की मदद भी ली जा रही है। जिन अभ्यर्थियों ने चयनित होने के बाद भी ज्वॉइनिंग नहीं दी, उनको विभाग ने बार-बार रिमाइंडर भी भेजा, इसके बाद भी न तो उन्होंने विभाग से संपर्क किया और न ही इस संबंध में कोई जवाब दिया। अब सवाल यह उठ रहा है कि चयनित होने के बाद भी उन्होनें अपने दस्तावेजों का सत्यापन क्यों नहीं कराया है।

# सिविल अस्पताल में सांप ने नर्स को काटा

## अस्पताल के एक कमरे में छिप गया था सांप, भर्ती मरीजों में फैली दहशत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बुदनी

बुदनी में सिविल अस्पताल की एक स्टाफ नर्स को सांप ने काट लिया। जब इस बात की भनक मरीजों को लगी तो अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

जानकारी के अनुसार, गुरुवार को करीब 1 बजे ड्यूटी पर तैनात नर्स अंबिका सक्सेना प्रसूति गृह से वार्ड की ओर जा रही थीं। इस दौरान परिसर में फर्श पर बैठे सांप पर उनका पैर पड़ गया। इस पर सांप ने



उन्हें पैर में काट लिया। नर्स की चीख पुकार और अस्पताल में सांप होने की बात सुनकर वार्ड में हड़कंप मच गया। वहां भर्ती मरीजों में दहशत फैल गई। सांप काटने के बाद स्टोर रूम की ओर चला गया। अस्पताल में मौजूद स्टाफ ने सर्प विशेषज्ञ को बुलाकर सांप पकड़ने की कोशिश की, लेकिन सांप नजर नहीं आया। सुरक्षा की दृष्टि से जिस कमरे में सांप दिखा था, उसे बंद कर दिया गया है। इस मामले में बीएमओ धनजीत बड़ोदिया का कहना है कि अस्पताल परिसर में सांप निकलने की घटना सामने आई है। परिसर के आसपास सफाई करवाई जाएगी और चैनल गेट पर जाली लगाकर बंद करवा देंगे।

# 55 उप निरीक्षकों को किया इधर से उधर

**भोपाल।** पुलिस मुख्यालय ने गुरुवार रात एक सूची जारी कर 55 उप निरीक्षकों को इधर से उधर किया है। जिन उपनिरीक्षकों का तबादला किया गया है, वह एक स्थान पर 3 साल का समय पूरा कर चुके थे। स्थानांतरित हुए उपनिरीक्षक पुलिस मुख्यालय की विभिन्न शाखाओं और भोपाल इंदौर, ग्वालियर सहित अन्य जिलों के थानों में पदस्थ थे।




अधिकृत डीलरः भोपाल: साँईहीरो (डी.आई.जी. बंगला, बैरसिया रोड) 9289922685, यूनाईटेड हीरो (कोहेफिज़ा) 9289923150, वरेण्यम हीरो (प्रभात पेट्रोल पंप, रायसेन रोड 9289922466, जे.के. रोड 8959905381), बैतूल: खण्डेलवाल हीरो 9289922624, सीहोर: मंत्री हीरो (कन्हैयालाल मंत्री पेट्रोल पंप, इंदौर नाका) 9522257567, ब्यावरा: आनंद हीरो 9289922871, गुना: गगन हीरो 9289922358, अशोक नगर: आरव हीरो 9821743269, होशंगाबाद: पुण्यशिला हीरो 9289922360, हरदा: राहुल हीरो 9289922491, विदिशा: पाल हीरो 9289922379, दमोह: इण्डिया ऑटो हीरो 9289922573, सागर: सेन्ट्रल हीरो (भगवानगंज, मक्रोनिया) 9289922376, टीकमगढ़: आनंद हीरो 9289923112, छतरपुर: आनंद हीरो (झाँसी रोड 9289922374, पन्ना रोड 7389238472), ग्वालियर: तनुष्का हीरो (सिटी सेन्टर 9289922371, मुरार 4099928, कम्पू 4072000), तरन अंगद हीरो (फूलबाग 9289922483, सखियाँ विलास 2438534), भिण्ड: शिवम हीरो 9289922787, दतिया: शिव हीरो 9289923172, मुरैना: गगन हीरो 9289922678, श्योपुर: आशीष हीरो 9289922832, शिवपुरी: रघुवंशी हीरो 9289922571, इंदौर: पटवा अभिकरन हीरो (पलासिया स् क्वायर) 9289922352, वी.एन. हीरो (एयरपोर्ट रोड) 9289923061, सुखमणी हीरो (अन्नपूर्णा रोड) 9289922719, संस्कार हीरो (विजय नगर) 9289922824, सपना संगीता हीरो (भवरकुआँ) 9289923211, बड़वानी: शर्मा हीरो 9289922742, बुरहानपुर: श्रीजी हीरो 9289922372, देवास: खुराना हीरो (ए.बी. रोड 9289922488, गंगानगर 9993596392), धार: साक्षी हीरो 9289922618, हाट पिपलिया: श्रीराम हीरो 9289923154, झाबुआ: नाकोड़ा हीरो 9289922679, कुक्षी: अन्नपूर्णा हीरो 9289922749, खण्डवा: ठक्कर हीरो 9289923018, खरगोन: निमाड़ हीरो 9289922378, महू: लक्ष हीरो 9289923176, पीथमपुर: रघुवंशी हीरो 9289923047, सनावद: राजेश हीरो 9289922774, एसोशिएट डीलरः आष्टा: श्री रघुवीर मोटर्स 9893018553, 7428594671, बगदोना: आर्यन्स इन्टरप्राईज़ेज 7428594665, बरेली: श्री सूर्योदय हीरो 9826832251, 9098960970, भोपाल: मानिक मोटर्स 8827379110, बंडा: श्रुति मोटर्स, 7879573737, नसरुल्लागंज: जीवन मोटर्स 9977926838, गंजबासोदा: ध्रुव इन्टरप्राइज़ेज 9826867673, इटारसी: रेवा मोटर्स 9425630406, जतारा: शारदा माँ ऑटोमोबाईल 9111231539, करेरा: आदित्यसागर इन्टरप्राईज़ेज 9425436890, 7428492559, पिपरिया: राज मोटर्स 7576454997, नरसिंहगढ़: गुरुकृपा मोटर्स 9303416007, 7428595910, पचोर: प्रिंस ऑटोमोबाईल्स 9755131010, रायसेन: युवराज मोटर्स 7828500001, 7428595899, बीना: राहुल ऑटोमोबाईल्स 9893494971, टीकमगढ़: एस.एस. इन्टरप्राइजेज 7000242371, खरगापुर: हरिओम ऑटोमोबाईल्स 9993267954, राघोगढ़: बृजेश इंटरप्राइजेज 7999006113, श्यामपुर : गोपी मोटर्स 9111009671, लटेरी: श्याम हीरो 7748890061, जामनेर: अरुण सेल्स एंड सर्विस 9893626185, सिरोंज: प्रिया एंटरप्राइज, 9425344557, सियाराली: भयरे मोटर्स, 9981247007, टिमरनी: गंगोत्री मोटर्स, 9755101902, अम्बाह: उमा ऑटोमोबाईल्स 9329683351, डबरा: दुर्गा एजेन्सी 9926746001, पिछोर: दशमेश ऑटोमोबाइल्स 9425490424, सबलगढ़: शिवम मोटर्स 9893085461, कोलारस: भूपेंद्र इंटरप्राइजेज 9425769569, बैराड़: लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स 9893075206, बदरवास: बालाजी इंटरप्राइजेज 9893670277, गोहद: ओम साईं मोटर्स 8358994876, लहार: लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स सर्विस 9770444999, अलीराजपुर: विजय ऑटोमोबाईल्स 9993912143 अंजड़: न्यू निमाड़ मोटर्स 7428295058, बदनावर: नज़्मी ऑटोमोबाईल्स 9111841851, बेड़िया: कृष्णा मोटर्स 7428494667, बामनियां: अनुश्री ऑटोमोबाईल्स 9630703344, छनेरा: गुरुनानक मोटर्स 7428390286, बेटमा: अंकित ऑटोमोबाईल्स 9826460777, धामनोद: अमृत ऑटोमोबाईल्स 9425088316, इंदौर: गीतांजलि मोटर्स 9630099725, क्वालिटी ऑटोमोबाईल्स 8602295522, मुंडी: अभिषेक मोटर्स 7428390273, पानसेमल: हीरा ऑटोमोबाईल्स 7428494666, पेटलावद: भंडारी अभिकरन 9977287143, धरमपुरी: कृष्णा ऑटोमोबाइल 9993906745, राऊ: अवनि ऑटोमोबाईल्स 9826906983, सेंधवा: डीलक्स मोटर्स 7428295060, निवाली : श्री वल्लभ मोटर्स, 9893501517, नागदा: कांठेड़ ऑटोमोबाईल्स 9111141177, पुंजापुरा: पटेल मोटर्स 9755567226, सतवास: शिवम मोटर्स 9826088351, सिंघोट: आकाश मोटर्स 7428494665, सोनकच्छ: भारत मोटर्स 9826607753, घाटाबिल्लौद: लक्ष्मी मोटर्स 9826524005, खाचरोद: जय गणेश ऑटोमोबाईल्स 8305827074, मांगलिया: श्री साईं मोटर्स 8962460729, 8889415553, जौरा: विजयानंद मोटर्स 9754451762, साजन नगर: न्यू गीतांजलि मोटर्स, 9039593901, नेहरू नगर, भोपाल: रुद्र एंटरप्राइजेज, 9039011650,51,52,53, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) गुना: गगन हीरो 9289922358, विदिशा: पाल हीरो 9289922379, भिण्ड: शिवम् मोटर्स 9289922787, पीथमपुर: रघुवंशी हीरो 9289923047, छनेरा: गुरुनानक मोटर्स 7428390286, सारंगी: श्री मोटर्स, 9340927342 RS/Hero/07/25

हरिभूमि कम्युनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930